सूर्योदय प्रातः 5:34 | सूर्यास्त संध्या 5:58 | पखवाड़ा भाद्रपद कृ. अमावस्या, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 23°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 11 सितम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 208, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions



एक झलक

राष्ट्रपति 21 से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर

गांधीनगर : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 21 सितम्बर से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह 22 सितम्बर को नर्मदा जिले में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सान्निध्य में आयोजित होनेवाले 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता करेंगी। प्रवक्ता मंत्री जीतूभाई वाघाणी ने बताया कि राष्ट्रपति राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में शामिल होने के साथ-साथ गुजरात में आयोजित अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगी। इस समारोह में मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे

अहमदाबाद : भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे पर गुरुवार को अहमदाबाद पहुंचे। अहमदाबाद हवाई अड्डे पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी संदीप सागले, अहमदाबाद के कलेक्टर भव्य वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। गुजरात प्रवास के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त सबसे पहले साबरमती आश्रम पहुंच कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद, वह गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने के लिए ऐतिहासिक अडालज की बावड़ी का दौरा करेंगे। ज्ञानेश कुमार अहमदाबाद प्रबंधन संघ (एएमए) परिसर में प्रबुद्ध नागरिकों के साथ 'भारत में चुनावों का संचालन—विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र' विषय पर संवाद भी करेंगे।

27-28 अक्टूबर तक होगा इस्टिक 2026 का आयोजन

नयी दिल्ली : विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में आयोजित होनेवाला इस्टिक 2026 (इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, साइंस, इनोवेशन & कोलोबोरेशन समिट) का आयोजन 27 से 29 अक्टूबर तक भारत मंडपम में किया जायेगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, शोधकर्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, स्टार्टअप, नीति-निर्माता, शिक्षाविद और नवाचार से जुड़े विशेषज्ञ एक मंच पर जुटेंगे।

अंदर के पन्नों पर

3 सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई...

5 कौशिक अमावस्या पर लिलोरी स्थान में उमड़ी...

7 पंचायतों में लगेगा ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प, 12 सितम्बर...

9 हर माह 10 तारीख को डीबीटी के माध्यम से पेंशन...

10 ईशान किशन और कौनैन कुरैशी के दम पर ईस्ट जोन...

कार्टून कोना

अमेंडेड भारतनेट प्रोग्राम क्रियान्वयन की दिशा में झारखंड ने बढ़ाया महत्त्वपूर्ण कदम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में डिजिटल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (**अमेंडेड भारतनेट प्रोग्राम-एबीपी**) - भारतनेट फेज-III के लिए प्रोजेक्ट इम्प्लिमेंटेशंड सपोर्ट एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किये गये।

समझौते पर 10 सितम्बर 2026 को भारत सरकार के डिजिटल भारत निधि (डीबीएन), झारखंड सरकार तथा झारखंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेडीआईसीएल) के बीच हस्ताक्षर किये गये। भारत सरकार की ओर से डीबीएन के एडमिनिस्ट्रेटर श्यामल मिश्रा उपस्थित रहे। वहीं, झारखंड सरकार की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव पूजा सिंघल एवं निदेशक माधवी मिश्रा ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में संशोधित ● शेष पृष्ठ 11 पर

■ भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के सहयोग से 260 प्रखंडों, 4,395 ग्राम पंचायतों एवं 26,777 गैर-जीपी गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को मिलेगा विस्तार

कार्यक्रम के प्रमुख अवसंरचनात्मक एवं सेवा सम्बन्धी घटक

- 4,387 मौजूदा ग्राम पंचायतों को रिंग टॉपोलोजी में अपग्रेड किया जायेगा।
- 08 नयी ग्राम पंचायतों को रिंग टॉपोलोजी के माध्यम से जोड़ा जायेगा।
- पांच वर्षों की अवधि में 4,39,049 एफटीटीएच कनेक्शन उपलब्ध कराने का प्रावधान है।
- ग्राम पंचायतों एवं गैर-जीपी गांवों में मांग के आधार पर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी का विस्तार किया जायेगा।
- नेटवर्क की क्षमता एवं विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए मिडिल-माइल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण एवं उन्नयन किया जायेगा।
- झारखंड में स्टेट नेटवर्क ऑपरेशंस सेंटर (एसएनओसी) की स्थापना एवं संचालन किया जायेगा।
- कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए बीएसएनएल द्वारा जेडीआईसीएल को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी (पीएमसी) सहायता प्रदान की जायेगी।

अंतरिक्ष में सहयोग को प्राथमिकता दें, अल्पकालिक लाभ को नहीं : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली : अंतरिक्ष में बढ़तीं गतिविधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वैश्विक समुदाय से सहयोग, स्थिरता और समावेशन को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में कक्षाएं अधिक भीड़भाड़ वाली, प्रौद्योगिकियां अधिक शक्तिशाली और अंतरिक्ष क्षेत्र में भागीदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में दुनिया को एकाग्रता के बजाय सहयोग, अल्पकालिक लाभ के बजाय स्थिरता और बहिष्कार के बजाय समावेशन का रास्ता चुनना होगा।

प्रधानमंत्री ने पेरिस में आयोजित पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सुरक्षित, संरक्षित, शांतिपूर्ण और टिकाऊ अंतरिक्ष क्षेत्र का समर्थन करता है। यह व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग पर आधारित होनी चाहिए।

मोदी ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष दृष्टिकोण 'वसुधैव कुटुम्बकम्' यानी एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की भावना में निहित है। यह भावना अब पृथ्वी से आगे अंतरिक्ष तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष सदियों से मानव की कल्पना को प्रेरित करता रहा है, लेकिन आज इसकी प्रौद्योगिकियां पृथ्वी पर जीवन बचाने में भी मदद कर रही हैं।

मोदी ने जर्मन चांसलर मर्ज से की बातचीत

रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने पर सहमति

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-जर्मनी राजनयिक सम्बन्धों के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहरायी। बातचीत में व्यापार एवं निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी और प्रतिभाओं की आवाजाही समेत विभिन्न महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बातचीत की जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत और जर्मनी के बीच राजनयिक सम्बन्धों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी और प्रतिभाओं की आवाजाही सहित विभिन्न महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जतायी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

जलवायु और फसलों की निगरानी से लेकर महासागरों और समुदायों तक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने भारत के भविष्य के अंतरिक्ष लक्ष्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना और 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर भेजना है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों में भारत का स्पष्ट मार्गदर्शक सिद्धांत है कि अंतरिक्ष से मिलने वाले लाभ पूरी मानवता तक पहुंचने चाहिए।

मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उसने उत्कृष्टता और किफायती अंतरिक्ष अभियानों के लिए वैश्विक प्रतिष्ठा अर्जित की है। इसरो की तकनीक किसानों और मछुआरों की सहायता, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन और नौवहन जैसे क्षेत्रों में उपयोगी हो रही है। उन्होंने बताया कि 34 देशों के 430 से अधिक उपग्रह भारतीय रॉकेटों के जरिये अंतरिक्ष में भेजे जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंद्रयान-3 ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट उतरनेवाला पहला देश बनाया, जबकि आदित्य-एल1 सूर्य के रहस्यों को समझने में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष एक भारतीय ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा की।

मोदी ने भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र के तेजी से आगे बढ़ने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता की ऊर्जा इसरो की वैज्ञानिक उत्कृष्टता के साथ जुड़ रही है। फ्रांस को भारत का भरोसेमंद अंतरिक्ष साझेदार बताते हुए उन्होंने कहा कि दोनों देशों का सहयोग पृथ्वी ● शेष पृष्ठ 11 पर

आपदा प्रबंधन में अब जनहानि रोकना प्राथमिकता आपदा रोधी गांव और शहर बनायें : अमित शाह

एजेंस

नयी दिल्ली : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश के आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण और कार्यप्रणाली में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। पहले आपदा को केवल राहत और पुनर्वास के नजरिये से देखा जाता था, लेकिन अब जोखिम न्यूनीकरण, पूर्व चेतावनी प्रणाली और जनहानि रोकने के लक्ष्य के साथ देश एक नये दौर में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य आपदा रोधी गांव और आपदा रोधी शहर बनाना है और इसे प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना है।

शाह ने नयी दिल्ली में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) के संस्थान निकाय की तीसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि देश ने कई आपदाओं का सफलतापूर्वक इस तरह सामना किया है कि बड़ी जनहानि नहीं हुई। जनहानि रोकने का लक्ष्य केवल आपदा आने के बाद राहत एवं बचाव तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि आपदा को घटित होने से रोकने के उपायों पर भी ध्यान देना होगा।

गृहमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन में सरकार के सभी विभागों को मिल कर काम करने की 'सम्पूर्ण सरकार' की कार्यप्रणाली को और मजबूत करना होगा। उन्होंने सभी हितधारकों को अपने-अपने विभागों में एजेंडे के क्रियान्वयन के लिए एक केन्द्रित प्रकोष्ठ गठित करने और विभाग प्रमुखों को कम से कम तीन माह में एक बार इसकी समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, जोखिम न्यूनीकरण, लचीलापन और व्यापक राष्ट्रीय दृष्टिकोण के कारण भारत धीरे-धीरे दुनिया में आपदा प्रबंधन का आदर्श मॉडल बन रहा है। वैश्विक तापमान वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के कारण आनेवाले समय में आपदाओं की संख्या बढ़ने की सम्भावना है। विज्ञान के नये प्रयोगों से नयी तरह की आपदाएं भी सामने आ सकती हैं, जिससे ● शेष पृष्ठ 11 पर

भाजपा ने सातों मोर्चों के बनाये नये प्रभारी

नयी दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सात प्रमुख मोर्चों के नये प्रभारी नियुक्त किये हैं। महासचिव हरीश द्विवेदी को भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी को भाजपा महिला मोर्चा, राष्ट्रीय महासचिव सतीश पूनिया को अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा, महासचिव संजय भाटिया को अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैजयंत पांडा को ओबीसी मोर्चा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्या को किसान मोर्चा तथा गजेंद्र पटेल को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

दो माह में जेपीएससी अध्यक्ष और मेम्बर नियुक्त करे सरकार : उच्च न्यायालय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने सरकार को दो माह में जेपीएससी में अध्यक्ष और मेंबर की नियुक्ति करने के निर्देश दिये हैं। इससे पहले सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहित राय एवं विभोर मयंक ने न्यायालय को बताया कि दो माह में जेपीएससी अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर लिये जाने की सम्भावना है। जिस पर न्यायालय ने 18 नवम्बर तक सरकार को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 19 नवम्बर निर्धारित की। पिछली सुनवाई में न्यायालय ने जेपीएससी में अध्यक्ष और मेंबर की नियुक्ति पूरी कर लेने की समय सीमा सरकार से मांगी थी। वन विभाग में अधिकारियों एवं कर्मियों की कमी से सम्बन्धित कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। मामले में ● शेष पृष्ठ 11 पर

पैकेज्ड फूड पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

चेतावनी लेबल पर राष्ट्रीय हित में विचार करने को कहा

एजेंसी

नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने पैकेज्ड फूड पर चेतावनी लेबल लगाने को लेकर सख्ती दिखा कर बच्चों के स्वास्थ्य पर बढ़ते खतरे को लेकर गहरी चिन्ता व्यक्त की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह चाहता है कि फूड सेफ्टी से जुड़े सभी लोग ज्यादा नमक, चीनी और फैट वाले पैकेज्ड प्रोडक्ट्स के पैकेट के सामने चेतावनी वाले लेबल लगाने के मुद्दे पर राष्ट्रीय हित में विचार करें। जस्टिस जेबी पारदीवाला और के विनोद चंद्रन की पीठ ने गम्भीर मामला बताकर स्टेकहोल्डर्स से जानकारी मांगने के लिए आदेश जारी करने की बात कही। पीठ ने दो टूक कहा...'हमें सिर्फ. लोगों, खासकर बढ़ते बच्चों की सेहत की चिन्ता है। हम चाहते हैं कि सभी सम्बन्धित लोग राष्ट्रीय हित में मामले पर विचार करें। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि कोर्ट ने इस मुद्दे पर कुछ होमवर्क किया है और पक्षों से अपलोड होनेवाले आदेश का अध्ययन करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 28 सितम्बर को तय की गयी है।

एक याचिका पर सुनवाई के दौरान, पीठ ने फूड ● शेष पृष्ठ 11 पर

■ बच्चों के स्वास्थ्य पर बढ़ते खतरे को लेकर जतायी चिन्ता

जम्मू में रेल कर्मियों को मिलेगा 80 बेड का नया रनिंग रूम

नयी दिल्ली : उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने रेल कर्मचारियों, विशेष रूप से लोको पायलट और ट्रेन मैनेजरों की सुविधा एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर 80 बेड क्षमता वाले नये रनिंग रूम के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके साथ ही एकीकृत क्रू लॉबी के निर्माण का भी प्रस्ताव है। जम्मू तवी स्टेशन पर वर्तमान रनिंग रूम पुराना होने के कारण कर्मचारियों को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही थी। ट्रेनों की संख्या और रनिंग स्टाफ की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए लम्बे समय से आधुनिक रनिंग रूम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को रक्षा राज्य मंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि

वीर अब्दुल हमीद ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में दिखायी अदम्य साहस व असाधारण वीरता : संजय सेठ

एजेंसी

गाजीपुर : परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के 61वें बलिदान दिवस के अवसर पर गाजीपुर के धामूपुर स्थित अब्दुल हमीद धाम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के साथ वीर अब्दुल हमीद को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने 21 परमवीर जल स्मारक, वीर अब्दुल हमीद संग्रहालय तथा भारतीय सेना द्वारा स्थापित टैंक एवं निष्क्रिय सैन्य हथियारों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान देश के वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

भारतीय सेना की ओर से परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

भारत मंडपम् में 12-13 सितम्बर को होगा 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

प्रगति, सहयोग और भारत की नेतृत्वकारी भूमिका

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारत की अध्यक्षता में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 12-13 सितम्बर को नयी दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित किया जा रहा है। यह ब्रिक्स की अध्यक्षता करने का भारत का चौथा अवसर होगा। इसका थीम 'सुदृढ़शीलता, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण' है।

ब्रिक्स प्रमुख उभरती हुईं अर्थव्यवस्थाओं के बीच आर्थिक नीतियों के समन्वय के लिए एक महत्त्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। यह वह प्रमुख मंच है, जहां ये प्रमुख देश ग्लोबल गवर्नेंस से जुड़े मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण को तैयार करते हैं। निरंतर संवाद के जरिये यह बहुपक्षीय संस्थाओं के भीतर ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम बन गया है।

ब्रिक्स का एजेंडा विकास, वित्त, प्रौद्योगिकी, व्यापार तथा लोगों के बीच आपसी सम्पर्क जैसे व्यापक क्षेत्रों तक फैला हुआ है। ये समूह विश्व स्तर पर उभरतीं अर्थव्यवस्थाओं के बढ़ते आर्थिक प्रभाव और उनकी आकांक्षाओं को प्रतिबिम्बित करता है। साथ ही, यह सदस्य देशों को अपने अनुभव को साझा करने और साझा चुनौतियों का समाधान भी तलाशने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। यह आयोजन ब्रिक्स के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रहा है। भारत 12 से 13 सितम्बर को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसके तहत वह चौथी बार इस समूह की अध्यक्षता सम्भाल रहा है। भारत की अध्यक्षता का मार्गदर्शक विषय है, 'सुदृढ़शीलता, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के ● शेष पृष्ठ 11 पर

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के चलते राष्ट्रपति भवन संग्रहालय व अमृत उद्यान 11 से 13 सितम्बर तक बंद

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति भवन संग्रहालय और अमृत उद्यान में आम लोगों का प्रवेश 11 से 13 सितम्बर तक बंद रहेगा। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में शनिवार, 12 सितंबर को होनेवाला 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह भी आयोजित नहीं किया जायेगा।

जिनपिंग ब्रिक्स शिखर बैठक के लिए आयेंगे दिल्ली

भारत की अध्यक्षता में हो रहे 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 12-13 सितम्बर को यहां आ रहे हैं। वह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के साथ ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को यहां सोशल मीडिया पर बताया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर 12-13 सितम्बर को यहां होनेवाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।

एक झलक

बाजार टांड़ में गणेश पूजा को लेकर समिति गठित, 14 से होगा पांच दिवसीय आयोजन

बुढ़मू : बाजार टांड़ में गणेश पूजा को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई. बैठक में गणेश पूजा को भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। पूजा के सफल आयोजन के लिए श्री गणेश पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक हरदेव साहु, संरक्षक जय साहु, लगनू साहु, गोवर्धन लोहरा और जलेश्वर सिंह, अध्यक्ष जयपाल साहू, सचिव रोरारी साहु, कोषाध्यक्ष पवन प्रजापति, उपाध्यक्ष सूरज ठाकुर, विष्णु साहु, उपसचिव पवन ठाकुर और मुन्ना साहु, उपकोषाध्यक्ष अमन साहु और विकास ठाकुर, निगरानी बासुदेव बैठा और रामेश्वर साहु सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया। समिति के सदस्यों ने पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का निर्णय लिया। समिति की ओर से 14 से 18 सितंबर तक पांच दिवसीय गणेश पूजा समारोह आयोजित किया जाएगा। 14 सितंबर को पूजा एवं पंडाल उद्घाटन, 15 को रात 8 बजे से भक्त जागरण, 16 को शाम 4 बजे से महाभोज, 17 को शाम 6 बजे से कीर्तन-भजन तथा 18 सितंबर को हवन के बाद प्रतिमा विसर्जन किया

श्रमिकों को लाभ दिलाने के लिए दो दिवसीय जागरूकता सह पंजीयन शिविर

बुढ़मू : राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय रांची के तत्वावधान में बुढ़मू प्रखंड की छापर पंचायत भवन में दो दिवसीय श्रमिक जागरूकता सह पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड की एजुकेशन ऑफिसर श्रीमती सष्मिता भट्ट ने कहा कि देशभर में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने ई-श्रम कार्ड, बीओसी लेबर कार्ड एवं आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ अकाउंट (आभा) कार्ड के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान पंचायत के करीब 80 श्रमिकों का पंजीयन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया चमरू लोहरा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अविनाश कुमार, श्रमिक मित्र आशुतोष कुमार पांडेय एवं आराध्या इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विकास पाहन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

भुरकुंडा के जंगल में जुए का खेल शुरू होने की चर्चा तेज

रामगढ़ : त्योहारों के मौसम हो और भुरकुंडा में सांठ-गांठ से जुआ न चले ऐसा संभव नहीं है। हुरूमगढ़ा स्थित वन विभाग के कार्यालय के पश्चिम में सात नंबर के निकट जंगल में जुआ के लिए बकायदा जगह तैयार किया है। बीते कई वर्षों से यहां सेटिंग-गेटिंग से जुआ का खेल होता है। सांठ-गांठ और बंदरबांट के बाद ही खेल चालू होता है। सूत्र बताते हैं बीते एक माह से यहां होता जुआ विगत दिनों जुआरियों के बीच हल्की मारपीट के बाद बंद हो गया। इधर, जुआ संचालकों ने चढ़ावा चढ़ाकर पुनः जुए का खेल हो रहा है। वन विभाग कार्यालय से तकरीबन 300 मीटर दूर एकांत जंगल में साफ-सफाई कर जमीन तैयार कर ली है। पेड़ पर तिरपाल बांधकर जुआ खेला जाता है। पानी जमा न हो इसके लिए कच्ची नाली भी बना गई है। आसपास लस्सी, कोल्डड्रिंक के साथ बियर और शराब की बोतल देखी जा सकती है। न पर्यटन की जगह और न आसपास जलस्त्रोत ऐसे में सुदूरवर्ती एकांत में पिकनिक मनाने तो लोग नहीं पहुंचेंगे। सूत्रों की मानें तो जुआ उजागर न हो इसके लिए स्थानीय स्तर पर इस माह के रकम की बंदरबांट कर ली गई है। लोकेशन पर विगत एक माह के सक्रिय मोबाइल को ट्रैक कर जुआ के बड़े खेल का भंडाफोड़ किया जा सकता है। हालांकि, जांच और कार्यवाई होने की उम्मीद न के बराबर ही है। यह स्थान पूर्व में भी सूर्खिया बटोर चुका है, बावजूद इसके जुआरी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

पानी टंकी ध्वस्तीकरण हादसे में दो श्रमिकों की मौत पर भाजपा प्रवासी कामगार प्रकोष्ठ ने जताया आक्रोश

लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच

- मृतक श्रमिकों के परिजनों को उचित मुआवजा एवं घायलों के समुचित इलाज की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची के कोतवाली थाना के पीछे पानी टंकी के ध्वस्तीकरण के दौरान मलबे में दबकर दो श्रमिकों की दर्दनाक मौत तथा तीन श्रमिकों के घायल होने की घटना अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कार्यों में श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आज भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश प्रवासी कामगार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ललित नारायण ओझा श्रमिक साथियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृतक श्रमिकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। ललित नारायण ओझा ने कहा कि श्रमिकों की जान किसी भी विकास कार्य से अधिक महत्वपूर्ण है। इतनी गंभीर घटना के बावजूद यदि कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा मानकों, सुरक्षा उपकरणों और सावधानियों की अनदेखी हुई है, तो यह बेहद गंभीर लापरवाही का मामला है। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा संबंधित कार्यदायी एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इस हादसे में जिन श्रमिकों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवारों को उचित एवं सम्मानजनक मुआवजा, आश्रितों को आवश्यक सहायता तथा घायल श्रमिकों का समुचित एवं निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जाना चाहिए। साथ ही हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं एजेंसी की जवाबदेही तय कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश संयोजक ललित नारायण ओझा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा प्रवासी कामगार प्रकोष्ठ श्रमिकों के अधिकार और सुरक्षा के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा। यदि मृतक श्रमिकों के परिजनों को न्याय, उचित मुआवजा, घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा और घटना की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित नहीं की गई, तो प्रकोष्ठ श्रमिक संगठनों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में इस प्रकार के ध्वस्तीकरण कार्यों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए, ताकि किसी भी श्रमिक की जान लापरवाही की भेंट न चढ़े। आज मुख्य रूप से भाजपा नेता मंतोष सिंह, मनोज पासवान, राम राय, सुरेंद्र पासवान, सोली पासवान सहित अन्य लोग शामिल रहे।

आजसू पार्टी बीएलए-2 की विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर को लेकर आजसू पार्टी ने गुरुवार को विलेज रिसॉर्ट में विधानसभा स्तरीय बीएलए-2 की बैठक की। अध्यक्षता जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने की। बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान एसआईआर से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मतदाता सूची और एसआईआर फॉर्म में सामने आ रही विसंगतियों की समीक्षा की गई।बैठक में प्रखंडवार मिले आंकड़ों पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि सिल्ली प्रखंड में करीब 18 हजार, सोनाहातु में 10 हजार और राहे प्रखंड में करीब एक हजार एसआईआर फॉर्म में विसंगतियां सामने आई हैं। इन विसंगतियों को दूर कराने में बीएलए-2 की भूमिका और जिम्मेदारियों को लेकर सुदेश महतो ने कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बूथ स्तर पर मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की लगातार निगरानी करने और पार्टी कार्यकताओं को पूरी सक्रियता के साथ जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया। साथ ही बीएलए-2 सदस्यों से बीएलओ और संबंधित अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर काम करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन श्याम कुमार महतो ने किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र नाथ बड़ाइक, पुर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु, सुशील महतो, अशोक एक्का, बबलु बेदिया, डबलु महली, सोमरा मांझी, चारु बाला दवी , सोमारी देवी समेत बीएलए 2 के सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रामगढ़ सिविल सर्जन कार्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : सिविल सर्जन कार्यालय, रामगढ़ के प्रांगण में बुधवार को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार के मार्गदर्शन और नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में आम लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से डॉ. अनिल कुमार सहित कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन करते हुए सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं है। हमारा एक छोटा सा प्रयास किसी गंभीर मरीज को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का हर कर्मी समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है और आज सभी कर्मियों ने स्वयं रक्तदान कर समाज के सामने एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। अवसर पर क्षेत्रीय समन्वयक आईईसी श्री सुनील कुमार मधुकर, स्टोर इंचार्ज श्री आशीष कुमार सिन्हा, आईडीएसपी के डीडीएम श्री सुकांत पांडेय, वीसीसीएम श्री संदीप कुमार और लिपिक श्री अरविंद कुमार समेत कार्यालय के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रभारी, लिपिक और स्वास्थ्य कर्मियों ने भी रक्तदान किया। शिविर के दौरान अधिकारियों ने आम नागरिकों से रक्तदान को लेकर फैले भ्रमों से दूर रहने की अपील की और कहा कि नियमित रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है और ब्लड बैंकों में रक्त की कमी भी नहीं होती, जिससे आपात स्थिति में मरीजों की जान बचाई जा सकती है। शिविर के सफल समापन पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने रक्तदान करने वाले सभी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस मानवीय एवं सराहनीय प्रयास के लिए पूरी टीम को बधाई दी।

जयराम सपोर्टिंग बीसा का तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 09 अक्टूबर से

अनगड़ा : जयराम स्पोर्ट्स क्लब बीसा के तत्वावधान में तीन दिवसीय नशा मुक्त जागरूकता फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन को लेकर एक बैठक हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि टूर्नामेंट आगामी 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। सफल आयोजन के लिए सर्वसहमति से विभीषण बेदिया को अध्यक्ष बनाया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेगी विजेता टीम को 30000 एवं ट्रॉफी उपविजेता टीम को 20000 एवं ट्रॉफी तथा तीसरे और चौथे स्थान आने वाले दोनों टीमों को 5000, 5000 एवं ट्रॉफी दिया जाएगा। मैन ऑफ दी सीरीज साइकिल दिया जाएगा। सफल आयोजन को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया है। सचिव-सोनाराम बेदिया, कोषाध्यक्ष-पीकेश्वर बेदिया, खेल प्रभारी-जुकेश्वर बेदिया अन्य सदस्य-केसों, धीरज, अमन, सुमित, शेखर, छोटूराम, धनवीर, जयराम, प्रेम सहीराम एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। जयराम बेदिया ने बताया कि समय से पहले पंजीयन के लिए संपर्क करें - 9523381961।

भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने मृतक के आश्रितों को दी आर्थिक सहायता और जताया शोक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने सामाजिक सरोकार और संवेदन संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक बार फिर पीड़ित परिवार की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया। बेड़ो थाना क्षेत्र के जामटोली पंचायत के जामटोली गांव निवासी बंधना कुजूर उम्र 35 वर्ष की आकस्मिक मृत्यु गत बुधवार को सड़क दुर्घटना में हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी रिंकी तिर्की दो पुत्र क्रमशः प्रिंस कुजूर और प्रांजल कुजूर को छोड़ गए। इस दुखद घटना के बाद भाजपा नेता के प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिल कर गहरा शोक व्यक्त किया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सन्नी टोप्पो की ओर से मृतक के आश्रितों को नगद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि दुख कि इस घड़ी में भाजपा नेता पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि परिवार को हर संभव सामाजिक एवं व्यवहारिक मदद पहुंचाई जाएगी। इस सहयोग से मृतक के आश्रितों और स्थानीय ग्रामीणों ने उनका आभार प्रकट किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह,जगन्नाथ भगत, रमेश भगत समेत दर्जनों कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर ब्रह्माकुमारीज का संदेश : आत्महत्या समस्या का समाधान नहीं

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवा केन्द्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजयोग शिक्षक बीके ब्रह्माकुमारी सुरेखा ने आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने कहा, आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह एक क्षणिक नकारात्मक सोच का परिणाम है। आत्मा अजर-अमर और अविनाशी है, वह कभी मरती नहीं। शरीर को खत्म करने से दुख खत्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि आज के समय में तनाव, अवसाद और अकेलापन आत्महत्या का मुख्य कारण बन रहा है। इसका सबसे सहज उपाय है-राजयोग मेडिटेशन। जब हम परमात्मा से जुड़ते हैं तो हमें आंतरिक शक्ति, शांति और सकारात्मक सोच प्राप्त होती है। हर समस्या का समाधान शांत चित्त से ही निकलता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि यदि आपके आस-पास कोई व्यक्ति उदास, अकेला या तनाव में दिखे तो उसे अकेला न छोड़ें, उससे बात करें, उसे सुनें और उसे राजयोग मेडिटेशन सेंटर से जोड़ें।

राहुल दुबे गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

- लेवी के 40 हजार रुपये बरामद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गिद्दी : पुलिस ने गुरुवार को राहुल दुबे गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने लेवी के 40 हजार रुपये, एक बाइक और दो मोबाइल बरामद किया है इस संबंध में पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार गिद्दी थाना प्रभारी इकबाल हुसैन को गुप्त सूचना मिली थी कि काले रंग की पल्सर बाइक (JH24ट-6620) पर राहुल दुबे गिरोह के दो सदस्य गिद्दी थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारियों से रंगदारी वसूलने आ रहै है। इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को देते हुए पुलिस ने अभियान चलाया। इस क्रम में पुलिस को जानकारी मिली की अभियुक्त लेवी की रकम वसूल कर बुंडू-बसरिया होते रामगढ़ की ओर भाग रहे हैं। इस दौरान पुलिस ने टोंगी-गिद्दी मेन रोड पर घेराबंदी की गई। पुलिस ने बाइक आती देख रूकने का इशारा किया। जिसपर अभियुक्त भागने लगे। जिसपर पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में युवकों की पहचान मन्नु कुमार साव (19 वर्ष) पिता प्रमोद साव निवासी सौदागर मुहल्ला, रामगढ़ और अविनाश कुमार (18 वर्ष) पिता राजेश साव निवासी कोयरीटोला, रामगढ़ के रूप में हुई। तलाशी लेने पर पुलिस ने लेवी के 40,000 रुपये बरामद किया। साथ ही बाइक और दो मोबाइल भी जब्त किया है।

नगड़ी दुर्गा पूजा समिति की पहली बैठक सम्पन्न, आज होगी अगली बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

नगड़ी : आगामी दुर्गा पूजा को लेकर नगड़ी श्री रामचरित्र मानस नवाह परायण महायज्ञ दुर्गा पूजा समिति की पहली बैठक बुधवार को नगड़ी दुर्गा मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में पूजा आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, साफ-सफाई, भीड़ नियंत्रण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से त्रिवेणी नाथ साहू, चूडामनी महतो, प्रेम सागर केसरी, प्रभात महतो, ओमप्रकाश चौधरी, जय गोपाल उरांव, रवि कुमार केसरी, अरुण कुमार प्रमाणिक, राहुल चौधरी,प्रेम सागर महतो, दीपक केसरी, अरविंद भगत, शिव चौधरी, लाला चौधरी, राजकमल चौधरी, देवानंद चौधरी, कमलेश केसरी, आदित्य केसरी, गौरव राज सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक के अंत में निर्णय लिया गया कि पूजा की तैयारियों को आगे बढ़ाने के लिए समिति की अगली बैठक शुक्रवार को आयोजित की जाएगी।

बेड़ो में गणेश पूजा की तैयारी जोर-शोर से

सोमवार को विराजेंगे विघ्नहर्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : थाना परिसर में श्री श्री राधाकृष्ण यूथ संगम गणेश पूजा महासमिति, बेड़ो के तत्वावधान में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा की तैयारी जोर शोर किया जा रहा है। सोमवार को घर-घर भगवान गणेश पधारेंगे। वहीं कई घरों और अन्य स्थानों में भी भगवान गणेश की प्रतिमा बैठाकर पूजा-अर्चना की तैयारी है। भक्तों में गणेश पूजा को लेकर काफी उत्साह है। इसकी तैयारी एक महीने से की जा रही थी। बेड़ो थाना परिसर में दक्षिण भारतीय संस्कृति व कथककली थीम के प्रारूप का भव्य पंडाल बनाया गया है। पूजा पंडाल को आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है, साथ ही आकर्षक विद्युत सज्जा की जा रही है। थाना के समीप 40 फीट का भव्य विद्युत तोरणद्वार बनाया गया है। इसके अलावा जिला परिषद, बाजार टांड़ व देवी मंडप चौक में बड़े तोरणद्वार बनाए गए हैं। साथ ही मां काली के द्वारा रक्तबीज वध की चलंत झांकी भी श्रद्धालुओं को देखने को मिलेगी, जिसका निर्माण अरुण प्रजापति द्वारा किया जा रहा है। 12 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण पंकज पाल कर रहे हैं। पूजा को सफल बनाने में शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, उत्तम कुमार, विवेक कुमार, खद्दी उरांव, लव, अभिनव गुप्ता, उत्तम सोनी, अमन गुप्ता, प्रेम गुप्ता, राकेश साहू, आशीष महतो, आशीष सोनी, सौरभ खन्ना, आदित्य गुप्ता, अर्चित गुप्ता, अजय साहू, अमित, शुभम गुप्ता, संकित मंगल, विकास कुमार, प्रिंस पांडेय, प्रीतम, अभिजीत राज, संदीप, आकाश सहित सभी सदस्य लगे हुए हैं।

सरसा में करम पूर्व संध्या धूमधाम से मनाने का हुआ निर्णय, संतोष तिर्की अध्यक्ष व मनोज उरांव उपाध्यक्ष

लापुंग : केन्द्रीय सरना आश्रम सरसा में करमा पुर्व संध्या समारोह मनाने को लेकर बैठक का ग्राम प्रधान मंचु उरांव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में करम पुर्व संध्या प्रत्येक वर्ष की भांति धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही समारोह के सफल संचालन को लेकर कमेटी गठित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए विधायक प्रतिनिधि सह पुर्व मुखिया संतोष तिर्की उपाध्यक्ष मनोज उरांव कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र लोहरा मुख्य संरक्षक देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव, चम्पा उरांव, गंगेश्वर उरांव इन्द्रसागर भगत व फगुआ भगत का चयन किया गया। का चयन किया गया । वहीं सदस्यों का भी चयन किया गया। विधायक प्रतिनिधि सह पुर्व मुखिया संतोष तिर्की ने बताया कि करम पुर्व संध्या समारोह में देवगांव व लतरातु पंचायत के खोडहा नृत्य दल पारम्परिक भेष-भूषा के साथ शामिल होंगे। इस दौरान नृत्य दल को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

झारखण्ड चैम्बर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा, 13 सितम्बर को होगा मतदान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2026-27 का चुनाव रविवार, 13 सितंबर 2026 को मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची में होगा। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कराया जाएगा। चुनाव की तैयारियों को लेकर आज मारवाड़ी भवन में चुनाव पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमे व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। चुनाव समिति के चेयरमैन अंचल किंगर ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कंप्यूटर द्वारा जारी मतदाता क्रमांक एवं काउंटर नंबर मतदान से पूर्व ही सदस्यों को एसएमएस के माध्यम से भेज दिया जाएगा ताकि मतदान के दिन वोटिंग स्लिप खोजने में सदस्यों को कोई परेशानी न हो। वोटिंग स्लिप के साथ फूड कूपन भी उपलब्ध कराया जाएगा। मतदान के उपरांत सदस्य दिगंबर जैन भवन में भोजन की सुविधा का लाभ ले सकेंगे। मतदान क्षेत्र में कुल 40 कंप्यूटर लगाए जाएंगे। मतदान के लिए उपयोग किए जा रहे सॉफ्टवेयर में ऐसी व्यवस्था की गई है कि मतदाता 21 से कम अथवा 21 से अधिक उम्मीदवारों का चयन नहीं कर सकेंगे। मतदाताओं की सुविधा के लिए कंप्यूटर स्क्रीन पर उम्मीदवारों के नाम के साथ उनकी फोटो भी प्रदर्शित होगी, जिससे मतदाता उम्मीदवार की पहचान कर अपनी पसंद के प्रत्याशियों को मतदान कर सकेंगे।

एक पारा शिक्षक के भरोसे चल रहा है विद्यालय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

तमाड़ : प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंन्दला मात्र एक पारा शिक्षक के भरोसे चल रहा है। विद्यालय में केजी से लेकर 8 वर्ग तक के कचल 96 छात्र अध्यनरत हैं। वही कैमरा का स्थिति भी बहुत खराब है। मात्र पांच कमरे हैं। जिसमें से एक कमरा को कार्यालय बनाया गया है। वही पुरानी बिल्डिंग जो कि दो कमर का था। वह काफी जर्जर हो गया है। स्कूल चलाने के लिए कम से कम आठ कमरों की आवश्यकता है। पारा शिक्षक मधुसूदन मुंडा का कहना है कि पूर्व में विद्यालय में तीन शिक्षक कार्यरत थे। जिसमें से एक पारा शिक्षक भरत लाल शाह का चयन शिक्षक के रूप में हो जाने से सितम्बर 25 में ही सरकारी आर्चाय बनकर विधालय छोड़ दिया। जनवरी माह में

सरकारी शिक्षिका शाहवती देवी का भी बदली दुसरे जिला में हो गया। तब से मात्र एक शिक्षक के भरोसे विधालय चल रहा है। इस सम्बन्ध में ग्रामीण छोटु लोहरा, बुधन लाल मुंडा, जगमोहन सिंह मुंडा सहित वां वार्ड सदस्य पवन सिंह मुंडा का कहना है कि मात्रा एक शिक्षक से विद्यालय चल रहा है। जबकि यहां 96 छात्र अध्यनरत है। हम लोगों ने इस संबंध में विधायक विकास कुमार मुंडा जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी बूंडू, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को लिखित मांग पत्र सौंप कर विद्यालय में शिक्षक बहाल करने की मांग की है। मगर आठ माह बीत जाने के बाद भी अभी तक इस संदर्भ में किसी ने ध्यान नहीं दिया। शिक्षक के कमी होने के कारण विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है। और पढ़ाई नहीं के बराबर हो रहा है। सिर्फ खिचड़ी खाने के लिए बच्चे आ रहे हैं। कुन्दला पंचायत होने के बाद भी यहां के मुखिया द्वारा विद्यालय में किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।विधालय परिसर में कान्डे मुंडा, नागेश्वर मुंडा, ममता देवी, लखींद्र पुरान, धनीराम मुंडा, मंगला देवी,दुबराज पुरान सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।
विधायक विकास कुमार मुंडा ने बताया मुंडा ने बताया विभाग को जानकारी दे दिया गया है। जल्द ही कुन्दला विधालय में शिक्षक की व्यवस्था हो जायेगा।

बेड़ो में डीएसपी ने किया अपराध गोष्ठी का आयोजन

बेड़ो : डीएसपी दीपक कुमार ने बेड़ो में गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में डीएसपी दीपक कुमार ने थाना प्रभारियों व पुलिस पदाधिकारियों को लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन, लंबित वारंट इश्तिहार कुर्की का निष्पादन, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, थाना स्तर पर प्रभावी गश्ती, यातायात नियमों का पालन, आदतन अपराधियों की नियमित निगरानी, थाना स्तर पर लोगों की शिकायतों की प्राथमिकता के आधार पर समाधान, चरित्र सत्यापन और पासपोर्ट सत्यापन में शीघ्रता करने व अवैध शराब पर पूर्ण रोक लगाने तथा आम जनता से मधुर व्यवहार रखने का निर्देश दिया। मौके पर पुलिस निरीक्षक उत्तम उपाध्याय,बेड़ो थाना प्रभारी कफील अहमद,नरकोपी थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार टुडू,लापुंग थाना प्रभारी गोविंद कुमार व इटकी थाना प्रभारी शिव नारायण तिवारी मौजूद थे।

अब्दुस सलाम अंसारी बने रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के कार्यालय प्रभारी सह सचिव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

ओरमांझी : रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संगठन विस्तार के तहत ग्राम-पोस्ट इरबा (प्रखंड ओरमांझी) निवासी अब्दुस सलाम अंसारी को जिला कमेटी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा ने उन्हें संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए कार्यालय प्रभारी सह सचिव मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों में खुशी की लहर है। मनोनयन पत्र जारी होते ही क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके अनुभव से ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

वरिष्ठ नेताओं और विधायकों ने जतायी खुशी

अब्दुस सलाम अंसारी के मनोनयन पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने विशेष रूप से बधाई देते हुए उनके उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं में जगदीश साहू, प्रेम नाथ मुंडा, अशोक गुप्ता, शंकर गुप्ता, रमेश उरांव, हरिमोहन महतो, विधायक प्रतिनिधि युनुस अहमद अंसारी, विश्राम महतो, राजेंद्र मुंडा, सुरेश साहू और बलराम साहू सहित कई अन्य नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए मिठाई बांटी और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

एक झलक

एचईसी वैलनेस सेंटर में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

रांची : गुरुवार को एचईसी वैलनेस सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निदेशक कार्मिक के घोष के द्वारा शिविर का शुभारंभ किया और उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है, इससे कितने लोगों की जान बचाई जाती है, विषम परिस्थितियों में भी रक्तदान की शिविर लगाना यह सराहनीय पहल है, गुरु नानक अस्पताल ब्लड बैंक से आए हुए टिम ने प्लांट से काफी संख्या में आए हुए कर्मीयों का रक्तदान सफलता पूर्वक कराया। इस शिविर को लगवाने के लिए विशेष रूप से रविकांत एवं उनके पूरे टीम के साथ साथ वैलनेस सेंटर के कर्मियों को धन्यवाद दिए और कहा कि इस तरह के कार्य हमेसा होना चाहिए। मौके पर निदेशक कार्मिक श्री के घोष, कार्मिक प्रमुख प्रशांत पाठक, सीएमओ डॉ एस सुरीन, डॉ अपूर्वा, डॉ आदिति, रविकांत, रमा शंकर प्रसाद, अनिल कुमार, सुनील कुमार, नरेश राम, अलख निरंजन उपस्थित रहे।

अपहरण और जघन्य अपराधों के तार भाजपा नेताओं से जुड़े : कांग्रेस

रांची : झारखंड में हाल ही में हुए लोजपा विधायक के पुत्र के अपहरण मामले में झारखंड पुलिस की त्वरित कार्रवाई, सघन चेकिंग और कड़ी नाकेबंदी के बाद अपहृत युवक सकुशल बरामद कर लिया गया। लेकिन इस पूरे मामले' में जो सच्चाई जांच के दौरान सामने आई है, उसने भारतीय जनता पार्टी के चाल, चेहरा और चरित्र को एक बार फिर बेनकाब कर दिया है। एमिटी यूनिवर्सिटी गेट के पास से हुए इस घृणास्पद अपहरणकांड में मुख्य साजिशकर्ता कोई बाहरी अपराधी नहीं, बल्कि भाजपा का अपर बाजार मंडल अध्यक्ष रौनक राजपूत सिंह ही निकला है।

भाजपा की नाकामी का ठीकरा अधिकारी पर फोड़ रहे बाबूलाल : ऋषिकेश सिंह

रांची : नगर आयुक्त पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता ऋषिकेश सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए, उसके बाद अधिकारियों को नसीहत देनी चाहिए। रांची नगर निगम में मेयर भाजपा का, डिप्टी मेयर भाजपा का और नगर निगम पर वर्षों से भाजपा का प्रभाव, रांची विधानसभा में करीब 30 वर्षों से भाजपा का विधायक और रांची लोकसभा में 12 वर्षों से भाजपा का सांसद है। इसके बावजूद रांची की समस्याओं के लिए सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप करना भाजपा नेताओं की पुरानी आदत बन चुकी है। ऋषिकेश सिंह ने कहा कि यदि नगर निगम की व्यवस्था इतनी ही खराब है, तो बाबूलाल मरांडी अपने ही दल के मेयर, डिप्टी मेयर और निगम में प्रभाव रखने वाले भाजपा नेताओं से जवाब क्यों नहीं मांगते?

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया पूजन

रांची : वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के पावन धाम श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पूजन किया। बाबा विश्वनाथ से समस्त देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण की प्रार्थना किया। बाबा विश्वनाथ की कृपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा और शक्ति मिले, यही कामना की।

उपायुक्त ने आगामी पर्व-त्योहारों के सफल व सुरक्षित आयोजन को लेकर की बैठक

सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आगामी पर्व-त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गणेश चतुर्थी, करम पर्व, दुगार्पूजा, दीपावली, छठ एवं काली पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, विसर्जन व्यवस्था एवं आमजनों की सुविधा को लेकर विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक, नगर पारस राणा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री गौरव

गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक यातायात राकेश सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर कुमार रजत, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री आस्था शरण, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) धनंजय, नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय सहित बिजली विभाग, नगर निगम, अग्निशमन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि पर्व-त्यौहारों का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हो, लेकिन इसके साथ सुरक्षा मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आयोजन से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिये।

पंडाल निर्माण में सुरक्षा मानकों के अनुपालन के निर्देश

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी पूजा समितियों द्वारा पंडाल निर्माण के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पंडाल का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो तथा आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने के लिए पर्याप्त रास्ता उपलब्ध रहे। उन्होंने अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों को पंडालों का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा मानकों की जांच करने के निर्देश दिये। पंडाल में प्रवेश एवं निकास मार्ग, आपातकालीन निकासी, विद्युत वायरिंग तथा अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

कांके की जर्जर सड़कों, अवैध माइनिंग और रुकी पेंशन पर भाजपा नेता कमलेश राम ने उठायी आवाज

- **रांची डीसी को सौंपा ज्ञापन, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मांग**

रांची : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम ने गुरुवार को रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात कर कांके विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर लिखित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने क्षेत्र की जर्जर सड़कों के अविलंब निर्माण, बुड़मू प्रखंड के सारले पंचायत में कथित अवैध माइनिंग पर रोक लगाने तथा गरीब वृद्धजनों की रुकी हुई वृद्धा पेंशन जल्द जारी करने की मांग की। कमलेश राम ने उपायुक्त को बताया कि कांके विधानसभा क्षेत्र की कई सड़कें जर्जर होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

30 बच्चों की मृत्यु के सम्बन्ध में झारखण्ड के राज्पाल को सौंपा ज्ञापन

रांची : झारखण्ड लोकभवन नागा बाबा खटाल के समक्ष, बालाघाट में 30 आदिवासी बच्चों की मृत्यु, के संदर्भ में एक शांतिपूर्ण सत्याग्रह, धरना कार्यक्रम किया गया। इसके उपरांत झारखंड प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष राज उरांव द्वारा मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के लगभग 30 बच्चों की मृत्यु के संबंध में झारखण्ड के राज्पाल महोदय को ज्ञापन सौपा और अनुरोध किया गया। स्वास्थ्य मंत्री/उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का इस्तीफा तथा राज्य सरकार की जवाबदेही।

कृष्णमय हुआ श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

'राधे राधे जपो चले आयेंगे बिहारी...'

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : परमहंस संत डॉ. सदानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का छठी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। छठी महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूरे परिसर में भक्ति एवं आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्री राधा-कृष्ण के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे।महोत्सव के अवसर पर भगवान श्री राधा-कृष्ण का जड़ित एवं आकर्षक आभूषणों से भव्य और मनोहारी श्रृंगार किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को सुंदर झूले में विराजमान कर विधिवत झूलन उत्सव भी मनाया गया। श्रद्धालुओं ने प्रेम एवं श्रद्धाभाव से भगवान को झूला झुलाया और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगल की कामना की। बाल गोपाल के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान भगवान श्री राधा-कृष्ण को विभिन्न प्रकार के दिव्य एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। भोग में विशेष रूप से केसरिया खीर, पेड़ा, माखन-मिश्री, पंजीरी, फल एवं नारियल शामिल रहे।

कथावाचक श्री कुलदीप ने विद्यालयीय यज्ञशाला में किया यज्ञ

रांची : वृहस्पतिवार आर्य ज्ञान प्रचार समिति रांची द्वारा संचालित सीनियर सिटीजन होम द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीकृष्ण कथा चौथे दिन डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल बरियातू रोड में प्रारम्भ हुआ। यह कथा दिनांक आज से 12.09.2026 तक सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक और 13.09 को 9.30 से 1 बजे तक चलेगा। आज सर्व प्रथम आचार्य प्रसिद्ध कथावाचक श्री कुलदीप जी ने विद्यालयीय यज्ञशाला में यज्ञ किया और यजमानों को आशीर्वाद प्रदान किया। इसके बाद आज के स्वागताध्यक्ष आर्य ज्ञान प्रचार समिति रांची के प्रधान एसएल गुप्ता जी, आर्यसमाज रांची की संरक्षिका सुशीला गुप्ता जी थीं। आज विद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि प्रकाश तिवारी जी ने पुष्पमालाओं से आचार्य जी एवं संगीतकारों का स्वागत किया। आज के कथा में सुनील गुप्ता, निशा जी, दिवाकर देव जी कृषि विश्वविद्यालय से श्री सिद्धार्थ, नेहा सिंह, पुर्णिमा सिंह, सुश्री भाव्या आदि अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

वाईबीएन यूनिवर्सिटी में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

स्ट्रोक की रोकथाम में फिजियोथेरेपी की भूमिका अहम : डॉ. अभय पांडेय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : वाईबीएन यूनिवर्सिटी में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के विद्यार्थियों ने विभिन्न ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को शारीरिक स्वास्थ्य, नियमित व्यायाम और सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेषज्ञों ने बताया कि वर्ष 2026 के विश्व फिजियोथेरेपी दिवस की थीम दय संबंधी रोग और स्ट्रोक की रोकथाम, प्रबंधन एवं पुनर्वास में फिजियोथेरेपी और शारीरिक गतिविधि की भूमिका रखी गई है। आधुनिक दौर की भागदौड़ और बदलती जीवनशैली में शारीरिक निष्क्रियता तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में नियमित व्यायाम और फिजियोथेरेपी न केवल शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, बल्कि दिल की बीमारियों और ब्रेन स्ट्रोक के जोखिम को भी काफी हद तक कम करती है। बीमारी के बाद मरीजों के सफल पुनर्वास में भी यह पद्धति अत्यंत लाभकारी साबित होती है। समारोह में बतौर मुख्य

अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एन.सी.ए.एच.पी के सदस्य डॉ. अभय पांडेय, विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी विभागाध्यक्ष सह झारखंड फिजियोथेरेपी काउंसिल के सदस्य डॉ. राहुल कुमार तथा रिम्स के वरीय फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. देवेंद्र मुंडा व डॉ. स्मृति उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त डॉ. राहुल सिंह, डॉ. नरमयदा पांडेय, डॉ. गोपाल पांडेय, डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ. राजू कुमार यादव और डॉ. विभोर कुमार सिंह समेत कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। अतिथियों ने स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि फिजियोथेरेपी को दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

यज्ञा बाबा आश्रम में अलौकिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ श्रीकृष्ण छठी महोत्सव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आम्रकुंज, मोराबादी स्थित पावन सिद्धपीठ श्री श्री 1008 यज्ञा बाबा आश्रम में बुधवार, 10 सितंबर 2026 को 'श्री कृष्ण छठी समारोह' अभूतपूर्व श्रद्धा, भक्ति और अपार उल्लास के साथ अत्यंत भव्यता से संपन्न हुआ। पूरा आश्रम प्रांगण ब्रज की पावन भूमि वृंदावन के दिव्य रंग में रंगा नजर आया। नंदलाला के जन्मोत्सव की छठी पर आयोजित इस पावन उत्सव में हर कोई श्री कृष्ण भक्ति के अगाध रस में सराबोर हो उठा और पूरा क्षेत्र 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रम के पूज्य मुख्य महंत श्री भरत दास जी महाराज एवं मुख्य पुजारी विकास पांडेय के सानिध्य में परम पवित्र वैदिक मंत्रोच्चार और शंखध्वनि के बीच हुआ। उन्होंने भगवान श्री बाल गोपाल का दुग्धाभिषेक कर अत्यंत अलौकिक एवं मनमोहक श्रृंगार कराया तथा संपूर्ण विधि-विधान से महापूजन संपन्न कराया।

नालसा (बुजुर्ग नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना-2026 पर जागरूकता कार्यक्रम

हर वंचित तक पहुंचेगा न्याय : डालसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : महुआजारी पंचायत भवन एवं बांसजाड़ी गांव में ग्रमीणों को माननीय नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत एक प्रमुख योजना नालसा (बुजुर्ग नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना - 2026 पर ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के नेतृत्व में 60 दिवसीय मेगा जागरूकता अभियान (चरण-1) होना सुनिश्चित हुआ है, जो कि 60 दिनों तक चलेगा। आज 60 दिवसीय मेगा जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को माननीय नालसा द्वारा संचालित योजना नालसा (बुजुर्ग नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना - 2026) पर बोलते हुए बीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें बिना किसी वित्तीय बाधा के मुफ्त कानूनी सहायता, सलाह और प्रतिनिधित्व प्रदान करना है।

पर्युषण पर्व के तीसरे दिन पूजा प्रवचन, धर्म आराधना व भक्ति

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : पयुषण पर्व का दुसरा दिन सुबह 7.30 बजे भव्य स्नात्र पुजा का कार्यक्रम हुआ, तत्पश्चात 9 बजे से प्रवचन हुआ जिसमें पोषध, समायिक आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। अष्टानिका ग्रंथ के माध्यम से पोषध तप की महिमा के बारे मे बताया गया, कहा कि उपवास करके पोषध तप करने से अनंत लाभ मिलता है, पुण्य कर्मो का बंधन होता हैं, अथाह धन का दान करने से भी अधिक पुण्य लाभ सिर्फ एक पोषध का बताया गया हैं। पर्व तिथि को पोषध करने से अनंत लाभ होता हैं, तप के बारे मे बताया की इस तप मे पहले दिन सूर्योदय से पहले अन्न-जल ग्रहण करना, एवं अगले दिन सूर्योदय के पश्चात ही कुछ ग्रहण करना होता हैं, इस दौरान स्नान, शौचालय आदि का प्रयोग वर्जित होता हैं। आगे समायिक के महत्व के बारे मे बताया गया, एक समायिक का मुहूर्त 48 मिनट का होता हैं, समायिक के दौरान इस 48 मिनट मे चित शांत होता है, इस दौरान स्वाध्याय मे लीन रहना चाहिए। पुनिया श्रावक के समायिक का उदाहरण दिया गया, समायिक मे आत्मा से मिलने के महत्व को बताया गया।

उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ विशिष्ट व्याख्यान सत्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड सरकार के योजना एवं विकास तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मुकेश कुमार (आईएएस) ने कहा कि भारत की बहुलतावादी पहचान 'सलाद संस्कृति' जैसी है, जहां हर समुदाय अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखते हुए एक साथ फलता-फूलता है। समावेशिता ही सुशासन और सशक्त राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार है। वे गुरुवार को उषा मार्टिन विश्वविद्यालय (यूएमयू) के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष व्याख्यान 'बदलते भारत में शासन व्यवस्थाः चुनौतियां और अवसर' को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। आईएएस मुकेश कुमार ने भारतीय सभ्यता में वैशाली की प्राचीन गणतांत्रिक व्यवस्था का उदाहरण देते हुए कहा कि यह हमारे समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास की आरंभिक व ऐतिहासिक अभिव्यक्ति है। उन्होंने रेखांकित किया कि लोकतंत्र में संघर्ष और एकता का चोली-दामन का साथ है; जब विभिन्न वर्ग संघर्ष और एकजुटता के साथ आगे बढ़ते हैं, तभी राष्ट्र निर्माण की दिशा तय होती है। उन्होंने राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में झारखंड के महत्व और उसकी भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। संबोधन में उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और निस्वार्थ सेवा के सिद्धांतों को याद करते हुए कहा कि ये मूल्य आज भी लोक प्रशासन और सार्वजनिक जीवन के लिए मार्गदर्शक हैं। व्याख्यान के बाद आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने नीति-निर्माण और शासन की बारीकियों पर खुलकर सवाल किए, जिसका श्री कुमार ने सहजता से उत्तर दिया। इससे पूर्व, कार्यक्रम की शुरूआत में कार्यवाहक कुलपति ब्रिगेडियर सुमर वीर सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

चैम्बर चुनाव को लेकर टीम मुकेश अग्रवाल ने पंडरा बाजार का किया दौरा

रांची : चैंबर चुनाव को लेकर टीम मुकेश अग्रवाल ने पंडरा बाजार का दौरा कर व्यवसायियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं की जानकारी ली। इस दौरान व्यापारियों के साथ बाजार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। दौरे के दौरान रांची चैंबर के अध्यक्ष संजय महुरी एवं आलू-प्याज थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद के साथ मदन पारीक, संतोष सिंह, रोहित कुमार, गोविंद अग्रवाल, पंकज साहू, तरुण अग्रवाल, मनीष सेठी समेत कई व्यवसायियों ने टीम का स्वागत किया और समर्थन देने की अपील की। टीम के सदस्यों ने व्यापारियों से संवाद करते हुए उनके हितों को प्राथमिकता देने और समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल करने की बात कही।

टीम मुकेश अग्रवाल की पहल पर पंडरा बाजार में सफाई शुरू, 100 कर्मी लगाये गये

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : पंडरा बाजार के दुकानदारों की साफ-सफाई से जुड़ी समस्या को लेकर टीम मुकेश अग्रवाल की पहल का असर सामने आया है। टीम की ओर से गुरुवार को महापौर के समक्ष मंडी की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बाद नगर निगम ने गुरुवार से पंडरा मंडी में विशेष सफाई अभियान शुरू कराया। नगर निगम की ओर से मंडी में 100 सफाईकर्मियों को लगाया गया है, जिन्होंने सफाई का काम शुरू कर दिया है। टीम मुकेश अग्रवाल ने इसे व्यापारी हित में उठाए गए कदम का परिणाम बताया। अध्यक्ष पद के दावेदार मुकेश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को केवल उठाना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि उनके समाधान तक लगातार प्रयास करना प्राथमिकता है। पंडरा मंडी के दुकानदारों की सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्या को लेकर

तत्काल पहल की गई और इसका परिणाम भी सामने आया है। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी हित से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी इसी मजबूती के साथ आवाज उठाई जाएगी और संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। इधर, टीम मुकेश अग्रवाल का अग्रसेन भवन में परिचय सम्मलेन का आयोजन किया गया। टीम के सभी सदस्यों ने व्यापारियों के बीच अपना विजन रखा। अध्यक्ष पद के दावेदार मुकेश अग्रवाल ने व्यापारियों से समर्थन देने का आग्रह किया।

मध्यस्थता से सुलझा लगभग 02 वर्ष पुराना पारिवारिक विवाद, डालसा सचिव ने दीं शुभकामनाएं

विद्वान अधिवक्ताओं ने सुलझाया पारिवारिक विवाद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मध्यस्थता केंद्र रांची में एक ओ.एम. वाद संख्या 629/2025 को अधिवक्ता मध्यस्थ अमरेंद्र कुमार ओझा एवं प्रथम पक्ष के अधिवक्ता रौनक फिरदौश और द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता सौरभ राज एवं हुमा कौशर के संयुक्त प्रयास से सुलझा लिया गया। यह वाद रमेश चन्द्रा, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय-1 के न्यायालय से मध्यस्थता केंद्र रांची में मध्यस्थता के लिए आया था। उक्त वाद संख्या ओ.एम वाद संख्या 629/2025 को अधिवक्ता मध्यस्थ अमरेंद्र कुमार ओझा एवं प्रथम पक्षम के अधिवक्ता रौनक फिरदौस और द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता सौरभ राज एवं हुमा कौशर के प्रयास से सुलझा लिया गया। यह वाद डालसा सचिव श्री राकेश रौशन ने अधिवक्ता मध्यस्थ अमरेंद्र कुमार ओझा को सुलझाने के लिए निर्देशित किया था। ज्ञात हो कि उक्त में प्रथम पक्ष ज्योति टोप्पो ने अपने पति प्रवीण केरकेट्टा के खिलाफ भरण-पोषण वाद दायर किया था। दोनों की शादी ईसाई रीति-रिवाज से हुई थी, दोनों आपसी विवाद के कारण लगभग 2 वर्ष से अलग रह रहे थे। मध्यस्थ एवं विद्वान अधिवक्ताओं के द्वारा समझाने पर 3-4 सिटिंग में वाद सुलझा, दोनों दंपति फिर से साथ में रहने के लिए राजी हो गये। दोनों एक दूसरे और दोनों एक दूसरे के घरवालों का सम्मान करेंगे। पत्नी भी अपने पति का सम्मन करेंगे एवं पति भी अपनी पत्नी की जरूरतों का ध्यान रखेंगे। मध्यस्थता से बात बनी कि वे पुराने विवाद को भुलेंगे और प्रेम-पूर्वक रहेंगे। अंत में दोनों पक्षों को डालसा सचिव राकेश रौशन ने उनके उज्जवल भविष्य हेतु बुके देकर शुभकामनाएं दी एवं भविष्य में वाद न उत्पन्न करने को कहा।

वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बैंकिंग पहलों का शुभारम्भ

रांची : ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) के दौरान भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए नई डिजिटल बैंकिंग पहलों का शुभारंभ किया। इनमें तत्काल रुपे कार्ड और व्यापारी यूपीआई क्यूआर जारी करने वाले ओपन-सोर्स एटीएम, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लिए 'यूपीआई पर क्रेडिट लाइन' तथा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के तहत श्री-पार्टी नकद जमा सुविधा शामिल है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और एटीएम विनिमार्ताओं के सहयोग से विकसित ओपन-सोर्स एंड्रॉयड एटीएम से ग्राहक बैंक शाखा जाए बिना रुपे डेबिट, क्रेडिट और एनसीएमसी कार्ड प्राप्त कर सकेंगे, जबकि व्यापारी यूपीआई क्यूआर जारी कर भुगतान स्वीकार कर सकेंगे। इन एटीएम से चेक जमा, खाता खोलने और ऋण आवेदन जैसी सुविधाएं भी दी जा सकेंगी तथा इन्हें ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में डिजिटल बैंकिंग इकाइयों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। ह्यूपीआई पर क्रेडिट लाइनह्व के तहत पात्र केसीसी और मुद्रा लाभार्थी स्वीकृत ऋण सीमा का यूपीआई के जरिए इस्तेमाल कर सकेंगे। वर्तमान में 7.7 करोड़ से अधिक सक्रिय केसीसी खातों में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृत ऋण सीमाएं हैं, जबकि मुद्रा योजना के तहत 57 करोड़ से अधिक ऋणों की राशि 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

पर्यूषण महापर्व के तीसरे दिवस में यत्न दिवस पर छोटे-छोटे कर्मो में सजगता और समभाव का संदेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : महापर्व के तीसरे दिवस 'यत्न दिवस' के अवसर पर श्री साधुमार्गी जैन संघ, रांची द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में स्वाध्यायी जी ने जीवन में प्रत्येक छोटे-बड़े कार्य को सजगता और सकारात्मक भाव से करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कर्मों में भी यत्न रखना आवश्यक है। आलस्य और प्रमाद एक ही रूप हैं। यदि हम अपने कार्यों को खुशी और कर्तव्य भावना से करते हैं तो कर्मबंधन को दूर करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में कार्य मजबूरी से नहीं, मंजूरी और प्रसन्नता से होना चाहिए। स्वाध्यायी जी ने कहा कि हम किसी कार्य को किस भाव से करते हैं, उसका प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति भोजन बनाते समय अच्छे और सकारात्मक भाव रखता है तो उस भोजन को ग्रहण करने वाले पर भी उसका अच्छा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने माता-पिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे लोग अत्यंत सौभाग्यशाली हैं, जिन्हें माता-पिता का सान्निध्य प्राप्त है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रातः माता-पिता का आशीर्वाद अवश्य लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने बच्चों को श्रवण कुमार जैसा बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने जीवनसाथी को श्रवण कुमार के आदर्शों पर चलने वाला बनाना होगा।

एक झलक

पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा आरोग्यम अस्पताल में भर्ती

हजारीबाग : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ समाजसेवी महावीर लाल विश्वकर्मा अस्वस्थ चल रहे हैं। बेहतर चिकित्सा के लिए उन्हें हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल के एमआईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, चिकित्सकों की टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए है और आवश्यकतानुसार उपचार एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने एमआईसीयू पहुंचकर पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही चिकित्सकों को उनके इलाज और देखभाल में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देने तथा आवश्यकता के अनुरूप बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। महावीर लाल विश्वकर्मा के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी मिलने के बाद उनके शुभचिंतकों, समर्थकों एवं परिचितों में उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है। लोग उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। आरोग्यम अस्पताल प्रबंधन की ओर से भी उनके जल्द स्वस्थ होकर सकुशल घर लौटने की कामना की गयी है।

पुलिस की बढ़ती दबिश के बीच ठेकेदार पंचम महतो को अपराधियों ने किया मुक्त

विष्णुगढ़ : ट्रांसमिशन लाइन के ठेकेदार पंचम महतो को हथियारबंद अपराधियों ने बंधक बनाकर जंगल के रास्ते से ले भागे थे। विष्णुगढ़ पुलिस की सक्रियता एवं बढ़ती दबिश के बीच हथियारबंद अपराधियों ने ट्रांसमिशन लाइन के ठेकेदार पंचम महतो को गुरुवार सुबह मुक्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, पंचम महतो श्रमिकों की तलाश में पनिमाको गांव जा रहे थे, इसी दरमियान रास्ते में तीन हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें बंधक बनाकर जंगल के रास्ते पहाड़पुर ले गए और दस लाख रुपये फिरौती की मांग की गई। रात में ठेकेदार ने परिजनों से फिरौती की राशि जुटाने की बात कही, जिसके बाद उनका मोबाइल बंद आने लगा। सूचना मिलने पर परिजनों ने विष्णुगढ़ थाने की पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद विष्णुगढ़ पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश शुरू कर दी। पुलिस की सक्रियता से घबराकर अपराधियों ने ठेकेदार को छोड़ भाग निकले। इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना प्रभारी सुभाष कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल पूरी गहनता से की जा रही है। इस मामले पर जांच पूरी होने के बाद इसकी पूरी जानकारी दी जायेगी। पुलिस इस मामले को लेकर पूरी गहनता से जुटी हुई है।

सर्वे के बाद पीएम आवास में देरी, पक्का मकान की राह ताक रहे लाभुक

बरही : प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत सर्वे होने के बाद भी लाभुकों को आवास योजना का लाभ मिलने में हो रही देरी से उनकी परेशानी बढ़ गयी है। सर्वे के बाद पात्रता की उम्मीद लगाये बैठे लाभुक अब पक्के मकान के लिए विभागीय प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। लाभुकों का कहना है कि सर्वे के दौरान उनकी स्थिति और आवास से संबंधित जानकारी दर्ज की गई थी। इसके बाद उन्हें उम्मीद थी कि जल्द ही योजना की स्वीकृति मिलेगी और आवास निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। लेकिन समय बीतने के बावजूद प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने से गरीब परिवारों की चिंता बढ़ती जा रही है।

जबर करम अखड़ा महोत्सव 15 सितम्बर को

विष्णुगढ़ : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की विष्णुगढ़ इकाई द्वारा बनासो पंचायत अंतर्गत बिलंडीटांड मैदान में जबर करम अखड़ा महोत्सव आयोजन को लेकर गुरुवार को बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो एवं संचालन प्रदीप कुमार ने किया। बैठक में आगामी 15 सितंबर को बिलंडीटांड मैदान में होने वाले जबर करम अखड़ा महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा कि आयोजन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएलकेएम के केन्द्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टायगर जयराम महतो रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिहारी महतो होंगे। कार्यक्रम में झारखंडी गायक व कलाकारों के साथ विभिन्न पंचायतों की गदहम झूमर टीमें शामिल होंगी। वक्ताओं ने कहा कि करम परब झारखंड की संस्कृति और परम्परा का प्रतीक है जो अच्छी फसल और स्वास्थ्य की कामना के साथ मनाया जाता है। बैठक में जिला महासचिव खेमनारायण महतो, जिला वरीय उपाध्यक्ष रामटहल महतो, जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार महतो, प्रखंड संगठन मंत्री विशेश्वर कुमार, अशोक महतो, जितेंद्र महतो, मुकेश कुमार, निर्मल महतो, प्रवीण कुमार, सुरेश महतो, वकील महतो, नीलकंठ महतो, सोमर महतो, संजीत कुमार, विजय कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नशा और साइबर ठगी से बचें : पंकज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण : गुरुवार को चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार के द्वारा प्रखण्ड के सिंहपुर में स्तिथ डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय, में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने पंकज कुमार ने कहा कि साइबर ठग बैंक, शादी का कार्ड सहित अन्य बहाने से एपीके लिंक भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करें और न ही अनजान व्यक्ति को ओटीपी बताएं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता पिता को भी बताने को कहा। साथ ही कहा कि साइबर ठगी की घटना होने पर तत्काल 1930 पर कॉल कर

शिकायत दर्ज कराएं। वहीं दुर्घटना, आगजनी या किसी अन्य आपात एवं आपदा की स्थिति में 112 पर कॉल करने की सलाह दी। थाना प्रभारी ने नशे को युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कहा कि न नशे का सेवन करें और न ही इसकी खेती व तस्करी में शामिल हों। नशीले पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों में कानूनी कार्रवाई होने पर भविष्य में चरित्र प्रमाणपत्र और सरकारी नौकरी पाने में परेशानी हो सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, महिला प्रताड़ना और डायन कुप्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति भी जागरूक किया। पंकज कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में थाने में कम उम्र के लड़के-लड़कियों से जुड़े मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने नाबालिगों को कानून की जानकारी देते हुए गलत कदम उठाने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी और उसका पालन ही सुरक्षित भविष्य की नींव है। विद्यार्थियों से गलत संगति से दूर रहने और पढ़ाई पर ध्यान देकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने थाना प्रभारी पंकज कुमार का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं में सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करने में उनके योगदान के लिए विद्यालय के संस्थापक सदस्य अरविंद सिन्हा, प्रबंधक चंदन कुमार एवं प्राचार्या डॉ. ममता कुमारी ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बिना रेडियोलॉजिस्ट व अर्हता प्राप्त चिकित्सक के अल्ट्रासाउंड जांच नहीं करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : उपायुक्त हेमन्त सती ने जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में संचालित अल्ट्रासाउंड एवं जांच केंद्रों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बिना रेडियोलॉजिस्ट अथवा अर्हता प्राप्त चिकित्सक की उपस्थिति के अल्ट्रासाउंड जांच नहीं की जाये। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड एवं जांच केंद्रों की नियमित निगरानी एवं जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी जांच केंद्र में निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बिना रेडियोलॉजिस्ट एवं अर्हता प्राप्त चिकित्सक के अल्ट्रासाउंड किया जाता पाया गया, तो संबंधित केंद्र के विरुद्ध पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी संबंधित जांच केंद्र संचालकों को निदेर्शों का गंभीरता से अनुपालन करने तथा अल्ट्रासाउंड जांच से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने उपाधीक्षक अनुमंडल अस्पताल बरही एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला हजारीबाग को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र के अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का जांचकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों में लिंग परीक्षण हो रही हो तो त्वरित वैधानिक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाये।

ज्ञान तभी सार्थक है, जब उसमें विज्ञान के साथ संस्कार और मूल्यों का समावेश हो : सुनील कुमार चतुर्वेदी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड अंतर्गत दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्राचार्य, मुख्य वक्ता, प्राध्यापकगण ने विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया। ज्ञान, शिक्षा एवं भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पित इस व्याख्यान श्रृंखला में आज का विषय 'आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परम्परा की प्रासंगिकता' रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में ग्रिज्जली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोडरमा के प्राचार्य डॉ. मोहित तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'भारतीय ज्ञान परम्परा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि आधुनिक शिक्षा को मूल्य, नैतिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समग्र व्यक्तित्व विकास से समृद्ध करने वाली एक सशक्त आधारशिला है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने स्वागत

सम्बोधन में कहा कि ज्ञान तभी सार्थक है, जब उसमें विज्ञान के साथ संस्कार और मूल्यों का समावेश हो। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रशिक्षुओं ने मुख्य वक्ता के विचारों को अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना और विषय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपनी जिज्ञासाएं भी प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओमकारनाथ शर्मा और संक्षिप्तिकरण एवं आभार सरोज श्रीवास्तव ने किया। उपस्थित रहने वालों में आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमारी स्वर्णा मिश्र, एचओडी बबली कुमारी, वीरेंद्र देव, राघवेंद्र प्रताप, डॉ. सतीश चंद यादव, अशोक कुमार झा, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार,

विश्वकर्मा पूजा को लेकर खेरौन मंदिर परिसर में बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत के खेरौन गांव स्थित मंदिर परिसर में विश्वकर्मा पूजा के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रद्युमन सिंह ने की। बैठक के दौरान विश्वकर्मा पूजा समारोह को सफल एवं भव्य रूप से आयोजित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही समिति के पुनर्गठन को लेकर सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से ओम प्रकाश सिंह को समिति का अध्यक्ष, लोकेश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, गोपाल कुमार साव को उपाध्यक्ष तथा पवन सिंह को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विश्वकर्मा पूजा समारोह को धूमधाम एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर अपने-अपने विचार रखे। सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आपसी सहयोग एवं एकजुटता के साथ कार्य करने का निर्णय लिया। मौके पर भाजपा नेता प्रद्युमन सिंह, लोकेश सिंह, बीरबल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, उमेश सिंह, अवधेश सिंह, राज कुमार सिंह, अभय सिंह, छोटी साव, अरुण सिंह, अवध सिंह, सकलदेव सिंह, प्रदीप साव रंजीत सिंह विरेन्द्र साव आनंद सिंह मुकेश यादव बिरबल सिंह सलेन्द सिंह प्रवीण सिंह राहुल सिंह कारू साव अवधेश सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन, सेवा संकल्प अभियान की बनी रूपरेखा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग पर स्थित झारखंड मैरिज हॉल में गुरुवार को भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पांडेय ने की, जबकि संचालन महामंत्री राजेश सोनी के द्वारा किया गया। बैठक में जिला से पहुंचे संगठन पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती को लेकर मार्गदर्शन दिया। बैठक में हजारीबाग जिला संगठन प्रभारी एवं सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन दास, जिला महामंत्री जय नारायण मेहता, जिला महामंत्री सह वीएलए-1 विधानसभा प्रभारी सर्वेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, मंडल प्रभारी भुवनेश्वर पटेल एवं जिला मंत्री इंद्रनारायण कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संगठन प्रभारी किशुन दास ने कार्यकताओं से आपसी समन्वय के साथ पार्टी की नीतियों एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं उनके 25 वर्षों के सेवा, समर्पण और जनसेवा से जुड़े सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा कर उन्हें सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पांडेय ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर है। वहीं सर्वेश सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और सभी को मिलकर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देनी चाहिए।

सड़क व पुलिया की स्थिति बदहाल, आवागमन में हो रही परेशानी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : प्रखंडअंतर्गत करियातपुर पंचायत एवं दुलमाहा पंचायत को जोड़ने वाला सड़क बिल्कुल जर्जर हालत में हो गया है साथ दुलमाहा गांव के घटरवा पुलिया की स्थिति बिल्कुल जर्जर हो गया है। पुल के दोनों ओर बने गार्डवाल एवं पुलिया अंदर से कई जगह क्षतिग्रस्त है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिया के बगल मिट्टी रोकने के लिए बनाया गया दीवार लगातार बारिश के कारण मिट्टी बह गया है और आसपास मिट्टी का कटाव का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का कालीकरण हुए लगभग 10 वर्ष हो गया तब से एक बार भी मररमति का कार्य नहीं हुआ जिसके कारण सड़क में जगह जगह बड़ी छोटी कई गड्ढे हो गए हैं वहीं क्षतिग्रस्त पुलिया कभी भी दुर्घनाग्रस्त हो सकता है। यह सड़क करियातपुर मुख्य बाजार से दुलमाहा लखना गांव को जोड़ती है। इस सड़क मार्ग से लगभग दर्जनों गांवों के लोगों का आना जाना लगा रहता है जिनमें बुंडू तेलोडीह, केंदुआ, शाहपुर, बेलादोहर बेल्हारा सहित बिजैया, डपोक, कोल्वा कला सहित कई पंचायत शामिल है।

फेवर ब्लॉक लगाने व नाली निर्माण की मांग मुखिया ने पथ निर्माण विभाग को सौंपा पत्र

चौपारण : प्रखंड क्षेत्र के जवनपुर पंचायत की मुखिया जानकी यादव ने चतरा-चौपारण मुख्य सड़क के महराजगंज हाट बाजार के मुनम मोड से सिंहपुर पास सड़क किनारे फेवर ब्लॉक लगाने की मांग एवं नाली के मांग की है। इस संबंध में उन्होंने पथ निर्माण विभाग, चतरा के कार्यपालक अभियंता को पत्र सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। मुखिया द्वारा दिए गए पत्र में कहा गया है कि उक्त क्षेत्र में हाट बाजार का आयोजन होता है, जहां आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, दुकानदार एवं व्यापारी पहुंचते हैं। बाजार के दिनों में लोगों की भारी भीड़ जुटने के कारण आवागमन में भी परेशानी होती है।

आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग को लेकर सवर्ण समाज करेगा सत्याग्रह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण देने और जातिगत आरक्षण हटाने की मांग को लेकर 12 सितंबर को जिला परिषद चौक पर सवर्ण एकता मंच ने सत्याग्रह करने का ऐलान किया है। इसको लेकर गुरुवार को प्रधान कैफेटेरिया में समाज के लोगों ने प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सवर्ण एकता मंच के संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि जातिगत आरक्षण के खिलाफ पूरे देश में चल रहे विरोध को मजबूती देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आगे कहा कि जाति के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था को लेकर समाज के एक वर्ग में लंबे समय से असंतोष है। मंच का कहना है कि आरक्षण व्यवस्था में सभी जातियों के आर्थिक स्थिति को ही आधार बनाया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर संगठन लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज करायेगा।

शांतिपूर्ण तरीके से सरकार तक पहुंचायेंगे अपनी आवाज

दीपक नाथ सहाय ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी जाति या समुदाय का विरोध करना नहीं है। हम जातिगत आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। 12 सितंबर को हड़ताली चौक पर उपवास-सह-सत्याग्रह के माध्यम से अपनी मांग रखेंगे। वहीं बप्पी करण और प्रभात प्रधान ने कहा कि युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करता हूं। अधिक से अधिक लोगों को भागीदारी से आंदोलन को मजबूती मिलेगी। मंच ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण रहेगा और किसी प्रकार के विवाद या टकराव से बचते हुए संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पदाधिकारियों ने लोगों से 12 सितंबर को हड़ताली चौक पहुंचकर उपवास- सह- सत्याग्रह को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर सुनील सिंह राठौर, बलराम शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

85 छात्र-छात्राओं के बीच बांटी गयी साइकिल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री +2 उच्च विद्यालय बिजैया के प्रांगण में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं विशिष्ट अतिथि बरही उपप्रमुख देवालाल कुशवाहा उपस्थित हुए। इस दौरान विद्यालय के कुल 85 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। किशुन यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय तक पहुंचने में दूरी एक बड़ी बाधा होती है। साइकिल मिलने से बच्चों का समय बचेगा और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने में सुविधा होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने तथा निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार ने की। वहीं प्रधानाध्यापक मोहम्मद फारूक आलम ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। मौके पर शिक्षक राकेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद आर्य, वेद प्रकाश, कुलदीप राणा, रवींद्र किशोर वर्मा, तपेश्वर राम, रोशन कुमार प्रसाद, बसंत नारायण, शिक्षिका सुनीता किरण, अभय कुमार सिंह सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

किसानों को रोग-कीट नियंत्रण का दिया गया प्रशिक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड के भेलवारा पंचायत अंतर्गत गोलगो गांव में बुधवार को एनएफएसएनएम (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन) के तहत श्री अन्न क्रॉपिंग सिस्टम विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को मडुवा की वैज्ञानिक एवं उन्नत खेती की जानकारी देने के साथ फसल में लगने वाले प्रमुख रोगों और कीटों की पहचान तथा उनके नियंत्रण के उपाय बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मडुवा उत्पादन की वैज्ञानिक पद्धति, खेत की तैयारी, फसल प्रबंधन तथा बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

किसानों को बताया गया कि पारंपरिक खेती के साथ वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर मडुवा की फसल का बेहतर उत्पादन और गुणवत्ता प्राप्त की जा सकती है। रोग-कीट की समय पर पहचान जरूरी कार्यक्रम में मडुवा की फसल में लगने वाले प्रमुख रोग एवं कीटों की पहचान पर विशेष जोर दिया गया। किसानों को बताया गया कि फसल में रोग अथवा कीट के शुरूआती लक्षणों की पहचान कर समय रहते नियंत्रण के उचित उपाय अपनाने से फसल को होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने मडुवा की खेती से संबंधित विभिन्न समस्याओं और सवालों को भी रखा। संबंधित कृषि कर्मियों ने किसानों को आवश्यक जानकारी देते हुए वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही श्री अन्न फसलों को बढ़ावा देने और उपलब्ध कृषि तकनीकों का बेहतर उपयोग करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बीटीएम (प्रखंड तकनीकी प्रबंधक), कृषक मित्र सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को मडुवा समेत श्री अन्न फसलों की वैज्ञानिक खेती से जोड़ना, उत्पादन बढ़ाने की तकनीक से अवगत कराना तथा रोग एवं कीट प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा।

आचार्य विनोबा भावे जयंती समारोह का आयोजन आज

हजारीबाग : विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति 11 सितंबर को आचार्य विनोबा भावे जयंती समारोह का आयोजन किया जायेगा। पूर्वाहन 10:45 को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा के द्वारा आचार्य विनोबा भावे की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के साथ समारोह का शुभारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात राजनीति विज्ञान विभाग के प्रशाल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इधर गुरुवार को विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग तथा राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था आचार्य विनोबा भावे के जीवन दर्शन तथा भूदान आंदोलन।

लेह में सांसद ने गुणवत्ता मानकों पर हुई चर्चा में लिया हिस्सा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने लद्दाख के लेह में आयोजित संसदीय स्थायी समिति (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) की अध्ययन यात्रा के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने 'बीआईएस मानकों के गुणवत्ता नियंत्रण और प्रवर्तन में सुधार' विषय पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लिया। अध्ययन यात्रा के क्रम में लद्दाख में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के निर्धारित मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। चर्चा में उपभोक्ताओं को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और मानकों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में बाजार में उपलब्ध उत्पादों की नियमित गुणवत्ता जांच, बीआईएस मानकों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई और उपभोक्ताओं के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठे। वहीं लद्दाख जैसे दुर्गम और भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में गुणवत्ता मानकों के अनुपालन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी चर्चा की गई। सांसद मनीष जायसवाल ने समिति की चर्चा में भाग लेते हुए गुणवत्ता नियंत्रण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने और उपभोक्ता हितों की बेहतर सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को समझने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता मानकों का प्रभावी अनुपालन सीधे तौर पर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और अधिकारों से जुड़ा विषय है। संसदीय स्थायी समिति की यह अध्ययन यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण से संबंधित व्यवस्थाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान सामने आने वाले अनुभवों और सुझावों के आधार पर संबंधित व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के लिए समिति द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलवक्त सांसद मनीष जायसवाल इसी अध्ययन यात्रा में हैं।

सुदिव्य कुमार सोनू को झामुमो ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, उनके संघर्ष और जनसेवा को किया याद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) हजारीबाग जिला समिति द्वारा गुरुवार को हीराबाग चौक स्थित पार्टी कार्यालय में झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं झामुमो के कद्दावर नेता रहे दिवंगत सुदिव्य कुमार सोनू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने की, जबकि संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया। इस दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा को

संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन झारखंड की राजनीति और झामुमो परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू एक जुझारू, कर्मठ और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील जनप्रतिनिधि थे। संगठन को मजबूत करने तथा आम जनता की आवाज को सरकार तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनका जाना पार्टी के लिए एक बड़ा शून्य छोड़ गया है। जिला सचिव नीलकंठ महतो ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा गरीब, मजदूर, किसान और वंचित तबकों की आवाज बुलंद की। वे एक ऐसे नेता थे जिन्होंने संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया। उनका संघर्ष और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरव पटेल ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू ने बेहद साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर अपने संघर्ष, मेहनत और जनसेवा के बल पर राजनीति में विशिष्ट पहचान बनाई थी। उन्होंने कहा कि वे झामुमो की विचारधारा और आंदोलनकारी परंपरा के सच्चे सिपाही थे। झारखंड, विशेषकर गिरिडीह क्षेत्र के विकास के लिए उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष यासीन खान ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू सभी वर्गों और समुदायों के बीच समान रूप से लोकप्रिय थे। उन्होंने कभी जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर राजनीति नहीं की, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का प्रयास किया। उनका निधन राज्य की जनता के लिए भी बड़ी क्षति है।

सात मील चौक पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने शहीद महेन्द्र प्रताप सिंह को दी श्रद्धांजलि

कौशिक अमावस्या पर लिलोरी स्थान में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : कौशिक अमावस्या के अवसर पर गुरुवार को लिलोरी स्थान श्मशान घाट स्थित काली मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। पूजा को लेकर मंदिर परिसर को फूलों, आकर्षक रोशनी, टेंट और अन्य सजावटी सामग्री से भव्य रूप से सजाया गया था।

श्रद्धालुओं ने पुजारी किशोरी पंडित के नेतृत्व में विधि-विधान से मां काली की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। पूजा के उपरांत महाभोग भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कौशिक अमावस्या की रात लिलोरी स्थान श्मशान घाट स्थित काली मंदिर में विशेष साधना का भी आयोजन होगा। आसपास के क्षेत्रों के अलावा दूर-दराज से पहुंचे साधक रात 12 बजे के बाद श्मशान घाट में अपनी-अपनी साधना में लीन होंगे। इस दौरान मां काली की आराधना के साथ सिद्धि साधना की जाएगी। साधना को लेकर मंदिर समिति की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। समिति के अध्यक्ष विक्की डोम, कोषाध्यक्ष रवि डोम, सचिव सोनू चौहान सहित सुमित स्वर्णकार, भोलू डोम, आकाश डोम, चांदु तुरी, विशेश्वर डोम, रामु डोम, विकास डोम, विशाल डोम, रोहित यादव, मोनू साव, कर्ण हरि, संतोष चौहान, ऋतिक रवानी, विनय सिंह, रवि साव, रोशन ठाकुर, बलराम स्वर्णकार, दीपक गिरी, विक्की रवानी, जगन्नाथ चौहान और दीपक विश्वकर्मा समेत अन्य सदस्य तैयारियों में जुटे रहे।

भादो अमावस्या पर कतरास काली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बाघमारा (धनबाद) : कतरास बाजार हटिया स्थित करीब 800 वर्ष पुराने ऐतिहासिक काली मंदिर में गुरुवार को भादो अमावस्या का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मां काली के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। भादो अमावस्या को लेकर मंदिर परिसर को मंदिर कमेटी की ओर से रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पुजारी ने विधि-विधान से मां काली की पूजा-अर्चना और आरती संपन्न कराई। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाभंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया जायेगा। वहीं, रात में भक्तिमय माहौल बनाने के लिए भगवती जागरण का आयोजन किया गया है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर कमेटी के सदस्य लखन कुमार राय, पोरेश कुमार दत्ता, सूरज चौरसिया, प्रियांशु चौरसिया, लक्ष्मण केशरी सहित अन्य सदस्य व्यवस्था संभालने में जुटे रहे।

भादो अमावस्या महोत्सव पर झरिया में निकली भव्य कलश शोभायात्रा

झरिया (धनबाद) : श्री रानी सती मंदिर झरिया में चल रहे भादो अमावस्या महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं राजस्थानी परिधान में सज-धजकर शामिल हुईं। सिर पर मंगल कलश धारण कर महिलाएं रानी सती दादी के जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। शोभायात्रा से पूर्व पंडित मुना शास्त्री ने दादी जी के कलश एवं ध्वजा की विधिवत पूजा-अर्चना कराई। प्रधान कलश पूजन के यजमान सूरज झुनझुनावाला रहे। इसके बाद मंदिर परिसर से निकली शोभायात्रा सब्जी पट्टी, बाटा मोड़, मुख्य मार्ग, चिल्ड्रेन पार्क और लाल बाजार होते हुए पुनः रानी सती मंदिर पहुंची। यहां कलश एवं ध्वजा दादी जी को अर्पित किये गये। शाम को रानी सती दादी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। इसके बाद अखंड ज्योति की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने ज्योत ली। रात सात बजे से भजन संध्या शुरू हुई। भजन गायिका जूली खंडेलवाल (रानीगंज) एवं स्थानीय मंडली ने देर

रात तक भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते रहे। महोत्सव को सफल बनाने में द्वारका प्रसाद गोयनका, अरुण झुनझुनवाला, नथमल अग्रवाल, छेदी तुलस्यान, आलोक अग्रवाल, सत्यनारायण भोजगढ़िया, अनिल खेमका, संदीप सांवरिया, अनिल चौधरी, गोपाल अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, पुनीत गोयनका, संदीप कटेसरिया, संजय झुनझुनवाला, बृजमोहन अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अनिल भिवानीवाला, संजय कथूरिया आदि सक्रिय रहे। सुबह पांच बजे मंगला आरती एवं पंचधारी भोग, छह बजे पूजन-जाट जडूला, 10:30 बजे खीर-पुड़ा भोग, शाम पांच बजे दादी जी का भव्य श्रृंगार, छह बजे छप्पन भोग और रात सात बजे से कीर्तन का आयोजन होगा।

किन्नर समाज की पहल को कुंभनाथ सिंह व उदय प्रताप सिंह ने बताया सामाजिक एकता का संदेश

अखंड संकीर्तन में उमड़ी श्रद्धा, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : झारखंड प्रदेश किन्नर समाज के तत्वावधान में 16वें वार्षिक 24 घंटे के अखंड संकीर्तन एवं शिव चर्चा का आयोजन किया गया। छम-छम देवी के नेतृत्व में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में समाजसेवी कुंभनाथ सिंह एवं उदय प्रताप सिंह शामिल हुए। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाली सराहनीय पहल बताया। कुंभनाथ सिंह और उदय प्रताप सिंह ने कहा कि किन्नर समाज की ओर से आयोजित अखंड संकीर्तन समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य कर रहा है। ऐसे धार्मिक आयोजन आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज का आशीर्वाद लोगों के जीवन में शुभ और कल्याणकारी माना जाता है।

संकीर्तन के दौरान शीला एंड टीम, रेणुका रमन एवं राज वल्लभ की टीम, मुन्ना कुमार साहनी एंड टीम तथा आरती कुमारी एंड टीम ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों की मधुर धुन पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। पूरा आयोजन स्थल भक्ति और आस्था के माहौल में डूबा रहा। इस अवसर पर छम-छम देवी ने कुंभनाथ सिंह एवं उदय प्रताप सिंह को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा भगवान कृष्ण-राधा की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने दोनों को आशीर्वाद भी दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाज के लोग मौजूद रहे।

पाथरडीह रेलवे अस्पताल में लगा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य जांच शिविर

पाथरडीह (धनबाद) : पूर्व मध्य रेलवे के पाथरडीह लोको बाजार स्थित रेलवे अस्पताल में गुरुवार को रेल मंडल अस्पताल धनबाद की ओर से बहुउद्देशीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रेलकर्मियों, सेवानिवृत्त रेलकर्मियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 150 लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यकतानुसार दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों की रक्तचाप, रक्त शर्करा, खांसी-बुखार, पेट दर्द सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की। महिलाओं में खून की कमी की जांच के साथ ईसीजी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जांच के दौरान कई ऐसे रेलकर्मी भी मिले, जिन्होंने लंबे समय से अपने स्वास्थ्य की जांच नहीं कराई थी। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराने के कारण उनमें कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का पता चला। शिविर में डॉ. केएस लाल, डॉ. अल्का सिंह और डॉ. अभिषेक कुमार ने मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा दवाएं वितरित कीं।

कोयला कारोबारियों से लेवी वसूली के फिराक में घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग/गिद्दी : कोयला कारोबारियों से लेवी व रंगदारी वसूलने की कोशिश कर रहे अपराधियों के खिलाफ गिद्दी थाना पुलिस ने बड़ी और साहसिक कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई में ?40 हजार नकद, दो वीवो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 10 सितंबर 2026 को गिद्दी थाना प्रभारी पुअनि मो. इकबाल हुसैन को गुप्त सूचना मिली कि राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से गिद्दी क्षेत्र में पहुंचकर कोयला कारोबारियों से लेवी व रंगदारी वसूलने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने तत्काल वरीय पदाधिकारी को सूचना दी और छापामारी टीम का गठन कर स्वयं कार्रवाई का नेतृत्व किया। पुलिस टीम ने सूचना का सत्यापन करते हुए अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी और उनका पीछा शुरू किया। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक रामगढ़ की ओर भागने का प्रयास कर रहे थे। टोंगी-गिद्दी मेन रोड के पास पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन दोनों भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से लेवी की रकम, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मन्तु कुमार साव (19 वर्ष), पिता प्रमोद साव तथा अभिनाश कुमार (करीब 18 वर्ष), पिता राजेश साव, दोनों रामगढ़ क्षेत्र के निवासी के रूप में हुई है। पूरी कार्रवाई में गिद्दी थाना प्रभारी इकबाल हुसैन की तत्परता, साहस और सूझबूझ विशेष रूप से सामने आई। गुप्त सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करना, टीम का नेतृत्व करते हुए अपराधियों का पीछा करना और उन्हें दबोचकर लेवी की रकम व वाहन बरामद करना उनकी सक्रिय कार्यशैली को दर्शाता है।

भाजपा के डीसी कार्यालय घेराव पर कांग्रेस का पलटवार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : भाजपा धनबाद महानगर एवं ग्रामीण द्वारा बरवाअड्डा स्थित उपायुक्त कार्यालय के घेराव को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा छात्रों और युवाओं के नाम पर राजनीति करने के बजाय पहले अपने शासन वाले राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं और बेरोजगारी की स्थिति पर जवाब दे। संतोष सिंह ने कहा कि जेएसएससी-जेपीएससी परीक्षाओं में यदि कहीं अनियमितता हुई है तो निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस परीक्षा संबंधी किसी भी गड़बड़ी के पक्ष में नहीं है, लेकिन भाजपा छात्रों के मुद्दे को राजनीतिक हथियार बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली और बिहार में छात्रों के आंदोलनों के दौरान लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल हुआ, तब भाजपा चुप रही। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं को भाषण और नारे नहीं, रोजगार तथा पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया चाहिए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की युवाओं के बीच बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा में बेचैनी है। उन्होंने प्रदर्शन में दवा घोटाले और कोयला तस्करी से जुड़े लोगों के शामिल होने का भी आरोप लगाया। संतोष सिंह ने भाजपा से पूछा कि क्या वह अपने शासन वाले राज्यों में परीक्षा अनियमितताओं और बेरोजगारी के खिलाफ भी सड़क पर उतरने का साहस करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों की जायज मांगों के साथ खड़ी है और युवाओं के सम्मान, रोजगार व बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

घायल बीएलए-2 से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष इलाज में हरसम्भव सहयोग का भरोसा

धनबाद : गोविंदपुर प्रखंड की बिराजपुर पंचायत के कोनारटांड़ आदिवासी टोला निवासी कांग्रेस के बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) सुरेंद्र कुमार मरांडी के पेड़ से गिरकर रीढ़ की हड्डी टूटने की सूचना मिलने पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह गुरुवार को उनके गांव पहुंचे। उन्होंने घायल सुरेंद्र मरांडी से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही परिजनों से इलाज की स्थिति और आर्थिक परेशानियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। कठिन परिस्थितियों में पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को अकेला नहीं छोड़ती। उन्होंने सुरेंद्र मरांडी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष ने कतरास के चिकित्सक डॉ. उमाशंकर सिंह से दूरभाष पर बात कर सुरेंद्र मरांडी की आर्थिक स्थिति को देखते हुए इलाज में हरसंभव सहयोग करने का आग्रह किया।

पंडरा बाजार की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करायेगी टीम तुलसी पटेल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल का प्रचार अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। टीम के सदस्य विभिन्न बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यवसायियों से संवाद कर रहे हैं और टीम के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को टीम के सदस्यों ने पंडरा बाजार का दौरा किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने बाजार के व्यवसायियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। व्यवसायियों ने पंडरा बाजार में शौचालय, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सड़क समेत कई मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को टीम के समक्ष रखा। व्यवसायियों ने बताया कि बाजार में बड़ी संख्या में

व्यापारिक गतिविधियां होने के बावजूद कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इससे व्यवसायियों के साथ-साथ ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। टीम तुलसी पटेल के सदस्यों ने व्यवसायियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पंडरा बाजार समेत राज्य के सभी कृषि बाजार की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर कराने का प्रयास किया जायेगा। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कृषि मंत्री से भी मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों के हितों की रक्षा करना और बाजारों में बेहतर व्यापारिक माहौल उपलब्ध कराना टीम की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेड़ी, रंजीत गाड़ोदिया, दीपक मारु, प्रवीण जैन छाबड़ा, धीरज तनेजा और परेश गट्टानी ने व्यवसायियों को भरोसा दिलाया कि चैंबर के माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं को संबंधित विभागों और सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर समन्वय स्थापित कर प्रभावी पहल की जाएगी। जनसंपर्क के दौरान टीम के सदस्यों ने रांची चेंबर ऑफ कॉमर्स के संजय महुरी, आलू-प्याज थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद, संतोष सिंह, मनोज अग्रवाल, रोहित कुमार, कौशिक मदानी, अनिल शर्मा, हरेंद्र सिंह, रोबिन गुप्ता, राहुल चौधरी, किसन साबू, पंकज साबू, शंभु अग्रवाल समेत अन्य व्यवसायियों से मुलाकात की। टीम के सदस्यों ने व्यवसायियों से चुनाव में टीम तुलसी पटेल के पक्ष में मतदान कर समर्थन देने की अपील की।

वीर अब्दुल हमीद की शहादत को किया नमन, समाजसेवियों का सम्मान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : इंदिरा चौक स्थित आरएस गार्डन में गुरुवार को परमवीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन की ओर से परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का 61वां शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वीर अब्दुल हमीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। उपस्थित लोगों ने उनके अदम्य साहस, देशभक्ति और देश की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस

अवसर पर एससी-एसटी-ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद देश की शान थे। वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में उन्होंने अद्भुत वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन के कई पैटन टैंकों को नष्ट किया था। उनकी बहादुरी और बलिदान देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाने रहमत ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद हर हिंदुस्तानी के दिल में बसे हैं। उनकी शहादत को देश कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी को वीर अब्दुल हमीद के जीवन, साहस और देशभक्ति से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में महासचिव केसर साहब, पार्षद मुन्नीलाल राम, प्रेमचंद दास, अखलाक अंसारी, अदीद अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

राजनीतिक दलों की आड़ में बंद विद्युत सब स्टेशन पर कब्जे का प्रयास विफल

सिन्दरी (धनबाद) : रोहड़ाबांध स्थित बंद विद्युत सब स्टेशन पर कथित रूप से कब्जा करने के प्रयास को एफसीआई प्रबंधन ने विफल कर दिया। प्रबंधन के निर्देश पर गुरुवार को जेसीबी मशीन से बंद सब स्टेशन के भवन को ध्वस्त कर उसका अस्तित्व समाप्त कर दिया गया। इस कार्रवाई की सूचना एफसीआई के दिल्ली स्थित मुख्यालय को दे दी गयी है। प्रबंधन के अनुसार, सब स्टेशन के बंद होने के बाद वहां से सभी विद्युत उपकरण और अन्य सामान निकाल लिए गए थे। इसके बाद कांग्रेस, झामुमो और जनता मजदूर संघ बच्चा गुट से जुड़े लोगों ने परिसर के अलग-अलग हिस्सों में अपने-अपने संगठन के बैनर लगा दिए और कब्जे वाले हिस्से में ताला लगा दिया। इससे सब स्टेशन पर कब्जे को लेकर विभिन्न गुटों के बीच शक्ति प्रदर्शन की स्थिति बनने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। मामले की जानकारी एफसीआई प्रबंधन ने दिल्ली स्थित मुख्यालय को दी। कब्जे की आशंका को देखते हुए परिसर में होमगार्ड जवानों की तैनाती भी बढ़ा दी गयी। मुख्यालय ने जिला प्रशासन को भी स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार ने संबंधित दलों के लोगों को परिसर से पोस्टर-बैनर हटाने का निर्देश दिया। मुख्यालय के आदेश के बाद प्रबंधन ने जेसीबी लगाकर बंद सब स्टेशन को जमींदोज कर दिया।

बीआईटी सिन्दरी में नवप्रवेशित छात्रों को तकनीक के साथ रचनात्मकता से जुड़ने की सीख

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिन्दरी (धनबाद) : बीआईटी सिन्दरी में नवप्रवेशित बीटेक विद्यार्थियों के इंडक्शन कार्यक्रम के तहत विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को साहित्यिक गतिविधियों की भूमिका के साथ संस्थान की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक परंपराओं से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास और रचनात्मक सोच को भी महत्व देने की सीख दी। विशेष सत्र में हर्षवर्द्धन सिंह, आईआरएएस, डिविजनल फाइनेंस मैनेजर, धनबाद ने विद्यार्थियों को भीड़ का अनुसरण करने के बजाय अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आधुनिक तकनीकी युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि विद्यार्थी की शाखा उसकी संभावनाओं की सीमा निर्धारित नहीं करती। उन्होंने 4 सी–क्षमता, जिज्ञासा, संवाद-कौशल और चरित्र को सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल शॉर्टकट के रूप में नहीं, बल्कि सार्थक और रचनात्मक कार्यों के लिए उपयोगी साधन के रूप में करना चाहिए।

इस अवसर पर सीडीसी के चेयरमैन डॉ. धनश्याम एवं निदेशक डॉ. पंकज राय ने हर्षवर्द्धन सिंह को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. आरके वर्मा, चेयरमैन इंडक्शन प्रोग्राम, डॉ. राहुल कुमार, कन्वेनर इंडक्शन प्रोग्राम तथा प्रो. संजय पाल का सक्रिय योगदान रहा।

अड्डाबाजी और खुले में शराब सेवन पर पुलिस का शिकंजा, 28 हिरासत में

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : सार्वजनिक स्थानों पर अड्डाबाजी और खुले में शराब सेवन करने वालों के खिलाफ धनबाद पुलिस ने बुधवार की देर शाम को जिलेभर में विशेष जांच अभियान चलाया। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने सघन जांच की। अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से जमावड़ा लगाने वालों की जांच की। खुले में शराब का सेवन करने और सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित करने वालों पर भी पुलिस की विशेष नजर रही। जांच के क्रम में कुल 28 लोगों को हिरासत में लिया गया।

हिरासत में लिये गये लोगों को संबंधित थानों में ले जाकर पूछताछ और पहचान का सत्यापन किया गया। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने उनके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाना और आम लोगों के बीच सुरक्षा की भावना मजबूत करना है। एसएसपी प्रभात कुमार ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर अड्डाबाजी, शराब सेवन अथवा अन्य अवांछित गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे लोगों के खिलाफ नियमित रूप से जांच और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

फरार वारंटी प्रकाश डोम गिरफ्तार न्यायालय के आदेश पर भेजा गया जेल

बाघमारा (धनबाद) : कतरास थाना पुलिस ने फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी प्रकाश डोम उर्फ ओम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। अभियान का नेतृत्व कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारंटी प्रकाश डोम उर्फ ओम प्रकाश, पिता हीरालाल डोम, खास गोविंदपुर, कतरास थाना क्षेत्र का निवासी है। उसके खिलाफ जीआर केस संख्या 269/14 के तहत न्यायालय से वारंट निर्गत था। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में उपस्थापन के बाद आदेश के अनुसार प्रकाश डोम उर्फ ओम प्रकाश को धनबाद मंडल कारा भेज दिया गया।

कर्मियों को बंधक बना कर 250 मीटर कॉपर केबल लूटा, पिट वाटर की आपूर्ति ठप

बाघमारा (धनबाद) : रामकनाली कोलियरी की बंद भूमिगत तीन नंबर खदान में बुधवार की देर रात हथियारबंद अपराधियों ने तीन बीसीसीएल कर्मियों को बंधक बनाकर करीब 250 मीटर कॉपर केबल काटकर लूट लिया। केबल चोरी होने के कारण आसपास के इलाकों में पिट वाटर की आपूर्ति भी ठप हो गई। घटना के बाद कोलियरी प्रबंधन और पुलिस में हड़कंप मच गया। भुक्तभोगी कर्मियों के अनुसार, रात करीब डेढ़ बजे 15-20 की संख्या में अपराधियों का दल पंखा घर में लगी लोहे की रॉड क्षतिग्रस्त कर खदान के अंदर दाखिल हुआ। अपराधियों के हाथों में लाठी-डंडे, रॉड, आरी और सब्बल थे। उन्होंने माइनिंग सरदार संजय प्रसाद, गार्ड सोमर मांझी और लटन दास को बंधक बना लिया तथा उनके केपलैंप छीनकर एक स्थान पर बैठा दिया। इसके बाद अपराधियों ने खदान के अंदर केबल काटना शुरू कर दिया। करीब एक घंटे तक केबल काटने के बाद अपराधियों ने कर्मियों के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद करीब 250 मीटर कॉपर केबल लेकर सभी अपराधी उसी रास्ते से फरार हो गए। जाते समय वे केपलैंप वहीं फेंक गए। जांच के दौरान खदान के अंदर करीब 10 पिलर तक केबल काटे जाने की बात सामने आई है।

एक झलक

बैंक ऐप डाउनलोड कराने के नाम पर 4.44 लाख की साइबर ठगी

जोड़ापोखर (धनबाद) : जेलगोड़ा भुली क्वार्टर निवासी एवं जेलगोड़ा अस्पताल में कार्यरत राम बालक सिंह साइबर ठगी के शिकार हो गए। साइबर अपराधियों ने बैंक कर्मचारी बनकर उन्हें बैंक ऑफ इंडिया का ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी और इसी बहाने उनके खाते से 4 लाख 44 हजार 413 रुपये की निकासी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित ने धनबाद साइबर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। राम बालक सिंह के अनुसार, सात सितंबर की शाम उन्हें अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया का ऐप डाउनलोड करने से बैंकिंग लेन-देन आसान हो जाएगा। पीड़ित ने उसकी बातों पर भरोसा कर बैंक से संबंधित प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने बताया कि नौ सितंबर को वह बैंक ऑफ इंडिया की भागा शाखा भी पहुंचे थे। इसके अगले दिन 10 सितंबर की सुबह 8:34 बजे से 9:14 बजे के बीच उनके खाते से लगातार 16 लेन-देन किए गए। इन सभी लेन-देन के माध्यम से कुल 4,44,413 रुपये निकाल लिए गए। मोबाइल पर खाते से राशि कटने के संदेश आने के बाद राम बालक सिंह को ठगी का पता चला। वह तत्काल बैंक पहुंचे, जहां अधिकारियों ने उन्हें साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। इसके बाद उन्होंने धनबाद साइबर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दी और मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा राशि वापस कराने की मांग की है।

अवध नारायण प्रसाद को एससी मोर्चा की जिम्मेदारी मिलने पर दी बधाई

बाघमारा (धनबाद) : धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह बाघमारा विधानसभा प्रभारी अवध नारायण प्रसाद को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष सह अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा की जिम्मेदारी दिए जाने पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक, बाघमारा विधानसभा अध्यक्ष शय्यूम खान, छात्र नेता जफर इकबाल, गणेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए अवध नारायण प्रसाद के सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अवध नारायण प्रसाद के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से अनुसूचित जाति मोर्चा को संगठनात्मक रूप से मजबूती मिलेगी। साथ ही समाज के लोगों की समस्याओं और उनके अधिकारों की आवाज को पार्टी के मंच पर और प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी में वे संगठन को मजबूत करने के साथ कार्यकर्ताओं और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे।

पचगढ़ी बाजार में दुर्गा पूजा को लेकर नयी कमेटी गठित

बाघमारा (धनबाद) : केशलपुर रोड स्थित पचगढ़ी बाजार में श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक दुर्गा पूजा के साथ मेले का आयोजन हर्षोल्लास से करने का निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को भंग कर नई पूजा कमेटी का गठन किया गया। अजय साव को अध्यक्ष, राकेश साव उर्फ पप्पू साव को सचिव, संजय केसरी को सहसचिव, वीरेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, श्रवण केसरी को कोषाध्यक्ष, विनय केसरी को सह कोषाध्यक्ष, मुकेश केसरी को कार्यालय प्रभारी तथा अनिल विश्वकर्मा को सूचना मंत्री चुना गया। इसके अलावा दीपक सोनी, ललित साव, कमल सिन्हा, दीपक केसरी, संजय गुप्ता, उदय केसरी, बबल

सम्पादकीय.....

महंगाई का चौतरफा वार

सितम्बर महीने की शुरुआत के साथ ही महंगाई का चौतरफा वार शुरू हो गया है। इस समय देश में महंगाई से लेकर शिक्षा, लड़कियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी जैसे कई मुद्दों को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लेकिन, सरकार अपनी पीठ थपथपाती दिख रही है। उसके आका इंस्टाग्राम पर रील बना कर कहते दिख रहे हैं कि देश खुशियों से लबालब है। दरअसल, सरकार ने 31 अगस्त को एक आंकड़ा जारी किया। उसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही ; अर्थात अप्रैल-जून में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने इंस्टाग्राम वीडियो के साथ लिखा...'7.8 फीसदी की वृद्धि, मजबूत आंकड़े और उससे भी मजबूत भरोसा।' प्रधानमंत्री ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा...'दुनिया युद्ध, संकट, सप्लाई चेन में बाधा और कोविड के बाद की आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है, लेकिन इन परिस्थितियों के बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।' तत्पश्चात् उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' विदेश यात्रा करने से बचने और सोना खरीदने से भी बचने की बात कही। इस वीडियो में 'झूठ की गूंज' और 'निराशा' फैलानेवालों का उल्लेख मोदी ने किया, जो स्पष्टतः राहुल गांधी के युवाओं से जुड़े 'छात्रों की गूंज' अभियान पर सीधा हमला है। तात्पर्य यह कि प्रधानमंत्री मोदी इस तरह राहुल फोबिया से ग्रसित हैं कि बिना राहुल गांधी को कोसे उन्हें चैन नहीं मिलता। हालांकि, वित्तीय जानकारों की मानें, तो इस जीडीपी वृद्धि की सच्चाई कुछ और ही है। देश में दूध-चीनी से लेकर प्याज और अंडे तक की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। तिस पर तेल महंगा होने के बाद सामानों की आवाजाही भी महंगी होगी। 01 सितम्बर से जेट फ्यूल भी महंगा हो गया है। घरेलू एयरलाइंस के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में लगातार दूसरे महीने वृद्धि की गयी है, जिसमें 6.28 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। अब एटीएफ 115.00 रुपये से बढ़ कर 121.28 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इधर, 05 किलोवाले सिलिंडर की कीमत भी 762 रुपये से बढ़ कर 764 रुपये हुई। हालांकि, घरेलू सिलिंडर की कीमत में बढ़ोतरी नहीं की गयी। चीनी 56 से लेकर 62 रुपये तक आ गयी है। दूध की कीमत अब 93 रुपये से सीधे 102 रुपये पर पहुंच गयी है। 09 किलोवाला कॉमर्शियल एलपीजी सिलिंडर भी महंगा हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत में 9.50 रुपये की वृद्धि हुई है। अब यह 2747.50 रुपये में मिलेगा। कुछ दिन पहले सीएनजी की कीमत लगभग 04 रुपये बढ़ी थी। कितनी विचित्र बात है कि महंगाई से आम जनता में त्राहि है, लेकिन प्रधानमंत्री कहते हैं...'देश में खुशियां हैं।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसी आलोक में लिखा...'लाइट्स, कैमरा और...कोई एक्शन नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में मोदी जी की पब्लिसिटी की कहानी कुछ ऐसी ही है।' खड़गे कहते हैं...'आम लोग बेरोजगारी, असहनीय महंगाई और बेतहाशा असमानता के बोझ तले दबे हैं। बेरोजगारी 50 वर्षों के सबसे ऊंचे स्तर पर है। 40 प्रतिशत ग्रेजुएट युवा बिना नौकरी के हैं। जुलाई 2026 में 15 से 29 वर्ष की उम्र के हर 06 में से 01 युवा बेरोजगार था। हर वर्ष 02 करोड़ नौकरियों का वादा हवा-हवाई साबित हुआ है। खुदरा महंगाई 19 महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर है। मध्यम वर्ग परिवार किसी तरह गुजारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। गरीबों ने तो उम्मीद ही छोड़ दी है। असमानता ब्रिटिश शासन से भी बदतर है। भारत की कुल सम्पत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा सबसे अमीर 01 प्रतिशत लोगों के पास है। सबसे निचले 50 प्रतिशत लोग केवल 15 प्रतिशत हिस्से पर गुजारा करते हैं, जो शर्मनाक है।' बहरहाल, खड़गे की बात में दम तो है, क्योंकि भारतीयों को सोना नहीं खरीदने और विदेश यात्रा नहीं करने की प्रधानमंत्री मोदी की ओर से लगातार दी जा रहीं नसीहतें देश की अर्थ-व्यवस्था की जमीनी हकीकत बता रही हैं। ये नसीहतें जीडीपी वृद्धि दर को भी स्वाभाविक ही सवालों के घेरे में ला रही हैं। अब सरकार दावे चाहे जो कर ले, सच यही है कि जनता महंगाई से छटपटा रही है।

भारत की तम्बाकू नियंत्रण नीति में है बड़ी खामी

विशेष | डॉ. सत्यवान सौरभ

प्रशासन यह मान कर किसी नये उत्पाद को पुराने कानून में नहीं ला सकता कि उसका स्वास्थ्य पर प्रभाव समान है। इसके लिए स्पष्ट कानूनी आधार जरूरी है। कुछ लोग निकोटिन पाउच को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम, 2019 के तहत नियंत्रित करने की बात कर सकते हैं। लेकिन, यह रास्ता भी आसान नहीं है। ई-सिगरेट ऐसे उपकरण हैं, जिनमें किसी पदार्थ को गर्म करके एरोसोल बनाया जाता है। निकोटिन पाउच में न तो कुछ जलाया जाता है और न ही एरोसोल बनाया जाता है। इसे केवल इसलिए ई-सिगरेट मान लेना कि दोनों में निकोटिन होता है, कानूनी रूप से कमजोर तर्क हो सकता है। इसलिए सरकार को इस बारे में स्पष्ट कानूनी व्यवस्था बनाने की जरूरत है।

भारत में तंबाकू नियंत्रण के सामने अब एक नई चुनौती खड़ी हो रही है। बाजार में ऐसे निकोटिन पाउच तेजी से दिखाई देने लगे हैं, जिनमें तंबाकू की पत्ती नहीं होती, लेकिन निकोटिन मौजूद रहता है। छोटे और आसानी से इस्तेमाल किए जा सकने वाले ये पाउच अलग-अलग स्वादों में उपलब्ध हैं। इन्हें दुकानों के साथ-साथ ऑनलाइन भी बेचा जा रहा है। एक अध्ययन में ऐसे निकोटिन पाउच देश के 10 में से 7 शहरों में पाए गए। इनमें निकोटिन की मात्रा भी काफी अधिक थी। इससे साफ है कि यह केवल भविष्य की समस्या नहीं है, बल्कि भारत के बाजार में इसकी मौजूदगी बढ़ रही है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि तंबाकू न होने के कारण मौजूदा कानूनों में इन उत्पादों की सही जगह स्पष्ट नहीं है। भारत में तंबाकू नियंत्रण के लिए मुख्य कानून सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम यानी सीओटीपीए, 2003 है। यह कानून मुख्य रूप से उन उत्पादों पर लागू होता है जिनमें तंबाकू मौजूद है। इसलिए तंबाकू-मुक्त निकोटिन पाउच को सीधे सीओटीपीए के तहत रखना आसान नहीं है। यही कानूनी खामी कंपनियों और विक्रेताओं के लिए रास्ता खोल सकती है।

सीओटीपीए के तहत तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन, नाबालिगों को बिक्री, पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी जैसे कई नियम हैं। लेकिन यदि किसी उत्पाद में तंबाकू की जगह केवल निकोटिन है तो सवाल उठता है कि उस पर यही नियम किस आधार पर लागू किए जाएं। कानून को केवल उसकी भावना के आधार पर नहीं चलाया जा सकता। प्रशासन यह मानकर किसी नए उत्पाद को पुराने कानून में नहीं ला सकता कि उसका स्वास्थ्य पर प्रभाव समान है। इसके लिए स्पष्ट कानूनी आधार जरूरी है। कुछ लोग निकोटिन पाउच को इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम, 2019 के तहत नियंत्रित करने की बात कर सकते हैं। लेकिन यह रास्ता भी आसान नहीं है। ई-सिगरेट ऐसे उपकरण हैं जिनमें किसी पदार्थ को गर्म करके एरोसोल बनाया जाता है। निकोटिन पाउच में न तो कुछ जलाया जाता है और न ही एरोसोल बनाया जाता है। इसे केवल इसलिए ई-सिगरेट मान लेना कि दोनों में निकोटिन होता है, कानूनी रूप से कमजोर तर्क हो सकता है। इसलिए सरकार को इस बारे में स्पष्ट कानूनी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। खाद्य सुरक्षा कानून के तहत खाद्य पदार्थों में तंबाकू और निकोटिन के इस्तेमाल पर रोक है। लेकिन हर ऐसी चीज जिसे मुंह में रखा जाता है, जरूरी नहीं कि वह कानूनी रूप से खाद्य पदार्थ भी हो। निकोटिन पाउच का इस्तेमाल मुंह में किया जाता है, लेकिन इससे वह अपने आप खाद्य पदार्थ नहीं बन जाता। इसलिए केवल खाद्य सुरक्षा कानून के सहारे इनके पूरे बाजार को नियंत्रित करना भी आसान नहीं होगा। अलग-अलग कानूनों के बीच स्पष्टता और आपसी तालमेल जरूरी है।

निकोटिन का इस्तेमाल कुछ चिकित्सकीय उत्पादों में भी होता है। उदाहरण के लिए निकोटिन गम और पैच जैसे उत्पाद धूम्रपान छोड़ने में मदद के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं और इन पर औषधि संबंधी नियम लागू होते हैं। इसलिए सरकार को निकोटिन पाउच की प्रकृति और उनके दावों के आधार पर यह स्पष्ट करना चाहिए कि कोई उत्पाद चिकित्सकीय उपयोग का है या केवल मनोरंजक इस्तेमाल के लिए बाजार में लाया गया है। हर निकोटिन उत्पाद को दवा मान लेना सही नहीं होगा और हर उत्पाद को दवा के दायरे से बाहर रखना भी उचित नहीं होगा। हाल में निकोटिन पाउच की बिक्री को लेकर मुंबई हवाई अड्डे की ड्यूटी-फ्री दुकानों का मामला भी सामने आया। इससे पता चलता है कि इन उत्पादों की कानूनी स्थिति को लेकर सरकार और कारोबारियों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है। ऐसे मामलों में केवल कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। सरकार को यह भी स्पष्ट करना होगा कि किस कानून के तहत कार्रवाई की जा रही है और उसकी कानूनी सीमा क्या है। सरकार को इस मामले में जल्दबाजी में ऐसा आदेश नहीं निकालना चाहिए जो बाद में अदालत में टिक न पाए। सबसे पहले यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि किन परिस्थितियों में निकोटिन युक्त मौखिक उत्पादों को दवा माना जाएगा और किन परिस्थितियों में नहीं। इसके लिए वैज्ञानिक प्रमाण और मौजूदा कानून दोनों को आधार बनाया जाना चाहिए। साथ ही निकोटिन पाउच के आयात पर भी सख्ती की जरूरत है। सीमा शुल्क, विदेश व्यापार महानिदेशालय और औषधि नियामकों के बीच बेहतर तालमेल होना चाहिए, ताकि बिना उचित अनुमति के आने वाली खेपों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य मंत्रालय, औषधि नियामक, खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण, सीमा शुल्क और राज्य स्तर के संबंधित विभागों के बीच भी एक साझा व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। अभी अलग-अलग विभागों के बीच जिम्मेदारी को लेकर अस्पष्टता दिखाई देती है। इसका फायदा कारोबारी उठा सकते हैं। यदि किसी उत्पाद की कानूनी स्थिति ही स्पष्ट नहीं होगी तो उसका प्रभावी नियमन कैसे होगा, यह सवाल स्वाभाविक है। ऑनलाइन बिक्री पर भी विशेष ध्यान देना होगा। आज कोई भी नया उत्पाद केवल बाजार की दुकानों तक सीमित नहीं रहता। ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स के माध्यम से वह कुछ ही घंटों में उपभोक्ता तक पहुंच सकता है। इसलिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचने से पहले उत्पाद की कानूनी स्थिति, विक्रेता की जानकारी और आयु सत्यापन जैसी व्यवस्थाएं जरूरी होनी चाहिए।

जल बचाने की मुहिम में जनभागीदारी जरूरी

गौरतलब | डॉ. प्रियंका सौरभ

06 सितम्बर 2024 को शुरू किये गये इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी को बचाना, भूजल स्तर बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर पानी के स्रोतों को मजबूत करना है। इसके तहत कम खर्च में जल संरक्षण की संरचनाएं बनाने, पुराने और बंद पड़े नलकूपों को फिर से उपयोगी बनाने तथा स्थानीय जरूरत के अनुसार जल संरक्षण के उपाय करने पर जोर दिया जा रहा है।

भारत में पानी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कई इलाकों में भूजल स्तर नीचे जा रहा है, तालाब और कुएं सूख रहे हैं तथा खेती और पीने के पानी के लिए भूजल पर निर्भरता बढ़ रही है। ऐसे समय में पानी बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं हो सकती। इसमें आम लोगों की भागीदारी भी जरूरी है। इसी सोच के साथ 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान शुरू किया गया है। 6 सितंबर 2024 को शुरू किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी को बचाना, भूजल स्तर बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर पानी के स्रोतों को मजबूत करना है। इसके तहत कम खर्च में जल संरक्षण की संरचनाएं बनाने, पुराने और बंद पड़े नलकूपों को फिर से उपयोगी बनाने तथा स्थानीय जरूरत के अनुसार जल संरक्षण के उपाय करने पर जोर दिया जा रहा है। इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें सरकार के साथ आम जनता, पंचायतें, सामाजिक संगठन और कंपनियां भी जुड़ सकती हैं। इसका आधार तीन 'सी' हैं- समुदाय, कंपनियों का सामाजिक दायित्व और लागत। यानी समुदाय की भागीदारी, कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारी और कम खर्च में जल संरक्षण। इससे जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना न बनाकर जन-अभियान बनाने की कोशिश की जा रही है।

इस दिशा में बड़ी संख्या में जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गई हैं। पहले चरण के तहत मई 2025 तक देश में 27 लाख से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गईं। इसके बाद जून 2025 में दूसरा चरण शुरू किया गया। मई 2026 तक डेढ़ करोड़ से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाएं बनाई जा चुकी थीं। 3 सितंबर 2026 तक यह संख्या एक करोड़ 58 लाख से अधिक हो गई। यह आंकड़ा बताता है कि देश में जल संरक्षण को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। केवल संरचनाएं बना देना काफी नहीं है। उनका सही स्थान पर बनना, नियमित रखरखाव और सही उपयोग भी जरूरी है। यदि बारिश का पानी इन संरचनाओं तक पहुंचे ही नहीं या कुछ वर्षों बाद वे मिट्टी और कचरे से भर जाएं तो उनका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसलिए स्थानीय लोगों को इनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी लेनी होगी। भारत में पानी बचाने की परंपरा पहले से रही है। गांवों में तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और छोटे बांध लोगों की जरूरत पूरी करते थे। हरियाणा और राजस्थान सहित देश के कई हिस्सों में आज भी पुराने जल स्रोत इसकी याद दिलाते हैं।

आज का इतिहास

- ऐलॅक्सैण्डर हैमिलटन अमेरिका के प्रथम वित्त सचिव 1789 में नियुक्त।
- आज ही के दिन वर्ष 1803 को द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध के अंतर्गत दिल्ली लड़ाई की शुरुआत की गयी थी।
- प्रथम विश्व धर्म सम्मेलन 1896 को शिकागो, अमेरिका में आयोजित हुआ।
- सितम्बर वर्ष 1906 को महात्मा गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आन्दोलन आरम्भ किया।
- अमेरिकी नौसेना ने 1919 को होंडुरास पर आक्रमण किया।
- आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में 1922 को सचित्र दैनिक समाचार पत्र द सन न्यूज पेक्टोरियल का आरम्भ हुआ।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1939 में इराक और सऊदी अरब ने एक साथ मिलकर जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी।
- अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन का 1941 में निर्माण शुरू हुआ।
- इंग्लिश चैनल तैरकर पार करनेवाली फ्लोरेंस चैडविक 1951 में पहली महिला बनी। उन्हें इंग्लैंड से फ्रांस पहुंचने में 16 घंटे और 19 मिनट लगे थे।
- विश्व वन्यजीव कोष का स्थापना 1961 में हुई।
- मशहूर इंग्लिश रॉक बैंड 'दि बीटल्स' ने 1962 में अपने पहले एकल हिट एलबम 'लव मी डू' के गाने रिकार्ड किये थे।
- भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 1965 में भारतीय सेना ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दक्षिण पूर्वी लाहौर के निकट बुर्की शहर पर कब्जा कर लिया था।
- एयर फ्रांस का विमान संख्या 1611 नाइस के निकट 1968 को दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में 89 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों की मौत
- मिस्र में 1971 में संविधान को अंगीकार किया गया।
- चिली के राष्ट्रपति साल्वाडोर अलांदे का 1973 में सैन्य तख्तापलट हुआ।
- शिकागो में 1893 को विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने कट्टरता, सहिष्णुता और सभी धर्मों में निहित सच्चाई पर ऐतिहासिक भाषण दिया।

सुविचार

महान लोगों को हमेशा ही सामान्य मन से हिंसक विरोध का सामना करना पड़ता है।

अल्बर्ट आइंस्टीन

पिता की सेवा अथवा उनकी आज्ञा का पालन करने से बढ़ कर और कोई धर्माचरण नहीं है।

वाल्मीकि

किसने क्या कहा

आपदा प्रबन्धन में अब जनहानि रोकना प्राथमिकता, आपदा रोधी गांव और शहर बनायें

अमित शाह
गृहमंत्री

भारत-श्रीलंका की दोस्ती नयी ऊंचाइयों को छूएगी

राजनाथ सिंह
रक्षामंत्री

अंकजाल - 8386

	22	20	23	■	23	16	19	17	■
13		5		■		4		8	22
21	8		8	■	6		5		19
18		2		■		8		5	25
23	3		2		3	■	■	■	■
■	■	■	■	4		7		3	29
21	7		5		■		5		14
22		9		3	■	8		6	19
20	7		6		■		6		19
■	22	14	13	25	■	22	25	24	■

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 8385 का हल

■	22	22	24	■	26	17	16	12	■
15	6	4	5	■	2	5	6	3	16
19	4	7	8	■	4	9	2	7	22
20	5	8	7	■	5	3	8	2	18
22	7	3	4	2	6	■	■	■	■
■	■	■	■	7	9	3	7	2	28
19	5	7	2	5	■	7	8	9	24
18	2	3	8	5	■	6	7	3	16
27	8	5	8	6	■	4	6	8	18
■	15	15	18	25	■	20	28	22	■

Jagrutidaur.com, Bangalore

सृष्टि के परम स्वामी कृष्ण

मनुष्य को जानना चाहिए कि भगवान कृष्ण ब्रह्मांड के सभी लोकों के परम स्वामी हैं। वे सृष्टि के पूर्व थे और अपनी सृष्टि से भिन्न हैं। सारे देवता इसी भौतिक जगत में उत्पन्न हुए, किंतु कृष्ण अजन्मा हैं, फलतः वे ब्रह्मा और शिव जैसे देवताओं से भी भिन्न हैं। और चूंकि वे ब्रह्मा, शिव तथा अन्य समस्त देवताओं के स्रष्टा हैं अतः समस्त लोकों के परम पुरुष हैं। परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करने के लिए मनुष्य को समस्त पापकर्मों से मुक्त होना चाहिए। जैसे कि भगवद्गीता में कहा गया है, उन्हें केवल भक्ति के द्वारा जाना जा सकता है, किसी अन्य साधन से नहीं। मनुष्य को चाहिए कि वह कृष्ण को साधारण मनुष्य न समझे। इस जगत में शुभ या अशुभ वस्तुओं का बोध बहुत कुछ मनोधर्म है क्योंकि इस भौतिक जगत में कुछ भी शुभ नहीं है। प्रत्येक वस्तु अशुभ है। क्योंकि प्रकृति स्वयं अशुभ है। हम इसे शुभ मानने की कल्पना मात्र करते हैं। वास्तविक मंगल तो पूर्ण भक्ति और सेवाभाव से युक्त कृष्णभावनामृत पर ही निर्भर करता है। अतः यदि हम तनिक भी चाहते हैं कि हमारे कर्म शुद्ध हों, तो हमें परमेश्वर की आज्ञा से कर्म करना होगा। ऐसी आज्ञा श्रीमद्भागवत तथा श्रीमद्गीता जैसे शास्त्रों या प्रामाणिक गुरु से प्राप्त की जा सकती है। चूंकि गुरु भगवान का प्रतिनिधि होता है, अतः उसकी आज्ञा प्रत्यक्षतः परमेश्वर की आज्ञा होती है।

ब्रिक्स सम्मेलन से भारत का विश्व को शांति का संदेश

सौरभ वार्ष्णेय

पूरा विश्व इस समय जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें भारत के नई दिल्ली में होने वाला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केवल राष्ट्राध्यक्षों की एक कूटनीतिक बैठक भर नहीं है। यह सम्मेलन बदलती हुई विश्व व्यवस्था, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अस्थिरता, युद्धों, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों और विकासशील देशों की बढ़ती आकांक्षाओं के बीच भारत की भूमिका को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। 12 और 13 सितंबर २०२६ को नई दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत कर रहा है। ज्ञात रहे कि वर्ष 2026 में भारत चौथी बार ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है और इस बार उसका केंद्रीय विषय है (बिल्डिंग फॉर रेसिलिएंस इनोवेशन कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी) अर्थात लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास के लिए निर्माण। भारत ने अपनी अध्यक्षता को ह्यूमैनिटी फर्स्ट की सोच से जोड़ते हुए ब्रिक्स को अधिक व्यावहारिक और विकासोन्मुख मंच बनाने पर जोर दिया है। यही इस सम्मेलन से भारत का पहला और सबसे बड़ा संदेश है—विश्व राजनीति को टकराव से निकालकर सहयोग की दिशा में ले जाने की आवश्यकता है। आज विश्व के अनेक हिस्से संघर्ष की आग में झुलस रहे हैं।

यूक्रेन संकट, पश्चिम एशिया की अस्थिरता और अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों को जटिल बना दिया है। ऐसे समय में भारत लगातार इस बात पर जोर देता आया है कि युद्ध किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। ब्रिक्स का मंच भारत को यह संदेश देने का अवसर देता है कि अलग-अलग राजनीतिक व्यवस्थाओं और राष्ट्रीय हितों वाले देश भी संवाद और सहयोग के माध्यम से साझा समस्याओं पर काम कर सकते हैं। भारत की विदेश नीति का मूल स्वर न तो किसी एक शक्ति-गुट के साथ खड़ा होना है और न किसी दूसरे गुट के विरोध में खड़ा होना। भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखते हुए सभी प्रमुख शक्तियों के साथ संवाद बनाए रखना चाहता है। यही रणनीतिक स्वायत्तता आज भारत की सबसे बड़ी कूटनीतिक ताकत बनती दिखाई दे रही है।

ब्रिक्स अब केवल पांच देशों का आर्थिक समूह नहीं रह गया है। इसके विस्तार ने इसे विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बना दिया है। भारत इस मंच के माध्यम से ग्लोबल साउथ की उस आवाज को मजबूती देना चाहता है, जो लंबे समय से वैश्विक संस्थाओं में अधिक प्रतिनिधित्व की मांग करती रही है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं की निर्णय प्रक्रिया में विकासशील देशों की वास्तविक आर्थिक और जनसंख्या-आधारित ताकत के अनुरूप प्रतिनिधित्व का सवाल लगातार उठता रहा है। भारत का संदेश स्पष्ट है—21वीं सदी की वैश्विक व्यवस्था 20वीं सदी की शक्ति-संरचना के आधार पर नहीं चल सकती। विश्व अर्थव्यवस्था में उभरती अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। इसलिए वैश्विक संस्थाओं में भी उनकी आवाज और भागीदारी बढनी चाहिए। नई दिल्ली में ब्रिक्स सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण आयाम आर्थिक सहयोग भी होगा।

राशिफल

मेष व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्त्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।	**तुला** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समय ठीक है।
वृष सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।	**वृश्चिक** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।
मिथुन प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आयेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे।	**धनु** सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें।
कर्क शत्रुभय, चिन्ता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।	**मकर** स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो, यह ध्यान रहे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।
सिंह शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।	**कुंभ** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।
कन्या परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।	**मीन** श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। सचेत रहें।

किसान के खेतों में फसल, आसमान से उतरेगी ऊर्जा

गौरतलब | विनोद सिंह

खेत की मिट्टी में फसल लहलहाये और उसी खेत के ऊपर लगे सौर पैनल स्वच्छ बिजली पैदा करें; कृषि और ऊर्जा के इस नये संगम को एग्रीवोल्टिक्स कहा जा रहा है। यह अवधारणा भारत जैसे देश के लिए विशेष महत्त्व रखती है, जहां एक ओर बड़ी आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, वहीं दूसरी ओर तेजी से बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से पूरा करना है।

भारत के खेत अब केवल अन्न पैदा करने तक सीमित नहीं रहेंगे।आने वाले समय में यही खेत देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। खेत की मिट्टी में फसल लहलहाए और उसी खेत के ऊपर लगे सौर पैनल स्वच्छ बिजली पैदा करें-कृषि और ऊर्जा के इस नए संगम को एग्रीवोल्टिक्स कहा जा रहा है। यह अवधारणा भारत जैसे देश के लिए विशेष महत्व रखती है, जहाँ एक ओर बड़ी आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, वहीं दूसरी ओर तेजी से बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से पूरा करना है।

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री डॉ. प्रल्हाद जोशी ने नई दिल्ली में 7वें एग्रीवोल्टिक्स वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस 2026 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस दिशा में भारत की भावी नीति का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि जिस किसान ने हमेशा देश का पेट भरा है, वही अब देश को रोशन भी कर रहा है। अन्नदाता अब ऊजार्दाता बन रहा है। यह कथन केवल एक भावनात्मक संदेश नहीं, बल्कि कृषि क्षेत्र को ऊर्जा उत्पादन से जोड़कर किसानों की आय में स्थिरता लाने की संभावनाओं की ओर संकेत करता है। सबसे महत्वपूर्ण घोषणा यह है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान यानी पीएम-कुसुम के अगले चरण में एग्रीवोल्टिक्स के लिए एक समर्पित घटक लायाजाएगा। इसका उद्देश्य किसानों को खेती जारी रखते हुए सौर ऊर्जा उत्पादन से आय का अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध कराना है। इसमें विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों और पंचायतों को केंद्र में रखा जाएगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का स्वामित्व किसान के पास ही बना रहे। भारत की कृषि व्यवस्था की सबसे बड़ी वास्तविकता यह है कि देश के अधिकांश किसान छोटे और सीमांत हैं। ऐसे किसान सीमित भूमि पर खेती करते हैं और उनकी आय काफी हद तक मानसून, बाजार भाव तथा कृषि लागत पर निर्भर रहती है। ऐसे में यदि उसी भूमि से नियमित सौर ऊर्जा आय का एक नया स्रोत जुड़ जाए तो किसान की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। एग्रीवोल्टिक्स का मूल विचार भी यही है कि किसान को फसल और सौर ऊर्जा में से किसी एक का चुनाव न करना पड़े। सौर पैनलों को इस तरह स्थापित किया जाए कि उनके नीचे या आसपास खेती जारी रह सके। यानी जमीन पर फसल और उसके ऊपर सूर्य की रोशनी से बिजली-एक ही खेत से दोहरा लाभ। यही मॉडल सीमित कृषि भूमि के अधिकतम उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बन सकता है। डॉ. जोशी ने एक एकड़ जमीन से किसान की संभावित तीन आय धाराओं की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। पहली आय खेत में पैदा होने वाली फसल से होगी।दूसरी आय सौर ऊर्जा को डिस्कॉम को बेचने से प्राप्त हो सकती है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्

पंचायतों में लगेगा ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प, 12 सितम्बर से शुरू होगी प्रक्रिया

लोगों के करीब पहुंच रही लाइसेंस की सुविधा : डीसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को जिला मुख्यालय या परिवहन कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। जिला परिवहन कार्यालय ने ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदकों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर कैंप लगाने का निर्णय लिया है। इसके तहत नवसिखिया चालक अनुज्ञप्ति (एलएल) और चालक अनुज्ञप्ति (डीएल) से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। स्वीकृत आवेदनों के आधार पर डीएल टेस्ट भी पंचायत स्तर पर ही लिया जायेगा। इसके लिए चंदवा, बरवाडीह और मनिका प्रखंड में पंचायतों को अलग-अलग क्लस्टर में बांटकर कैंप की तिथियां निर्धारित की गई हैं। संबंधित

- चंदवा, बरवाडीह और मनिका में पंचायतवार बनाये गये क्लस्टर, स्वीकृत आवेदनों का होगा डीएल टेस्ट

पंचायतों के आवेदकों को तय तारीख और स्थान पर पहुंचकर प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

चंदवा में तीन जगह होंगे कैम्प

चंदवा प्रखंड की चकला, अलौदिया, कामता, चंदवा पश्चिमी और चंदवा पूर्वी पंचायत के आवेदकों के लिए 18 सितंबर को अलौदिया पंचायत सचिवालय में कैंप लगाया जाएगा। बोदा, हुटाप, जमीरा, माल्हन और

डूमारो पंचायत के आवेदकों के लिए 19 सितंबर को माल्हन पंचायत सचिवालय में कैंप होगा। इसी तरह लाधुप और बरवाटोली पंचायत के आवेदकों के लिए 25 सितंबर को लाधुप पंचायत सचिवालय में कैंप आयोजित किया जाएगा।

बरवाडीह में 330 आवेदकों का डीएल टेस्ट

बरवाडीह प्रखंड में दो पंचायतों में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की व्यवस्था की गई है। 12 सितंबर को छिपादोहर पंचायत सचिवालय में 87 स्वीकृत आवेदकों का डीएल टेस्ट लिया जाएगा। वहीं 16 सितंबर को केड पंचायत सचिवालय में कैंप लगेगा, जहां 243 स्वीकृत आवेदक टेस्ट में शामिल होंगे।

मनिका में 334 आवेदक होंगे शामिल

मनिका प्रखंड में भी दो पंचायतों में डीएल टेस्ट कराया जाएगा। 28 सितंबर को नामुदाग पंचायत सचिवालय में 192 स्वीकृत आवेदकों का टेस्ट होगा। इसके बाद 3 अक्तूबर को बरवैयाकला पंचायत सचिवालय में कैंप लगाया जाएगा। यहां 142 आवेदकों का डीएल टेस्ट लिया जाएगा। जिला प्रशासन ने संबंधित पंचायतों के आवेदकों से निर्धारित तिथि और स्थान पर समय पर पहुंचने की अपील की है, ताकि उन्हें लाइसेंस संबंधी प्रक्रिया पूरी करने में परेशानी न हो। उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि पंचायत स्तर पर कैंप लगाने का मकसद लाइसेंस से जुड़ी सेवाओं को ग्रामीणों के नजदीक पहुंचाना है। उन्होंने संबंधित पंचायतों के आवेदकों से निर्धारित तिथि पर कैंप में पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। साथ ही लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाने को कहा।

स्व. दुर्गा सोरेन की 56वीं जयंती पर झामुमो कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पलामू जिला कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के दिवंगत नेता स्व. दुर्गा सोरेन की 56वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर झामुमो नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्व. दुर्गा सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि स्व. दुर्गा सोरेन आज हमारे बीच भौतिक रूप से नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और संघर्ष आज भी कार्यकर्ताओं के बीच जीवंत हैं। उन्होंने कहा कि 'स्व. दुर्गा सोरेन आज भी हमारे लिए जिंदा हैं, क्योंकि आज भी हम उनके बताए मार्ग पर चलते हैं। उनकी कही एक-एक बात जब

याद आती है तो शरीर नई ऊर्जा और उत्साह से भर जाता है।' उन्होंने कहा कि स्व. दुर्गा सोरेन ने झारखंड के अधिकार, जल-जंगल-जमीन और आम लोगों के सम्मान के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचारों और संघर्षों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता स्व. दुर्गा सोरेन के संघर्ष और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने तथा झारखंड के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्व. दुर्गा सोरेन के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान 'वीर दुर्गा सोरेन अमर रहें' के नारों से कार्यालय परिसर गूंज उठा। इस मौके पर मुख्य रूप से सन्नू सिद्की, चंदन सिनहा, हाजी शामिम आहमद, शुशिला मीश्रा, सालोनी टोप्पो, रांजन चंद्रवंशी, रामनाथ चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, अविनाश देव, शन्नी शुक्ला, रिशु अग्रवाल, बबलू सहनवाज, कलाम, कांतिचंद्रवासी, मंजू चंद्रवंशी, सैयद फैजल, सार्दुल विनायक, आर्यन, कौशल, मनोहर चंद्रवंशी सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

एक झलक

दो आत्मसमर्पित उग्रवादियों को पुनर्वास पैकेज की अनुशंसा

लातेहार : उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उग्रवादियों के प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं की समीक्षा की गई। बैठक में आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सुरक्षा और पुनर्वास से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। इसके अलावा उनके परिवार के सदस्यों को आर्थिक सहायता देने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा दैनिक मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने इन कार्यों के क्रियान्वयन और लंबित मामलों के निराकरण को लेकर जानकारी दी। बैठक के दौरान पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। समिति की ओर से संबंधित प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई किए जाने पर चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद, मंडल कारा लातेहार के जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी अजय कच्छप, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

लातेहार : जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। बारियातु थाना कांड संख्या 10/2025 के प्राथमिकी अभियुक्त आदित्य यादव, पिता तुला यादव, को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह मामला 6 फरवरी 2025 को दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 111(4) तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 15(सी), 17(सी), 18(बी), 22, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज है। इधर, बरवाडीह थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने मादक पदार्थ के एक मामले में कार्रवाई करते हुए करीब 9 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आदर्श नगर, बरवाडीह निवासी विमलेश कुमार सिंह, पिता लालमुनी सिंह, और मिथुन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बरवाडीह थाना कांड संख्या 60/26, दिनांक 9 सितंबर 2026 दर्ज किया है।

केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता रैली

गुमला : केंद्रीय विद्यालय गुमला के विद्यार्थियों द्वारा गुरुवार को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्वच्छता रैली निकाली। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती शीला तिग्गा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को विद्यालय परिसर से करमटोली नगर के लिए रवाना किया। रैली में विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर तथा नारे लगाते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान ह्लसब रोगों की एक दवाई, हर घर में साफ-सफाईह्व जैसे नारों के माध्यम से स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। रैली में शिक्षक पवन कुमार उरांव, रंजीत उरांव, जितेंद्र कुमार, सोमेंद्र दहांगा, दिव्य ज्योति कुमारी, विनय कुमार बरनवाल एवं दीपेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। शिक्षकों ने लोगों से अपने घर, आसपास के क्षेत्र एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

झारखंड आन्दोलनकारियों ने 30 सितम्बर को बंद का लिया निर्णय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लोहरदगा : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, लोहरदगा जिला की बैठक सहकारिता भवन परिसर में हुई। बैठक में आंदोलनकारियों को राजकीय मान-सम्मान, अलग पहचान, उनके बाल-बच्चों व आश्रितों को रोजगार एवं नौकरियों में सौ प्रतिशत गारंटी, जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, सम्मान पेंशन सहित अन्य मांगों पर सरकार द्वारा दिए गए आश्वासनों को लागू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई गई। बैठक में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) में आंदोलनकारियों के बाल-बच्चों व आश्रितों के लिए आरक्षित सीटों के मुद्दे को लेकर 29 सितंबर को मशाल जुलूस और 30 सितंबर को झारखंड बंद करने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि एवं कार्यकारी अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को अपने बाल-बच्चों के अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखना होगा। संघर्ष के माध्यम से ही सरकार को अपनी मांगों के प्रति गंभीर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों को उम्मीद है कि सरकार उन्हें न्याय के साथ सम्मान और समाज में स्वाभिमान से जीने का अधिकार देगी।

पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर मंथन

अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कुंडहित (जामताड़ा) : गुरुवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख राम किशोर मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जमाले राजा, विधायक प्रतिनिधि शरम मंडल, उपप्रमुख नसीबुल खान सहित पंचायत समिति के अधिकांश सदस्य, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रखंड क्षेत्र में संचालित योजनाओं की क्रमवार जानकारी पंचायत समिति सदस्यों को दी गई। अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से सदस्यों को अवगत कराते हुए योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सभी से सहयोग

की अपील की। बैठक में आवास, मनरेगा, कृषि, शिक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, बाल विकास परियोजना, जेएलएसपीएस, वन विभाग सहित अन्य विभागों से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं, प्रगति एवं लाभुकों को मिल रहे लाभ की जानकारी सदस्यों के समक्ष रखी। बैठक में विशेष रूप से एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा आधार कार्ड बनाने एवं आधार से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर भी सदस्यों ने आवश्यक मुद्दे उठाए। पंचायत क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन और आम लोगों को हो रही परेशानियों पर भी चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा, बिजली एवं बैंक विभाग के पदाधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर बीडीओ जमाले राजा ने नाराजगी जताते हुए संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति की बैठक में विभागीय पदाधिकारियों की उपस्थिति जरूरी है।

भर्ती व्यवस्था में सुधार की मांग, देवेन्द्र नाथ महतो ने सरकार को दी आन्दोलन तेज करने की चेतावनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ देवेंद्र नाथ महतो ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 'भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा' के तहत गुरुवार को लातेहार पहुंचे महतो ने युवाओं और आम लोगों को संबोधित करते हुए भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और नियुक्तियों में योग्यता को प्राथमिकता देने की मांग की। महतो ने कहा कि उनकी यात्रा राज्य के सभी 24 जिलों तक पहुंच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेपीएससी और जेएसएससी की कई नियुक्ति प्रक्रियाएं लगातार सवालों के घेरे में रही हैं। शिक्षक, पुलिस, दरोगा, चौकीदार और होमगार्ड सहित विभिन्न पदों की

भर्ती में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि आंदोलन, भूख हड़ताल, विधानसभा घेराव और सत्याग्रह के बाद कुछ मामलों में सरकार ने जांच, परीक्षा पर रोक और परीक्षाएं रद्द करने जैसी कार्रवाई की है। हालांकि, उनका कहना है कि ऐसी कार्रवाई के बजाय भर्ती व्यवस्था में स्थायी सुधार की जरूरत है। महतो ने कहा कि सरकारी नौकरी किसी की पहचान, पैरवी या पैसे के बल पर नहीं, बल्कि योग्यता और प्रतिभा के आधार पर मिलनी चाहिए।

खैर लकड़ी के अवैध परिवहन पर वन विभाग की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भवनाथपुर : गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग ने भवनाथपुर वन क्षेत्र के मकरी गांव में अवैध रूप से खैर लकड़ी के पातन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खैर लकड़ी से लदे महिंद्रा ट्रैक्टर को जब्त किया। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार के निर्देश पर 9 सितंबर की रात वनपाल सुनील राय के नेतृत्व में टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान खैर प्रजाति की लकड़ियों को ट्रैक्टर पर लादकर अवैध रूप से परिवहन किए जाने की सूचना पर कार्रवाई की गई। वन विभाग ने भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए मिरी विश्वकर्मा और सूरज पाल को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया। अभियान में वनपाल अनुप सिंह, प्रमोद कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार, ओम प्रकाश उरांव, दया शंकर सिंह, यशवन कुमार, निरंजन कुमार और द्रौण कुमार समेत भवनाथपुर एवं नगर वन प्रक्षेत्र के वनकर्मी शामिल रहे। कार्रवाई से अवैध लकड़ी कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप है।

एनएसएस शिविर में नशामुक्ति रैली और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

कोडरमा : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन (स्वायत्त), झुमरीतिलैया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने प्राणायाम, अनुलोम-विलोम और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। शिविर के तहत कॉलेज द्वारा गोद लिए गए इंदरवाटांड़ गांव में स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, इंदरवाटांड़ में बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता बच्चों को पुरस्कार व चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया। स्वयंसेवकों ने बच्चों को भोजन से पहले और शौच के बाद हाथ धोने के लिए प्रेरित किया तथा हाथ धुलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने गांव में घर-घर जाकर सर्वेक्षण भी किया।

प्रारम्भिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की मजबूत नींव : चांदनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

डंडई (गढ़वा) : प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में प्ले स्कूल की तर्ज पर संचालित यू टर्न चाइल्ड अकैडमी में बच्चों के नामांकन को लेकर विद्यालय की प्राचार्य चांदनी विश्वकर्मा ने अभिभावकों से अपील की है। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के जीवन में प्रारंभिक शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। विद्यालय में पढ़ाई के साथ खेल, रचनात्मक गतिविधियों और व्यवहारिक ज्ञान के माध्यम से बच्चों को सीखने का अवसर दिया जा रहा है। बच्चों की उम्र और सीखने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए शिक्षण गतिविधियों को सरल

एवं रोचक बनाने पर विशेष जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, अच्छे संस्कार और सामाजिक व्यवहार का विकास करना भी है। सुदूरवर्ती डंडई प्रखंड में छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के लिए विद्यालय का संचालन एक महत्वपूर्ण पहल है। खेल-खेल में शिक्षा देकर बच्चों के सर्वांगीण विकास को विद्यालय की प्राथमिकता बनाया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम आधारित पुस्तकों के साथ बच्चों को तकनीकी जानकारी भी दी जा रही है।

पेंशनर समाज ने वैलिडेशन एक्ट 2025 निरस्त करने की उठायी मांग

लातेहार : पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर झारखंड राज्य पेंशनर समाज, जिला शाखा लातेहार का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्यसभा सांसद बैद्धनाथ राम के आवासीय कार्यालय पहुंचा। यहां समाज के पदाधिकारियों ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर पेंशनरों से जुड़े मामलों में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद और सचिव धनेश्वर उरांव के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने वैलिडेशन एक्ट 2025 को निरस्त करने की मांग रखी। पेंशनरों का कहना था कि इस एक्ट को लेकर उनके बीच असंतोष है और सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से 18 माह से लंबित महंगाई भत्ते (डीए) का भुगतान करने की मांग भी की गई। इसके साथ ही कम्यूटेशन पेंशन की कटौती की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष करने, रेल यात्रा में पेंशनरों को पहले की तरह किराये में छूट देने तथा पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई गई। पेंशनरों ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा शुरू करने की मांग भी की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सांसद से इन मांगों को सरकार के समक्ष रखने और उचित कार्रवाई के लिए पहल करने का आग्रह किया। सांसद को ज्ञापन सौंपने से पहले पेंशनर समाज की बैठक हुई, जिसमें संगठन से जुड़े विषयों के साथ पेंशनरों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

तीज के बाजार में राजस्थानी बंधनी और गज्जी सिल्क की धूम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरीतिलैया : हरितालिका तीज का व्रत 14 सितंबर को मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर शहर के बाजारों में खरीदारी तेज हो गई है। साड़ी और श्रृंगार की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ बढ़ने से बाजार गुलजार नजर आ रहा है। इस बार महिलाओं को मोडाल सिल्क, राजस्थानी बंधनी और गज्जी सिल्क की साड़ियां खूब पसंद आ रही हैं। इसके अलावा लहरिया, घाट-चोला, अचार फैब्रिक, हैवी ब्लाउज वाली साड़ी, कांजीवरम, रेडी-टू-वियर, पोजिशन प्रिंट, नेट और विभिन्न प्रकार की सिल्क साड़ियों की भी मांग है। गर्मी को देखते हुए कॉटन में लिनन की साड़ियां भी महिलाओं की पसंद बनी हुई हैं। साड़ी विक्रेताओं के अनुसार बाजार में 1000 से 15 हजार रुपये तक की साड़ियां उपलब्ध हैं। जैन गली, स्टेशन रोड, रांची-पटना रोड समेत शहर के प्रमुख बाजारों में सामान्य दुकानों के साथ ब्रांडेड शोरूम में भी ग्राहकों की चहल-पहल बढ़ी है। व्यापारियों का कहना है कि इस बार नई डिजाइन और अलग-अलग फैब्रिक वाली साड़ियों की मांग अधिक है। बिक्री भी अच्छी चल रही है। हालांकि, पिछले वर्ष की तुलना में साड़ियों की कीमतों में करीब 5 से 10 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है।

परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

समाहरणालय घेराव कर सीबीआई जांच की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जेएसएससी और जेपीएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितता के विरोध में भाजपा ने गुरुवार को जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा जिला कमेटी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने समाहरणालय का घेराव कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और परीक्षाओं में हुई कथित गड़बड़ी की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बंशी यादव ने की। इसमें पूर्व सांसद दीपक प्रकाश और प्रदेश संगठन मंत्री सह जिला संगठन प्रभारी मनीर उरांव मुख्य रूप

से शामिल हुए। प्रदर्शन की शुरूआत शहर के बाजारटांड़ से निकली रैली से हुई। बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे लेकर रैली में शामिल हुए। रैली के दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए। कार्यकर्ताओं ने जेएसएससी और जेपीएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई जांच कराने की मांग की। रैली जैसे ही समाहरणालय मोड़ के पास पहुंची, वहां पहले से पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी थी। पुलिस ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को समाहरणालय की ओर बढ़ने से रोकने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कुछ देर तक मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही।

एसवीएम लातेहार के अंश कुमार बने विद्या भारती झारखंड के सबसे तेज धावक, ज्योति कुमारी ने जीता कांस्य

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : गुमला के डीएसपी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में आयोजित 37वें प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह में सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर, लातेहार के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के कक्षा नवम के छात्र अंश कुमार ने अंडर-17 वर्ग की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर विद्या भारती झारखंड के सबसे तेज धावक बनने का गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ अंश ने क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता भी प्राप्त कर ली है। इसी प्रतियोगिता में कक्षा सप्तम की छात्रा ज्योति कुमारी ने बाल वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया।अंश

कुमार और ज्योति कुमारी की उपलब्धि पर पलामू विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रांतीय प्रतिनिधि ज्वाला तिवारी, विद्यालय समिति अध्यक्ष ज्योति चौधरी, सचिव राजीव रंजन पांडे, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष प्रीति भारती समेत विद्यालय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई दी। मातृ भारती अध्यक्ष रितु रानी पांडे, सचिव अनिता कुमारी और प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने भी दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नवरंग चौक में दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन, टन्नू सिंह बने अध्यक्ष

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित नवरंग चौक में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति की बैठक गुरुवार को निवर्तमान अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित करने को लेकर सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। इस दौरान पूजा आयोजन को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई और सभी सदस्यों ने मिलकर पर्व को सफल बनाने का निर्णय लिया।बैठक में सर्वसम्मति से नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। नई कमेटी में ज्ञानचंद पांडेय, सुशील कुमार अग्रवाल और ललित कुमार पांडेय को संरक्षक बनाया गया। वहीं यदुनाथ सिंह उर्फ टन्नू सिंह को

अध्यक्ष तथा कुणाल पांडेय उर्फ सोनू को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा अमरजीत सिंह और धनेश श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, पंकज तिवारी को सह सचिव, नरेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष और मुकेश अग्रवाल को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मोहितेश अग्रवाल, रवि वर्मा, दीपक सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, अनुपम सिंह, सुधीर ठाकुर, अनीश कुमार सिंह, राजा सिंह, विपिन कुमार और अनंतोष सिंह को शामिल किया गया।बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि दुर्गा पूजा क्षेत्र के लोगों की आस्था से जुड़ा प्रमुख पर्व है। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के साथ आयोजन को आकर्षक बनाने के लिए सभी सदस्य आपसी सहयोग से कार्य करेंगे। आयोजन को लेकर जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने पर भी सहमति बनी।

दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक

लातेहार : श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक मंदिर परिसर में अरुण कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में दुर्गा पूजा-2026 की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। पूजा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों, मंदिर परिसर की सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर सदस्यों ने अपने सुझाव रखे।बैठक में समिति के संरक्षक विनोद कुमार साहू और अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि किसी भी बड़े धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए सामूहिक सहयोग जरूरी है। सभी सदस्य मिलकर काम करेंगे, तभी आयोजन को बेहतर रूप दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर की अपनी अलग पहचान और प्रतिष्ठा है। पूजा के आयोजन में इस प्रतिष्ठा को कायम रखते हुए बेहतर व्यवस्था करने का प्रयास किया जायेगा।समिति की बैठक में पिछले वर्ष दुर्गा पूजा के दौरान किये गये कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गयी। इस वर्ष आयोजन को पहले से अधिक आकर्षक बनाने पर सहमति बनी। मंदिर परिसर में आकर्षक मंच सज्जा के साथ बाहरी परिसर को भी सजाने की योजना पर विचार किया गया। सदस्यों ने पूजा के दौरान साफ-सफाई, साज-सज्जा और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की।

बैठक के अंत में सुशील कुमार अग्रवाल ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सामूहिक प्रयास से दुर्गा पूजा समारोह को सफल बनाने का संकल्प लिया।

आपदा से जुड़े 47 मामलों को मिली स्वीकृति, 15 दिनों में क्षति का आकलन देने के निर्देश

लातेहार : जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक गुरुवार को उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्राकृतिक आपदा से जुड़ी क्षति और मुआवजा से संबंधित 47 अभ्यावेदनों पर बारी-बारी से चर्चा की गई। जांच और सत्यापन के बाद समिति ने सभी 47 मामलों में भुगतान की अनुशंसा कर दी।बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से हुई मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी और जलाशयों में डूबने से हुई मौत तथा सर्पदंश समेत अन्य आपदा से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। अंचल और अनुमंडल स्तर पर जांच के बाद प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करते हुए संबंधित मामलों में भुगतान की स्वीकृति दी गई।उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति का विस्तृत सर्वेक्षण कर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षति का आकलन करते समय प्रभावित लोगों और क्षेत्रों की पूरी जानकारी जुटाई जाए। रिपोर्ट में घटना, क्षति और प्रभावित परिवारों से

एक झलक

खड़ी ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, 01 की मौत, 03 गम्भीर

चतरा : सदर थाना क्षेत्र के किशुनपुर में बुधवार देर रात करीब 11:30 बजे भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार बोलेरो कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार, किशुनपुर निवासी सरयू राणा का 28 वर्षीय पुत्र बसंत राणा कार से बधार की ओर से लौट रहा था। इसी दौरान लखन मिस्त्री के घर के पास कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में बसंत राणा की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार उपेंद्र राणा, रामदेव राणा और गुड्डू राणा गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया है। जेसीबी की मदद से कार को ट्रक से अलग कर निकाला गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने तथा सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सीआईडी ने दो अधिकारियों को किया तलब

बोकारो : झारखंड सीआईडी ने बोकारो के पूर्व डीपीआरओ साकेत कुमार पांडे और वर्तमान एपीआरओ अविनाश कुमार को पूछताछ के लिए तलब किया है। दोनों को कांड संख्या 01/2025 के अनुसंधान के सिलसिले में 10 सितंबर को रांची स्थित सीआईडी कार्यालय में उपस्थित होने का नोटिस दिया गया है। नोटिस में दोनों अधिकारियों से पूछताछ में सहयोग करने को कहा गया है। मामले में सीआईडी की आगे की कार्रवाई पूछताछ के बाद स्पष्ट होगी। पूर्व डीपीआरओ साकेत कुमार पांडे का बोकारो से 30 सितंबर 2024 को तबादला हो चुका है।

आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

बोकारो : बालीडीह थाना कांड संख्या 80/26 के फरार आरोपी राजा बाबू दास को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर आईटी का दुरुपयोग कर महिला का आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने का आरोप है। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों से आरोप की पुष्टि होने के बाद पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी थी। मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि आरोपी को चास थाना क्षेत्र के धर्मशाला मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने वेयरहाउस का किया आंतरिक निरीक्षण

सुरक्षा मानकों का करें पूर्ण अनुपालन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव एवं निर्वाचन सामग्रियों के संरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस क्रम में वेयरहाउस में लगाए गए ताले, सील, अभिलेखों तथा सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की भौतिक जांच की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों

को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की साफ-सफाई, नियमित निगरानी एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्वाचन से संबंधित उपकरणों एवं सामग्रियों का समय-समय पर परीक्षण एवं रख-रखाव भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप वेयरहाउस का सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/सचिव अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रवींद्र कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, अग्निशमन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

एसआईआर-2026 को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक, विशेष कैम्प का निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में परिसदन सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत दावा-आपत्ति, फॉर्म-6, मैपिंग एवं अनमैपिंग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। आयुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से पात्र नागरिकों को एसआईआर-2026 की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने और सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में सहयोग की अपील की। प्रतिनिधियों ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम नहीं होने, मैपिंग और दावा-आपत्ति से जुड़ी समस्याओं को रखा। आयुक्त ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होने वाले नागरिक निर्धारित 12 दस्तावेजों में से किसी एक वैध दस्तावेज के आधार पर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों से ऐसे नागरिकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने और दावा प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की।

नो-मैपिंगवाले मतदाताओं की सुनवाई

एसआईआर 2026 के तहत पूर्व निर्वाचक नामावली से मैपिंग नहीं हो पाने वाले मतदाताओं के लिए कोडरमा प्रखंड सभागार में विशेष कैंप आयोजित किया गया। नोटिस प्राप्त मतदाता आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुनवाई में शामिल हुए।

शपथ-पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं इंदर मुंडा (INDAR MUNDA), पति स्वर्गीय भुनेश्वर मुंडा, निवासी कदोजोरा, डाकघर-एटा, थाना- बेरो, जिला- रांची, झारखंड-835202 हूं।

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम इंदरा मुंडा (INDRA MUNDA) अंकित है, जबकि मेरा सही एवं वास्तविक नाम इंदर मुंडा (INDAR MUNDA) है। इंदर मुंडा (INDAR MUNDA) एवं इंदरा मुंडा (INDRA MUNDA) दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

अतः भविष्य में सभी प्रकार के कार्यों एवं पहचान के लिए मेरा सही नाम इंदर मुंडा (INDAR MUNDA) माना जाए।

शपथ - 62 शपथ कर्ता
दिनांक-03.09.2026 इंदर मुंडा

आत्महत्या रोकथाम के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता जरूरी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला मानसिक स्वास्थ्य केंद्र, पलामू की ओर से गुरुवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी मनोचिकित्सक डॉ. आशीष कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, डॉ. सुनील कुमार और असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि अवसाद, चिंता और चिड़चिड़ापन आत्महत्या के प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल हैं। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान और समय पर उपचार को आत्महत्या की रोकथाम के लिए जरूरी बताया। डॉ. सुनील कुमार ने आत्महत्या से जुड़े सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक कारणों पर प्रकाश डाला। वहीं संतोष कुमार पांडेय ने मानसिक रोगियों और प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी दी। वीर विक्रम वक्स राय ने बताया कि डालसा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में मरीजों के परिजन, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे। संचालन डॉ. सुनील कुमार ने किया।

सीएनटी जमीन को 'जेनरल' बता कर बेचने का पावर, अब हुआ रद्द

चतरा : हजारीबाग जिले की सीएनटी (छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम) के दायरे में आने वाली जमीन को कथित तौर पर 'जेनरल' जमीन दर्शाकर उसकी बिक्री का पावर ऑफ अटॉर्नी चतरा से जारी किए जाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर सवाल खड़े हो गए थे। मामले को लेकर लगातार उठ रहे सवालों और खबर प्रकाशित होने के बाद अब उक्त पावर ऑफ अटॉर्नी को रद्द कर दिया गया है। फिर भी इस मामले में सबसे गंभीर सवाल यह उठ रहा था कि सीएनटी एक्ट के तहत प्रतिबंधित जमीन को किस आधार पर सामान्य जमीन के रूप में दर्शाया गया और उसकी बिक्री का अधिकार पावर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से दिया गया? पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि जमीन वास्तव में सीएनटी के दायरे में आती है, तो उसे दस्तावेज में सामान्य यानी जेनरल जमीन के रूप में कैसे प्रस्तुत किया गया? क्या दस्तावेज तैयार करने से पहले संबंधित रिकॉर्ड और जमीन की प्रकृति का सत्यापन किया गया था? पावर ऑफ अटॉर्नी रद्द होने के बाद अब इस पूरे प्रकरण की जांच और दस्तावेजों के सत्यापन की मांग भी जोर पकड़ सकती है। मामला केवल एक पावर ऑफ अटॉर्नी रद्द होने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि ऐसी स्थिति पैदा कैसे हुई और इसके लिए जिम्मेदारी किसकी तय होगी।

जैनेश्वरी दीक्षा से पूर्व तीन दीक्षार्थियों का बिनौली व गोद भराई समारोह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरीतिलैया : आगामी जैनेश्वरी दीक्षा से पूर्व तीन ब्रह्मचारी दीक्षार्थियों के लिए जैन समाज एवं विरागोदय वर्षायोग कमेटी के सानिध्य में बिनौली एवं गोद भराई समारोह आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश और राजस्थान से आए दीक्षार्थियों का नव निर्मित मंदिर परिसर में समाज के पदाधिकारियों ने मुकुट-माला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ उन्हें जैन मंदिर ले जाया गया। जैन मंदिर में तीनों दीक्षार्थियों ने मुनि श्री 108 सुयशसागर जी महाराज और मुनि श्री 108 कौशल्यसागर जी महाराज का चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य जीवन का सार ज्ञान के साथ संयम धारण करना है। जैन धर्म में दीक्षा को सर्वोच्च संस्कार बताते हुए उन्होंने कहा कि दीक्षा मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ने का माध्यम है। दीक्षार्थी अतिशय भैया, विशाल भैया और रोहित भैया ने सांसारिक जीवन की सुविधाओं को त्यागकर धर्म मार्ग अपनाने का निर्णय लिया है। बताया गया कि जयपुर में आचार्य श्री 108 आदित्यसागर जी महाराज उन्हें मुनि दीक्षा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में णमोकार चालीसा का पाठ, मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन किया गया। समाज के लोगों ने तीनों दीक्षार्थियों की गोद भराई कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन आकाश भैया और पंडित

मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम में छात्रों को मिट्टी जांच की दी जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कुंडहित (जामताड़ा) : नेशनल मिशन ऑन सॉयल हेल्थ एंड फर्टिलिटी के तहत कुंडहित प्रखंड के पीएम श्री उत्क्रमित विद्यालय सुद्राक्षीपुर में विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मृदा स्वास्थ्य, मिट्टी परीक्षण और उर्वराशक्ति संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, जामताड़ा के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार और आत्मा के उप परियोजना निदेशक संजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को मिट्टी की जांच की आवश्यकता, पोषक तत्वों और संतुलित उर्वरक के प्रयोग की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि मिट्टी की जांच के आधार पर उर्वरकों का उचित मात्रा में प्रयोग करने से खेती की लागत कम करने के साथ मिट्टी की उर्वराशक्ति को लंबे समय तक बनाए रखा जा सकता है। विद्यार्थियों को वैज्ञानिक तरीके से मृदा नमूना संग्रह करने की प्रक्रिया भी बताई गई। विशेषज्ञों ने कहा कि सही तरीके से मिट्टी का नमूना लेकर जांच कराने से खेत की वास्तविक पोषक स्थिति की जानकारी मिलती है और फसल के अनुसार पोषक तत्वों का प्रबंधन किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से मृदा स्वास्थ्य का संदेश अपने परिवार और आसपास के किसानों तक पहुंचाने की अपील की।

दो बार ग्रामीणों ने अपनी जेब से संवारी सड़क सिस्टम की बेरुखी ने फिर बना दिया गड्ढों का जाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत मरमदिरी गांव के बढ़ई टोला की सड़क इन दिनों बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रही है, जो विकास के दावों पर सवाल खड़े करती है। इस गांव की करीब तीन किलोमीटर सड़क जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी ग्रामीणों के लिए मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की बदहाली को देखते हुए गांव के लोगों ने दो बार आपस में चंदा जमा कर सड़क को किसी तरह चलने लायक बनाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने अपने स्तर से मिट्टी, मोरम और अन्य सामग्री डालकर गड्ढों को भरने की कोशिश की, लेकिन बारिश और लगातार आवागमन के कारण सड़क फिर से बदहाल हो गई। सड़क खराब होने का सबसे ज्यादा असर मरीजों, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों पर पड़ रहा है। बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से यह पता लगाना भी मुश्किल हो जाता है कि सड़क पर गड्ढा कितना गहरा है। इससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सड़क बनाने की जिम्मेदारी सरकार और विभाग की है, तो आखिर कब तक गांव के लोग अपनी जेब से चंदा जुटाकर

सेक्रेड हार्ट स्कूल में कवि सम्मेलन का आयोजन

बच्चों ने पर्यावरण, बेटी बचाओ, नारी सम्मान और सामाजिक विषयों को बनाया कविता का आधार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : सेक्रे ड हार्ट स्कूल में 10 सितंबर को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत विषय के लिए था,

जिसमें 50 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में वर्ग 5 से 10वीं तक के छात्राओं ने हिस्सा लिया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ, महिला सम्मान सहित अन्य सामाजिक विषयों को अपनी कविता का आधार बनाया। संस्कृत में पीहू सिंह, अलका कुमारी और उज्ज्वल कुमार को क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। अंग्रेजी में आराध्य श्री, निधि गुप्ता, अदशा प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। हिंदी कविता वाचन में ऋषिका कुमारी, श्रेया कुमारी, अतुल चंद्रा, रागिनी कुमारी, तनीषा, प्रवीण कुमार राज, प्रिया कुमारी, आरफा परवीन, बुशरा परवीन, सृष्टि कुमारी अपने-अपने क्लास में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। जबकि क्लास 9 और 10 में रिमझिम कुमारी, साहिबा प्रवीण और शरण्या सिंह प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक की भूमिका अभिलाषा सिंह, कुरेश शर्मा, विक्रम कुमार दांगी और मनोज पांडेय ने निभाई। विकास कुमार थापा ने तकनीकी सहयोग किया। इस मौके पर विद्यालय के सहायक निदेशक मनोज कुमार सिंह ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और कविता वाचन के कई टिप्स बताए। जबकि प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा की ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। उनके अंदर सामाजिक विषयों और मूल्यों की समझ विकसित होती है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

स्वास्थ्य सेवाओं में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त, गुमला दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति, पूर्व में दिए गए निदेशों के अनुपालन तथा स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मातृत्व स्वास्थ्य के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच (एएनसी) एवं संस्थागत प्रसव की प्रखंडवार प्रगति की

समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं की नियमित ट्रैकिंग करते हुए छूटे हुए मामलों की पहचान एवं फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए। एएनसी जांच के निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत बनाए रखने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी एवं समय पर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को कहा गया। बाल स्वास्थ्य के तहत नियमित टीकाकरण की समीक्षा में जिले की उपलब्धि लगभग 99 प्रतिशत पाई गई। पिछले स्तर की तुलना में लगभग एक प्रतिशत की कमी को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने छूटे हुए सभी बच्चों की पहचान कर उन्हें शत-प्रतिशत नियमित टीकाकरण से जोड़ने का निर्देश दिया। डुमरी में निजी संस्था द्वारा संचालित एमटीसी केंद्र के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सरकारी एमटीसी की सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा जरूरतमंद बच्चों को सरकारी कुपोषण उपचार केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रभावी स्तर पर जागरूकता एवं परामर्श अभियान चलाने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं वय वंदना योजना की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले के विभिन्न वार्डों में आयुष्मान मित्रों के माध्यम से विशेष शिविर संचालित किए जा रहे हैं, जो 15 सितंबर 2026 तक जारी रहेंगे, डुमरी, बिशुनपुर एवं कामडारा में नए आयुष्मान मित्रों को चिह्नित किए जाने की जानकारी दी गई।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा)

अतिआवश्यक सूचना

विभागीय पत्र के आलोक में चतरा जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के तहत लाभर्थियों की स्थायी प्रतिक्षा सूची (PWL) को जिला स्तरीय अपीलीय समिति से अनुमोदन किया जाना है। उक्त के आलोक में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, चतरा जिला के द्वारा ग्राम सभा का आयोजन कर सूची तैयार किया गया है, जिसमें ग्राम सभा अन्तर्गत अयोग्य लाभार्थियों यदि अयोग्य है, तो पूनः दावा–आपत्ति के माध्यम से साक्ष्य सहित प्रतिवेदन के साथ संबंधित प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से **दिनांक– 12.09.2026 से 26.09.2026 तक आवेदन जमा कर सकते हैं।** जिसे स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा है। यदि ग्राम सभा अन्तर्गत अयोग्य लाभार्थियों को कोई आपत्ति है, तो निर्धारित तिथि के अंदर संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में साक्ष्य सहित प्रतिवेदन के साथ संपर्क करें। निर्धारित तिथि के अंदर दावा–आपत्ति नहीं किये जाने पर भविष्य में आपका आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उप विकास आयुक्त,
चतरा

PR 389457 Rural Development(26-27)#D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, KODERMA

Very Short e-Procurement Notice

Tender Reference No:- 03/BCD/EE/KODERMA/2026-27 Date:-09-09-2026

Gr. No.	Name of the work	Estimated Cost (in Rs.)	Time of Completion
1.	RAISING OF EXISTING OUTER BOUNDARY WALL WITH CONCERTINA COIL FENCING OF DISTRICT JAIL KODEMA	68,22,600.00	6 Month
i.	Date of Publication of Tender on website	18.09.2026 at 10:00AM	
ii.	Last date/Time for receipt of bids	25.09.2026 up to 3:00PM	
iii.	**Date & Time of opening of tender**	26.09.2026 at 3:00PM	
iv.	Name & address of office Inviting tender	Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Koderma	
v	Contact no. of Procurement officer	91029-79082	
vi.	Helpline number of e-Procurement cell	99315-10044	

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Koderma

PR 389475 (Building) 26-27 (D)

- कार्यालय -
जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग

शंकरपुर बडकागाँव रोड, हजारीबाग - 825301
Email.- dho_hazaribag@rediffmail.com , dho.hazaribagh@gmail.com
Telephone No. 06546-291453

प्रमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग योजना के लाभ हेतु आम सूचना

राज्यादेश सं0 29 दिनांक 24.06.2026 वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान विकास योजनान्तर्गत "प्रमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" उप योजना के तहत शहरी इलाके एवं उससे आस–पास के सटे हुए शहरी क्षेत्रों में बसे हुए परिवार के घरों के निकट खाली पडे छोटे भू–खण्ड , सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फुलों एवं फलों के उत्पादन किये जाने हेतु प्रमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग की योजना स्वीकृत है। **जिला – हजारीबाग एवं रामगढ़** के शहरी इलाके एवं उससे आस–पास के सटे हुए शहरी क्षेत्रों में बसे हुए इच्छुक परिवार हेतु PR.No.384040 Agriculture(26-27):D के द्वारा विज्ञापन प्रकाशन किया गया था परंतु Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फुलों एवं फलों के उत्पादन हेतु आवेदन प्राप्त नहीं हुआ पुनः प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के अन्दर इच्छुक परिवार कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है।

PR 389472 Agriculture,Animal Husbandry
And Co-opretive Department (26-27)_D

जिला उद्यान पदाधिकारी,
हजारीबाग / रामगढ़

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला योजना)

e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

ज्ञापांक- X-12/2026–...../जि0यो0, दिनांक–...../2026

निविदा (Tender) Corrigendum

जिला योजना अनाबद्ध निधि से हजारीबाग जिला के दिव्यांजनों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 200 (दो सौ पचास) Battery-Operated Tricycles आपूर्ति किये जाने हेतु विभिन्न शर्त्तों के साथ PR387770 द्वारा निविदा, GeM Portal के माध्यम से आमंत्रित की गयी थी। उक्त हेतु दिनांक 27/08/2026 को सम्पन्न प्री–बीड बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में 150 (एक सौ पचास) Battery-Operated Tricycles आपूर्ति हेतु संशोधित निविदा जिसकी अधिकतम कुल लागत 85,00,000/–(पच्चासी लाख) रूपये होगी। इच्छुक संस्थान/फर्म निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी GeM portal पर अपलोड एवं जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है। तिथि एवं समय निम्नांकित है :–

क्र0	विवरणी	तिथि एवं समय
1	बीड जमा करने की प्रारम्भिक तिथि	09/09/2026
2	बीड प्राप्त करने की अंतिम तिथि	25/09/2026
3	तकनिकी बीड खोलने की तिथि	26/09/2026
4	वित्तीय बीड खोलने की तिथि	GeM Portal द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार

निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा के नियम एवं शर्त्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी GeM Portal के साथ समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

नोट :– उक्त निविदा की वैद्यता 90 दिनों की होगी, 90 दिनों के अन्दर निविदा प्रक्रिया किसी भी कारण पूर्ण नही की जाती है, तो निविदा स्वतः समाप्त/रद्द/निरस्त समझा जायेगा।

जिला योजना पदाधिकारी
हजारीबाग

PR 389411 Planning and Development (26-27)_D

हर माह 10 तारीख को डीबीटी के माध्यम से पेंशन होगी हस्तांतरित : सम्राट

एजेंसी

पटना : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुंगेर के हवेली खड़गपुर स्थित गंगटा मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत अगस्त माह के लिए 105.68 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रति व्यक्ति है 1100 रुपये की दर से कुल 1233.87 करोड रुपये का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया। योजना से इस बार 98,896 नए लाभार्थी जुड़े हैं। मौके पर उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में प्रत्येक माह की 10 तारीख को डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 333 के किलोमीटर 28.340 (गंगटा) से किलोमीटर 38.340 (कोडवरवा) मोड़ तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। मौके पर संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के पात्र लोगों को बिना किसी भेदभाव के सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों को 1,100 प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। अगस्त 2026 की पेंशन के रूप में 105.68 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,233.87 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। पेंशन की राशि निर्धारित समय पर लाभार्थियों के खाते में पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए हर माह की 10 तारीख पेंशन भुगतान के लिए निर्धारित की गई है।

इस बार 98,896 नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-333 पर किमी 28.340 (गंगटा) से किमी 38.340 (कोहबरवा मोड़) तक सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण की परियोजना का शिलान्यास किया गया। परियोजना का उद्देश्य इस मार्ग को अधिक बेहतर, सुरक्षित और सुगम बनाना है। बेहतर सड़क संपर्क से मुंगेर, जमुई और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा तथा विकास की गति तेज होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के 13 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। 30 लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। सरकार की तरफ से बाढ़ राहत कार्य किये जा रहे हैं। बक्सर से लेकर भागलपुर तक गंगा नदी के पानी का बांधना है। बक्सर से शुरू होकर भागलपुर में गंगा नदी की धारा काफी चौड़ी हो जाती है, इसको हमलोगों को ठीक करना है, तभी बाढ़ से राहत मिलेगी। बांग्लादेश के साथ हुए समझौते के तहत गंगा नदी का पानी हमलोग सिर्फ चार महीने जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में ही ले सकते हैं। बांग्लादेश के साथ जल संधि में बिहार के हित का ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि पूरे साल गंगा नदी के पानी का हमलोग इस्तेमाल कर सकें। बिहार को जब आवश्यकता हो तब वह पानी ले सके, इस प्रावधान को फरक्का जल समझौते में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 01 सितंबर से 30 नवंबर तक पूरे बिहार में लोगों की स्वास्थ्य जांच को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत करीब साढ़े 6 करोड़ लोगों का स्वास्थ्य जांच किया जायेगा। हेल्थ चेकअप के बाद इलाज की भी व्यवस्था की जाएगी। 17 सितंबर से सेवा संकल्प कायाकल्प अभियान शुरू किया जायेगा। इसके तहत स्कूल में इंफ्रास्ट्रक्चर को ठीक किया जायेगा। स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में जहां शौचालय की व्यवस्था नहीं है, वहां शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। इसी माह तारापुर एवं हवेली खड़गपुर में कोर्ट शुरू हो जाएगा।

बिहारी ज्वेलर्स डकैती कांड में फरार आरोपी के खिलाफ हुई कुर्की-जब्ती की कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गोला थाना अंतर्गत बिहारी ज्वेलर्स डकैती कांड संख्या 18/26 में फरार चल रहे अंतिम अप्राथमिकी अभियुक्त चतरा जिले के टंडवा थाना अंतर्गत ग्राम कोयद निवासी उगदेव साव, पिता लूरक साव के विरुद्ध पुलिस ने गुरुवार को कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस की ओर से की गई इस कार्रवाई के बाद मामले में फरार आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के अनुसार, इस कांड में सात अप्राथमिकी अभियुक्तों दीपक कुमार, सद्दाम अंसारी, ऐनुल अंसारी, मोइन अंसारी, दीपक कुमार स्वर्णकार, अनिल साव एवं जफर अंसारी को पूर्व में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। पुलिस ने बताया कि कांड से संबंधित सभी सोने के जेवरात बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त तीनों वाहनों एवं हथियारों को भी बरामद किया जा चुका है। पुलिस की कार्रवाई के बाद मामले में फरार चल रहे उगदेव साव के विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई।

एक झलक

वॉयस ऑफ जर्नलिस्ट्स ने एसपी प्रवीण पुष्कर को किया सम्मानित

गोला (रामगढ़) : श्रावणी मेला के दौरान देवघर में बेहतर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर किए गए सराहनीय कार्यों के लिए वॉयस ऑफ जर्नलिस्ट्स की ओर से देवघर के पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर को सम्मानित किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना कापरी एवं राष्ट्रीय महासचिव भगवान तिवारी के नेतृत्व में एसपी प्रवीण पुष्कर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवघर जिला अध्यक्ष राजेश किशोर एवं आस्तिक गिरी उर्फ कृष्णा सहित कई पत्रकार एवं वॉयस ऑफ जर्नलिस्ट्स से जुड़े पत्रकार साथी भी मौजूद थे। श्रावणी मेला के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवघर पहुंचे। ऐसे में सुरक्षा, यातायात एवं विधि-व्यवस्था को बनाए रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती रही। पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संगठन की ओर से पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के कार्यों की सराहना की गई। सम्मान प्राप्त करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वॉयस ऑफ जर्नलिस्ट्स द्वारा इस तरह आगे बढ़कर अच्छे कार्यों को सम्मानित करना उन्हें अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और जब कोई पत्रकार संगठन सकारात्मक कार्यों को पहचानकर अधिकारियों एवं कर्मियों का उत्साहवर्धन करता है, तो इससे निश्चित रूप से काम करने का मनोबल बढ़ता है।

जोकीहाट पुलिस ने 99 लीटर विदेशी शराब के साथ ऑटो किया जब्त

अररिया : जिले की जोकीहाट थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे एनएच 327ई पर गश्ती के क्रम में एक ऑटो पर लदे 99 लीटर विदेशी शराब जब्त किया। गश्ती कर रही जोकीहाट थाना पुलिस की गाड़ी को देखते ही शराब तस्करी में शामिल ऑटो चालक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया तो चालक ने हाईस्कूल चौक के पास दूसरे ऑटो के बीच अपना वाहन खड़ा कर दिया और भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने ऑटो की तलाशी ली तो उसमें अलग-अलग ब्रांड की विदेशी शराब मिली। पुलिस ने कुल 99 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए ऑटो को जब्त कर लिया है।

डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अभिमुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, (लारी) में बी.एड. एवं डी.एल.एड. सत्र 2026ञ्28 के नवागंतुक प्रशिक्षुओं के स्वागत एवं उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित कराने के उद्देश्य से अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2025ञ्27 के प्रशिक्षु-शिक्षकों द्वारा सत्र 2026ञ्28 के नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं महाविद्यालय के पदाधिकारियों ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का

औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि रितेश कुमार तथा महाविद्यालय के सचिव एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय कुमार प्रभाकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने नवागंतुक प्रशिक्षुओं का महाविद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए शिक्षक-प्रशिक्षण के महत्व, अनुशासन, नियमितता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रितेश कुमार ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण अवधि का सदुपयोग करने, नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा अनुशासन के साथ शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका केवल पाठ पढ़ाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के विकास में भी शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर रहने तथा एक आदर्श एवं जिम्मेदार शिक्षक बनने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय के सचिव एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय कुमार प्रभाकर ने नवागंतुक प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षक-प्रशिक्षण एक जिम्मेदारीपूर्ण यात्रा है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक सफल शिक्षक बनने के लिए विषय ज्ञान के साथ-साथ संचार कौशल, तकनीकी दक्षता, सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं मानवीय संवेदनाओं का होना भी आवश्यक है।

गोवंशीय पशु तस्करी-वध का आरोपी गिरफ्तार

- गुप्त सूचना पर सदर पुलिस की दबिश, लम्बे समय से फरार अनवर उर्फ नेपाली कुरैशी को दबोचा
- 2013 से अब तक सदर में 23 और कुंदा में एक मामला दर्ज, पुलिस खंगाल रही आरोपी का आपराधिक नेटवर्क : एसडीपीओ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : 24 कांडों में पुलिस को वांछित आरोपी आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया। गौवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी एवं वध से जुड़े मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे मो. अनवर उर्फ नेपाली कुरैशी को सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ सदर थाना में 23 और कुंदा थाना में एक मामला दर्ज है। वर्ष 2013 से लेकर 2026 तक दर्ज इन मामलों में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम समेत कई गंभीर धाराएं शामिल हैं। सदर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सन्नी वर्धन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिली थी कि विभिन्न मामलों में वांछित अनवर उर्फ नेपाली कुरैशी अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही उसका सत्यापन कराया गया। सूचना की पुष्टि होने के बाद सदर पुलिस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसके ठिकाने पर छापेमारी की। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. अनवर उर्फ नेपाली कुरैशी, पिता मो. सराज कुरैशी, निवासी बिड़ मुहल्ला, शहादत चौक, सदर थाना क्षेत्र, चतरा के रूप में हुई है।

नये थाना प्रभारी संदीप कुमार का कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ ने किया स्वागत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : हंटरगंज थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी संदीप कुमार का कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी से मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू ने थाना प्रभारी संदीप कुमार का स्वागत करते हुए कहा कि हंटरगंज क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ आम लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील पुलिसिंग की आवश्यकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण और मजबूत

होगा। इस मौके पर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने स्वागत के लिए कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आम लोगों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस आम जनता के सहयोग से अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करेगी। स्वागत कार्यक्रम में जिला ओबीसी उपाध्यक्ष अशोक पाल, जिला सचिव प्रदीप गुप्ता, जिला ओबीसी सचिव बंटी कुमार, हंटरगंज प्रखंड ओबीसी उपाध्यक्ष शिव पूजन चंद्रवंशी तथा

गोला पंचायत की जनसमस्याओं पर ग्रामीणों से मिले विशु रजवार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गुरुवार को गोला पंचायत में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर युवा आजसू जिला प्रभारी विशु रजवार ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गोला पंचायत में पेयजल की समस्या काफी गंभीर है। नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पंचायत क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई की भी विशेष आवश्यकता है, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण मिल सके।

युवा आजसू जिला प्रभारी विशु रजवार ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनसमस्याओं को संबंधित विभाग एवं अधिकारियों के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा तथा जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर आजसू पार्टी लगातार जनता के बीच रहकर उनकी आवाज को उठाने का काम कर रही है। मौके पर आजसू नेता परमेश्वर महतो, पंचम रजक, आजसू छात्र संघ प्रखंड सचिव प्रीत नायक, कार्यकारी अध्यक्ष बिक्की स्वर्णकार, अर्जुन राम रजक, आशीष रजक गोविंदा रजक मुरलीधर रजक सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

108 एम्बुलेंस सेवा के जिला स्तर पर संचालन व कर्मचारियों की मांगों को लेकर चरणबद्ध आन्दोलन का एलान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : 108 एम्बुलेंस सेवा एवं कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के प्रदेश एवं सभी जिलों के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आज भारतीय मजदूर संघ कार्यालय, धुर्वा, राँची में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी ने की। संघ ने कहा कि टऊ ठल्ट कार्यालय द्वारा राज्य के सभी सिविल सर्जनों को जिला स्तर पर 108 एम्बुलेंस सेवा के संचालन एवं कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं, बावजूद इसके कई जिलों में जिला स्तर से एम्बुलेंस सेवा का संचालन प्रारंभ नहीं किया गया है। संघ द्वारा पूर्व में सरकार को वर्तमान 108 एम्बुलेंस सेवा की टेंडर प्रक्रिया पूर्णतः निरस्त करने, जिला स्तर पर सिविल सर्जन के माध्यम से सेवा संचालन शुरू करने, कंपनी द्वारा सेवा से हटाए गए कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल करने तथा कर्मचारियों को वैधानिक श्रमिक अधिकार की सुविधा उपलब्ध करने की मांग की गई थी। साथ ही, 08 सितंबर 2026 तक जिला स्तर पर एम्बुलेंस संचालन शुरू करने का आग्रह किया गया था। निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर संघ ने चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है।

ब्रेन ट्यूमर सर्जरी में नयी उपलब्धि

भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल रांची में पहली बार हुई अवेक क्रैनियोटॉमी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची में पहली बार अवेक क्रैनियोटॉमी (मरीज के जागते हुए की जाने वाली ब्रेन सर्जरी) की गई। इस सर्जरी द्वारा दिमाग के स्पीच एरिया से ब्रेन ट्यूमर को निकाला गया। यह सर्जरी भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल्स, रांची के सीनियर कंसल्टेंट-न्यूरोसर्जरी डॉ. विक्रम सिंह ने की। 55 साल के मरीज के दिमाग के बाएं फ्रंटल हिस्से में ट्यूमर था। दिमाग का यह हिस्सा बोलने और भाषा की क्षमता को नियंत्रित करता है। भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची में सीनियर कंसल्टेंट-न्यूरोसर्जरी डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि, मरीज के दिमाग में बोलने और भाषा की क्षमता से जुड़े हिस्से में ट्यूमर था। इसलिए ऑपरेशन के दौरान इन क्षमताओं को सुरक्षित रखना हमारे लिए बहुत जरूरी था। ट्यूमर की जगह को देखते हुए हमने अवेक क्रैनियोटॉमी की। इसमें ऑपरेशन के जरूरी समय पर मरीज को होश में रखा गया, ताकि हम उनकी स्पीच और न्यूरोलॉजिकल क्षमताओं की निगरानी करते हुए सर्जरी कर सकें। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत अच्छी रही और उन्हें कोई नई न्यूरोलॉजिकल परेशानी नहीं हुई। फॉलो-अप में भी मरीज की स्थिति अच्छी है और वह जल्द ही स्वस्थ हो रहा है। भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची में क्रिटिकल केयर के चेयरमैन डॉ. विजय कुमार मिश्रा ने बताया, यह एक चुनौतीपूर्ण मामला था, क्योंकि ट्यूमर दिमाग के एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्से में था। सर्जरी के दौरान मरीज का आराम में रहना और जरूरत पड़ने पर डॉक्टरों को जवाब देना जरूरी था। इन सब में न्यूरो-एनेस्थीसिया टीम की अहम भूमिका रही। टीम ने यह सुनिश्चित किया कि मरीज पूरी सर्जरी के समय स्थिर रहे और ऑपरेशन के दौरान सहयोग कर सके। सर्जरी सफल रही और इसके बाद मरीज ने बेहतरीन रिकवरी की।

रेलवे विकास कार्य के बीच दन्दुवा-जारा की राह में नाली बनी बाधक, ग्रामीणों ने उठायी आवाज

आवागमन समस्या पर ग्रामीणों की रेलवे से हुई वार्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : बरकाकाना-मुरी रेलखंड के अंतर्गत पूरबडीह पंचायत के दन्दुवा-जारा टोला में रेलवे द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य के बीच नाली निर्माण से ग्रामीणों के बीच आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई है। रास्ता प्रभावित होने की सूचना पर गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण गोलबंद होकर निर्माण स्थल पर पहुँचे और रेलवे कर्मियों के समक्ष अपनी समस्या को रखा। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे का विकास कार्य क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों के आवागमन का रास्ता बाधित नहीं होना चाहिए। नाली

निर्माण के कारण टोला तक आने-जाने में परेशानी पैदा हो रही है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुँचकर रेलवे कर्मियों से तत्काल समाधान की माँग की। मौके पर पंचायत की मुखिया अलका महतो और वार्ड सदस्य राहुल कुमार सहित सुरेश कुमार, दशरथ कुमार, संजय महतो, गणेश महतो, रामकुमार महतो, लखेश्वर कुमार, मंजूरी देवी, पारो देवी, सुरपति देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों और रेलवे कर्मियों के बीच हुई वार्ता में रेलवे कर्मचारियों ने कहा कि समस्या को लेकर स्थानीय सांसद के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के नाम पत्र भेजा जाए। पत्र के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या रेलवे के उच्च अधिकारियों तक पहुँचने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बरकाकाना-मुरी रेलखंड करीब 58 किलोमीटर लंबा है और इसके दोहरीकरण की योजना पर रेलवे स्तर पर प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में क्षेत्र में रेलवे से जुड़े आधारभूत संरचना के कार्य आने वाले समय में और बढ़ने की संभावना है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों का वे विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनकी माँग है कि निर्माण के साथ स्थानीय लोगों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन का भी ध्यान रखा जाए। वार्ता के बाद ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं डाली।

विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों को यातायात व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर गुरुवार को जिले के हेरहंज, गारू एवं नेतरहाट थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय की चुनौतियों, आत्मरक्षा, यातायात नियमों और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में सुरक्षा को लेकर जरूरी सावधानियों की जानकारी दी। छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस पदाधिकारियों ने कम उम्र में वाहन नहीं चलाने की सलाह देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनने की अपील की।डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपाय भी बताए गए। सोशल मीडिया का सुरक्षित और जिम्मेदारी से उपयोग करने, अनजान लोगों से व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करने तथा अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी गई।

पुलिस अधीक्षक ने बालूमाथ अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

लातेहार : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने गुरुवार को बालूमाथ अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण अभिलेखों, विभिन्न पंजियों तथा लंबित मामलों के निष्पादन की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में दर्ज मामलों के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से जानकारी ली और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर दिया।पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय में रखे अभिलेखों के रख-रखाव, पंजियों के संधारण तथा विभिन्न

कार्यों से संबंधित रिकॉर्ड की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी अभिलेखों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से रखा जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके।निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से जुड़े मामलों के त्वरित निवारण पर भी विशेष जोर दिया।

केरम ग्राम प्रधान को हटाने का प्रस्ताव असंवैधानिक: रमेश उरांव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

ओरमांझी : झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश उरांव के नेतृत्व में ओरमांझी प्रखंड ग्राम प्रधान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया से मुलाकात कर विभिन्न कार्यों एवं समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने टुंडाहुली पंचायत के केरम गांव के ग्राम प्रधान कैलाश बेदिया को पद से हटाने के लिए हाल में आयोजित ग्रामसभा को फर्जी बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कुछ ग्रामीणों द्वारा मुखिया रमेश बेदिया के नेतृत्व में ग्राम प्रधान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाकर उन्हें पदमुक्त करने तथा नए ग्राम प्रधान, कोषाध्यक्ष और सचिव का चयन किया गया है, जो पूरी तरह गलत और असंवैधानिक है। महासंघ ने

स्पष्ट किया कि कैलाश बेदिया ही वर्तमान ग्राम प्रधान हैं और उनके स्थान पर किए गए किसी भी कथित चयन को ग्राम प्रधान संघ मान्यता नहीं देगा। प्रदेश अध्यक्ष रमेश उरांव ने बीडीओ से कहा कि मुखिया को ग्राम प्रधान को मनमाने तरीके से हटाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर एवं लोभ-लालच देकर ग्राम प्रधान के विरुद्ध खड़ा करने का प्रयास किया गया, जो उचित नहीं है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। वहीं, ग्राम प्रधान कैलाश बेदिया ने बताया कि उनके द्वारा नियमित रूप से ग्रामसभा की बैठक आयोजित की जाती रही है। सरकार की योजनाओं के चयन के लिए प्रखंड कार्यालय से प्राप्त निदेशों के अनुसार ग्रामसभा बुलाकर सर्वसम्मति से योजनाओं का प्रस्ताव पारित कर प्रखंड कार्यालय में जमा किया जाता है। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि इस पूरे मामले को लेकर मुखिया के खिलाफ बीडीओ एवं वरीय पदाधिकारियों के समक्ष लिखित शिकायत दी जाएगी।

एक झलक

सेलाक्वी स्ट्राइकर्स ने जीता देहरादून टी20 लीग का खिताब

देहरादून : सेलाक्वी स्ट्राइकर्स ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए बुधवार रात मूसरी थंडर्स को 39 रन से हराकर देहरादून टी20 लीग 2026 के उद्घाटन सत्र का खिताब अपने नाम कर लिया। अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी में बारिश के कारण फाइनल मुकाबला 16-16 ओवर का कर दिया गया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेलाक्वी स्ट्राइकर्स ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय शर्मा ने पारी को पूरी तरह अपने नियंत्रण में ले लिया। उन्होंने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए महज 31 गेंदों में नाबाद 103 रन ठोक दिए। उनकी पारी में पांच चौके और 12 छक्के शामिल रहे। विजय शर्मा की विस्फोटक पारी के दम पर सेलाक्वी स्ट्राइकर्स ने 16 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान पीयूष जोशी ने 27 और संस्कार रावत ने 28 रन का योगदान दिया। मूसरी थंडर्स की ओर से अनमोल शाह, शुभम नैथानी और अंशुल कुमार ने एक-एक विकेट लिया। 193 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मूसरी थंडर्स की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने महज नौ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए।

इवेंट इंडस्ट्री की 12 टीमों के बीच होगा क्रिकेट का मुकाबला

इंदौर : इवेंट इंडस्ट्री के प्रोफेशनल्स अब प्रोजेक्ट और फ्लाइट्स के साथ-साथ क्रिकेट के मैदान पर भी आमने-सामने होंगे। कंबाइंड इनिशिएटिव फॉर इवेंट मैनेजर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीएमा) की सीएमा क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीपीएल 3.0) का तीसरा सीजन 15 और 16 सितंबर को अभय प्रशाल में होगा। लीग में इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े प्रोफेशनल्स की 12 टीमें हिस्सा लेंगी। क्रिकेट के साथ टीमवर्क, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और नेटवर्किंग को आयोजन में प्रमुखता दी जाएगी। सीएमा अध्यक्ष निमेष पितलिया ने कहा कि सीपीएल 3.0 का उद्देश्य इवेंट फ्रेटरनिटी को कामकाज से अलग एक साझा मंच पर जोड़ना है। 12 टीमों की भागीदारी से इस बार मुकाबले का रोमांच बढ़ेगा। उपाध्यक्ष गजेंद्र कदम ने कहा कि क्रिकेट टीमवर्क और बेहतर समन्वय की भावना मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। सचिव ध्रुव मेहता ने बताया कि तीसरे सीजन को लेकर सदस्यों में खासा उत्साह है। संयुक्त सचिव सुमीत मालू ने कहा कि आयोजन में प्रतिस्पर्धा के साथ मनोरंजन और आपसी जुड़ाव का माहौल तैयार किया गया है। कोषाध्यक्ष नितेश जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन संस्था के सदस्यों को करीब लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लीग को स्काईलाइन क्लब एंड रिजॉर्ट पावर्ड-बाय पार्टनर और डीएनसी को-पावर्ड-बाय पार्टनर के रूप में सहयोग कर रहे हैं। अन्य संस्थाएं को-स्पॉन्सर, ट्रॉफी पार्टनर और सपोर्टिंग स्पॉन्सर के रूप में जुड़ी हैं।

ताहिर टी20 क्रिकेट में पांच विकेट लेनेवाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बने

जमैका : दक्षिण अफ्रीकी लेग स्पिनर इमरान ताहिर ने 47 साल की उम्र में भी टी20 क्रिकेट में एक रिकार्ड बनाकर सभी को हैरान कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के आठ साल बाद भी जिस प्रकार से ताहिर ने खेला है उससे सभी हैरान हैं। हाल ही में ताहिर इस प्रारूप में पांच विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बने हैं। उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में गुयाना वॉरियर्स की ओर से खेलते हुए हासिल की। सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ हुए मुकाबले में ताहिर ने अपने चार ओवरों में केवल 17 रन देकर पांच विकेट लिए। सीपीएल 2026 टूर्नामेंट के 31वें मैच में सेंट लूसिया किंग्स और गुयाना वॉरियर्स के बीच हुए मुकाबले में सेंट लूसिया किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट के नुकसान पर 54 रन बना लिए थे और वह एक मजबूत स्कोर की ओर बढ़ रही थी।

जूनियर महिला एशिया कप : भारत ने पाकिस्तान को 19-0 से रौंदा, रिकॉर्ड जीत के साथ सेमीफाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी

मोकी : भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार आक्रामक प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को महिला जूनियर एशिया कप-2026 के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को 19-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत ने मुकाबले के चारों क्वार्टर में गोल दागे और एकतरफा जीत दर्ज की। भारत ने पहले क्वार्टर में पांच, दूसरे में पांच, तीसरे में तीन और अंतिम क्वार्टर में छह गोल किए। भारतीय टीम ने शुरूआत से ही पाकिस्तान पर दबाव बनाए रखा और पहले पांच मिनट में ही दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, हालांकि दोनों मौकों को गोल में नहीं बदला जा सका। सातवें मिनट में पूजा साहू ने पेनल्टी

कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। इसके दो मिनट बाद रोशनी ऐंद ने फील्ड गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। 11वें मिनट में तनुश्री दिनेश कडू ने डिफ्लेक्शन के जरिए गोल किया। इसके बाद पाकिस्तान की टीम ने सर्किल के अंदर फाउल किया और भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। सुखवीर कौर ने 13वें मिनट में इसे आसानी से गोल में बदल दिया। इसके तुरंत बाद सानिका चंद्रकांत माने ने फील्ड गोल कर भारत को पहले क्वार्टर के अंत में 5-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा जारी रहा। मधु सिदार ने 16वें मिनट में और गीता यादव ने 18वें मिनट में गोल कर स्कोर 7-0 कर दिया। सानिका माने ने 23वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया, जबकि तनुजा टोप्पो ने 25वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त 9-0 कर दी। 27वें मिनट में पूजा मलिक ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 10-0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक भारत ने आठ पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर लिया था। तीसरे क्वार्टर में पूर्णिमा यादव ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर डिफ्लेक्शन के जरिए गोल किया। मधु सिदार ने 39वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया, जबकि सुप्रिया ने 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 13-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर में भारत ने छह और गोल दागे। कृष्णा शर्मा ने 48वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना पहला गोल किया। पूजा मलिक ने 49वें मिनट में दूसरा गोल और 51वें मिनट में तीसरा गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की। सुप्रिया ने 54वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर अपना दूसरा गोल किया। बिनिमा धन ने 55वें मिनट में फील्ड गोल किया, जबकि रोशनी ऐंद ने 60वें मिनट में अपना दूसरा गोल कर भारत की जीत का स्कोर 19-0 कर दिया। आंकड़े भी भारत के एकतरफा दबदबे की गवाही देते हैं। भारत ने कुल 19 गोल किए, जबकि उसे 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला। पाकिस्तान पूरे मुकाबले में न तो कोई गोल कर सका और न ही पेनल्टी कॉर्नर या पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर सका। इस शानदार जीत के साथ भारत ने महिला जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। अब 12 सितंबर को सेमीफाइनल में भारत का सामना क्वार्टर फाइनल-4 में दक्षिण कोरिया और मलेशिया के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

ईशान किशन और कौनैन कुरैशी के दम पर ईस्ट जोन ने 13 साल बाद जीता दलीप ट्रॉफी

एजेंसी

चेन्नई : ईस्ट जोन ने गुरुवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में साउथ जोन के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर दलीप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। ईस्ट जोन ने 13 साल के इंतजार को खत्म करते हुए तीसरी बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। टीम ने इससे पहले 2012-13 सत्र में खिताब अपने नाम किया था। फाइनल के आखिरी दिन ईस्ट जोन ने दूसरी पारी में 388/7 के स्कोर पर पारी घोषित की। मोहम्मद कौनैन कुरैशी ने 190 गेंदों पर नाबाद 116 रन की पारी खेलकर अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक लगाया, जबकि अनुकूल रॉय ने 64 रन बनाए। घोषणा के साथ ही ईशान किशन की कप्तानी वाली ईस्ट जोन टीम ने खिताबी जीत का जश्न शुरू कर दिया। ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। कप्तान ईशान किशन ने शानदार 270 रन और कुमार कुशाग्र ने 101 रन की पारी खेली थी। किशन ने दूसरी पारी में भी 80 रन बनाए और मैच में कुल 350 रन पूरे किए। ईस्ट जोन की खिताबी जीत में झारखंड के उभरते खिलाड़ियों की अहम भूमिका रही। कुशाग्र के अलावा शिखर मोहन ने दलीप ट्रॉफी पदार्पण पर 85 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने पिछले घरेलू सत्र में दिखाए गए अच्छे फॉर्म को भी जारी रखा। कुशाग्र, शिखर और किशन की तिकड़ी ने ईस्ट जोन की बल्लेबाजी को मजबूती दी। फाइनल के आखिरी दिन कौनैन कुरैशी और अनुकूल रॉय ने सातवें विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। इसी दौरान धीमी ओवर गति के कारण साउथ जोन पर पांच रन की पेनल्टी भी लगाई गई। मैच अधिकारियों और साउथ जोन के कप्तान तिलक वर्मा के बीच लंबे समय तक चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। कुरैशी ने 96वें ओवर में तेज गेंदबाज सीवी मिलिंद की गेंद पर एक्स्ट्रा कवर की दिशा में दो रन लेकर अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। शतक पूरा करने के बाद उन्होंने हेलमेट उतारकर हाथ उठाए, जबकि टीम के खिलाड़ियों ने बालकनी से खड़े होकर उनका स्वागत किया। अगले ही ओवर में उन्होंने त्रिपुराना विजय की गेंदों पर मिडविकेट और लॉन्ग ऑन के ऊपर लगातार दो छक्के जड़ दिए। दूसरे छोर पर अनुकूल रॉय ने 89वें ओवर में शेख रशीद की गेंद को प्वाइंट के रास्ते भेजकर एक रन लिया और अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, इसके बाद उनकी पारी 64 रन पर समाप्त हो गई। वह एमडी नधीश की गेंद पर ढीला शॉट खेलने के प्रयास में स्लिप में देवदत्त पडिक्कल के हाथों कैच आउट हुए। 100वें ओवर की दूसरी गेंद पर कुरैशी ने मिलिंद की गेंद को मिड ऑन की ओर खेला। इसके बाद कप्तान ईशान किशन ने पवेलियन से पारी घोषित करने का संकेत दिया। अंपायरों ने तुरंत बेल्स हटा दीं और ईस्ट जोन की खिताबी जीत की औपचारिक पुष्टि हो गई। चेपॉक की मुश्किल पिच और उमस भरे मौसम के बावजूद साउथ जोन के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शानदार जुझारूपन दिखाया। मैच का नतीजा लगभग तय होने के बावजूद उन्होंने लगातार नौ ओवर का लंबा स्पेल किया। पारी घोषित होने के बाद ईस्ट जोन के खिलाड़ी मैदान पर उतरकर जश्न मनाने लगे। ईशान

संक्षिप्त स्कोर

ईस्ट जोन–708 और 388/7 पारी घोषित (मोहम्मद कौनैन कुरैशी 116 नाबाद, ईशान किशन 80; एमडी नधीश 2/28, सीवी मिलिंद 1/27) ने साउथ जोन–336 (तिलक वर्मा 99; मुकेश कुमार 3/62) के साथ मैच ड्रॉ खेला। पहली पारी में बढ़त के आधार पर ईस्ट जोन विजेता रहा।

चैंपियंस लीग : राफिन्हा के दो गोल से बार्सिलोना ने फेयेनोर्ड को 5-1 से हराया

एजेंसी

बार्सिलोना : राफिन्हा के दो गोल की बदौलत बार्सिलोना ने बुधवार को चैंपियंस लीग अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए फेयेनोर्ड को 5-1 से हरा दिया। बार्सिलोना के लिए राफिन्हा के अलावा करीम अदेयेमी, लामिन यामाल और स्थानापन्न गैब्रियल जीसस ने गोल किए। फेयेनोर्ड की ओर से सेम स्टेइन ने एकमात्र गोल किया। बार्सिलोना ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त बना ली। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और फेरान टोरेस के जाने के बाद केंद्रीय स्ट्राइकर की भूमिका निभा रहे राफिन्हा ने पेनल्टी क्षेत्र में दो डिफेंडरों को छकाया और शानदार अंदाज में गेंद को गोल में पहुंचाया। इस गोल के साथ राफिन्हा ने इस सत्र में पांच मैचों में अपने गोलों की संख्या आठ कर ली है। बार्सिलोना ने इसके बाद अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। करीम अदेयेमी ने पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से शानदार लंबी दूरी का शॉट लगाकर गेंद को फेयेनोर्ड के गोलकीपर ट्यार्क एर्न्स्ट की पहुंच से दूर गोल में पहुंचा दिया। फेयेनोर्ड ने वापसी की कोशिश की और अनीस हाज मूसा ने बार्सिलोना के गोलकीपर जोआन गार्सिया को नजदीकी पोस्ट पर बचाव करने के लिए मजबूर किया। हालांकि बार्सिलोना का दबदबा कायम रहा। जोआओ कांसोलो ने गिवाइरो रीड को छकाने के बाद शॉट लगाया, लेकिन गेंद पोस्ट के बाहरी हिस्से से टकराकर बाहर चली गई। दूसरे हाफ में राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। पेड्री के शानदार थ्रू पास पर तेजी से आगे बढ़ते हुए राफिन्हा ने एर्न्स्ट को छकाकर गेंद को गोल में डाल दिया। फेयेनोर्ड ने नाचो फेरी के जरिए तुरंत जवाब देने की



कोशिश की, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी की समीक्षा के बाद ऑफसाइड के कारण गोल रद्द कर दिया गया। बार्सिलोना ने इसके बाद भी लगातार हमले जारी रखे। फर्मिन लोपेज ने एर्न्स्ट को एक और बचाव के लिए मजबूर किया, जबकि लामिन यामाल ने फ्री-किक पर शानदार गोल करके स्कोर 4-0 कर दिया। उनकी किक दीवार को पार करते हुए सीधे गोल में पहुंची।

वियतनाम ओपन: तन्वी शर्मा क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं प्रणय भी अंतिम 8 में

हो ची मिन्ह सिटी : शीर्ष वरीय तन्वी शर्मा ने गुरुवार को थाईलैंड की पासा-ऑर्न फन्नाचेट को हराकर वियतनाम ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। तन्वी ने अंतिम-16 मुकाबले में फन्नाचेट को 26-24, 21-12 से हराया। विश्व की 27वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी को पहले गेम में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच पूरे गेम में कांटे की टक्कर रही और कोई भी निर्णायक बढ़त नहीं बना सका। तन्वी ने अंतिम क्षणों में धैर्य बनाए रखते हुए 20 मिनट में गेम 26-24 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में तन्वी ने शानदार शुरूआत करते हुए 5-0 की बढ़त बना ली। मध्यांतर तक उन्होंने 11-4 की बढ़त हासिल कर ली थी। ब्रेक के बाद भी उन्होंने मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा और 21-12 से गेम जीतकर 36 मिनट में मैच अपने नाम कर लिया।

पेनल्टी शूटआउट में मुगमा को 3-1 से हराया विजेता-उपविजेता टीम को मिली ट्रॉफी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : मैथन स्टेडियम में जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित सुपर सिक्स फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। फाइनल में टाटा फीडर सेंटर ने मुगमा फुटबॉल क्लब को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। मुकाबला गोलरहित बराबरी पर समाप्त होने के बाद पेनल्टी शूटआउट से विजेता का फैसला किया गया। पेनल्टी शूटआउट में टाटा फीडर सेंटर की ओर से पंकज बास्की, सोयम और सुजल ने गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। वहीं, मुगमा फुटबॉल क्लब की ओर से केवल गौरव बाउरी ही गोल कर सके। बेहतर प्रदर्शन के दम पर टाटा फीडर सेंटर ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एमपीएल के पूर्वी क्षेत्र सीएसआर प्रमुख रणधीर कुमार, एसोसिएट सीएसआर एमपीएल सन्नी सिसोदिया और खेल आयोजक उज्ज्वल बनर्जी ने विजेता टाटा फीडर सेंटर तथा उपविजेता मुगमा फुटबॉल क्लब को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार, उदय मिश्रा, विक्रम सिंह, सुभाष लोध, सुनील मिश्रा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 और एशियाई खेलों के लिए यश ठाकुर भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली : विदर्भ के तेज गेंदबाज यश ठाकुर को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज और आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यश ने चोटिल हर्षित राणा की जगह ली है। अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज 13 सितंबर से शुरू होगी। 27 वर्षीय यश ठाकुर का यह दूसरा अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज होगा। उन्होंने जुलाई में जिम्बाब्वे दौरे पर भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण

किया था। जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने दो मैचों में चार विकेट हासिल किए थे। यश को पिछले साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में जगह मिली थी। उन्होंने सात मैचों में 18 विकेट लिए थे। इसके बाद जिम्बाब्वे दौरे पर दो मैचों में चार विकेट लेने के साथ उनका इकॉनमी रेट 9.37 रहा था। तेज गेंदबाज यश ठाकुर बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन के दौरान अच्छी प्रगति कर रहे थे। हालांकि, 7 सितंबर को मैच सिमुलेशन के दौरान गेंदबाजी करते समय उनकी रेक्टस फेमोरिस मांसपेशी में खिंचाव आ गया, जिसके बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

स्पेन के बार्सिलोना में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए एफसी बार्सिलोना और फियेनार्ड गिवारो के खिलाड़ी।

पाक टीम का खराब प्रदर्शन जारी, रिकॉर्ड टूटने से बचा

बर्मिंघम : इंग्लैंड दौरे में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का खराब प्रदर्शन जारी है। यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी पाक टीम की बल्लेबाज ध्वस्त हो गयी।यहां तक कि खराब बल्लेबाजी का एक रिकार्ड टूटते-टूटते बचा। इस मुकाबले में मेजबान टीम इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पाक को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था पर पाक टीम रन बनाने में असफल रही और 33.5 ओवर में केवल 133 रन ही बना पायी। पाकिस्तान की यह पारी इतनी तेजी से सिमटी कि एक 16 साल पुराना सबसे छोटी पारी का शर्मनाक रिकॉर्ड टूटते-टूटते रह गया।

यूएस ओपन : राइबाकिना ने झेंग को हराया, सबालेंका का 99 सप्ताह का नम्बर-1 राज खत्म

एजेंसी

न्यूयॉर्क : कजाखस्तान की एलेना राइबाकिना ने बुधवार को झेंग छिनवेन को तीन सेटों में हराकर पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ राइबाकिना ने विश्व नंबर-1 रैंकिंग भी सुनिश्चित कर ली है। सोमवार को जारी होने वाली नई डब्ल्यूटीए रैंकिंग में वह आर्यना सबालेंका को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल करेंगी। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन राइबाकिना ने आर्थर ऐश स्टेडियम में धीमी शुरूआत से उबरते हुए झेंग को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। 27 वर्षीय राइबाकिना के लिए यह पहली बार है जब वह यूएस ओपन के अंतिम चार में पहुंची हैं। राइबाकिना के शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचने के साथ सबालेंका का नंबर-1 पर 99 सप्ताह का लगातार कब्जा समाप्त हो जाएगा। हालांकि इस उपलब्धि के

बावजूद राइबाकिना ने कहा कि उनका पूरा ध्यान फिलहाल टूर्नामेंट जीतने और सेमीफाइनल के लिए समय पर खुद को तैयार करने पर है। सेमीफाइनल में राइबाकिना का सामना चौथी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ या पांचवीं वरीय मिर्रा आंद्रीवा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में सबालेंका का मुकाबला तीसरी वरीय जेसिका पेगुला से होगा। झेंग के खिलाफ मुकाबले में राइबाकिना को शुरूआत में काफी परेशानी हुई। आर्थर ऐश स्टेडियम में बदलती धूप और छाया के कारण वह अपनी लय हासिल नहीं कर पा रही थीं। झेंग ने इसका फायदा उठाते हुए पहले सेट में एकमात्र ब्रेक हासिल किया और 6-3 से सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में राइबाकिना ने शानदार वापसी की। सर्विस और बेसलाइन से उनकी लय बेहतर हुई और उन्होंने 38 मिनट में सेट 6-1 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन 4-4 के स्कोर पर झेंग की डबल फॉल्ट ने राइबाकिना को 5-4 की बढ़त दिला दी। इसके बाद राइबाकिना ने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

कोको गॉफ ने दो मैच प्वाइंट बचा कर आंद्रिवा को हराया, सेमीफाइनल में राइबाकिना से भिड़ंत

न्यूयॉर्क : अमेरिका की कोको गॉफ ने शानदार वापसी करते हुए पांचवीं वरीय मिर्रा आंद्रिवा को तीन सेटों में 2-6, 7-6 (7), 6-2 से हराकर यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। 2023 की चैंपियन गॉफ ने मुकाबले के दौरान दो मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की। आर्थर ऐश स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले के पहले सेट में गॉफ पूरी तरह संघर्ष करती नजर आईं। आंद्रिवा ने शुरूआत में ही दबदबा बनाते हुए लगातार चार गेम जीते और पूरे सेट में गॉफ को एक भी ब्रेक प्वाइंट का मौका नहीं दिया। पहले सेट में गॉफ ने 14 अनफोर्स्ड एरर किए, जबकि

आंद्रिवा ने केवल पांच गलतियां कीं। इसका फायदा उठाते हुए रूसी खिलाड़ी ने पहला सेट आसानी से 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में गॉफ ने लय हासिल की और मुकाबला पूरी तरह बदल गया। दोनों खिलाड़ियों ने दो-दो बार एक-दूसरे की सर्विस तोड़ी और सेट टाईब्रेक तक पहुंचा। आंद्रिवा जीत के बेहद करीब पहुंच गई थीं, लेकिन गॉफ ने दो मैच प्वाइंट बचाकर मुकाबले का रुख अपने पक्ष में कर लिया। दूसरे सेट के टाईब्रेक में एक 39 शॉट की लंबी रैली निर्णायक साबित हुई, जिसे गॉफ ने शानदार बैकहैंड के साथ अपने नाम किया।

एक झलक

स्पीडेक्स बॉटल बनानेवाली कम्पनी का आईपीओ लॉन्च

नयी दिल्ली : स्पीडेक्स ब्रैंड नेम से स्टेनलेस स्टील की संगल वॉल बोतल, डबल वॉल वैक्यूम इंसूलेटेड बोतल और अन्य स्टेनलेस स्टील उत्पाद बनाने वाली कंपनी महाराजा एंड स्पीडेक्स इंडिया लिमिटेड का 80.13 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 15 सितंबर तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 16 सितंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 18 सितंबर को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद पहले दिन यह आईपीओ 29 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 177 रुपये से लेकर 186 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 1,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,23,200 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 43.08 लाख शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें लगभग 64 करोड़ रुपये के 34,46,400 नए शेयर जारी किये जा रहे हैं, जबकि लगभग 16 करोड़ रुपये के 8,61,600 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.48 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 33.26 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.25 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.01 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इस इश्यू के लिए ध्वायस कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि मां शीतला सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं ध्वायस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है।

सब्सक्रिप्शन के लिए खुला वीगालैंड डेवलपर्स का पब्लिक इश्यू

नयी दिल्ली : केरल की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी वीगालैंड डेवलपर्स लिमिटेड का 210 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 15 सितंबर तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 16 सितंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 18 सितंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। लॉन्चिंग के बाद पहले दिन यह आईपीओ 67 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 130 रुपये से लेकर 140 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 107 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 107 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,980 रुपये का निवेश करना होगा।

आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के सपोर्ट से बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

नयी दिल्ली : दिन भर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के कारण मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। के कारोबार की सपाट स्तर पर मिली-जुली शुरूआत हुई थी। बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में लगातार उतार चढ़ाव होने लगा। इस उतार-चढ़ाव में ज्यादातर समय मंदड़ियों का पलड़ा भारी रहा।

हालांकि आखरी 5 मिनट के कारोबार में हुई जोरदार लिवाली के कारण तेजड़ियों ने मंदड़ियों को पीछे छोड़ दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के कारण शेयर बाजार आज मजबूती के साथ बंद होने में जरुर सफल रहा, लेकिन ब्रॉडर मार्केट में लगातार बिकवाली का दबाव बने रहने की वजह से निवेशकों को आज एक दिन में ही 1.87 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

बीएसई का सेंसेक्स आज 21.69 अंक यानी 0.03 प्रतिशत कि मामूली कमजोरी के साथ 74,742.54 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस

सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। बाजार खुलते ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स थोड़ी देर में ही 146.73 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की तेजी का साथ 74,910.96 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार पर बिकवाल हावी हो गए। लगातार हो रही बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक ऊपरी स्तर से 312.49 अंक लुढ़क कर 165.76 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,598.47 अंक के स्तर तक गिर गया। बाजार में लंबे समय तक इसी स्तर के करीब मामूली उतार चढ़ाव के साथ कारोबार होता रहा। हालांकि दिन के आखिरी वक्त में हुई तेज खरीदारी के कारण यह सूचकांक लाल निशान से रिकवर कर हरे निशान में पहुंचने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 138.36 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 74,902.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 15.10 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,446.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद पहले 10 मिनट में ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर यह सूचकांक 63.45 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,494.95 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि ये तेजी ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी। इसके बाद बाजार में शेयरों की बिक्री शुरू हो गई। बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक ऊपरी स्तर से 114.85 अंक का गोता लगा कर 51.40 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,380.10 अंक के स्तर तक आ गया। हालांकि आखिरी 5 मिनट के कारोबार में हुई जोरदार खरीदारी के कारण निफ्टी 46.30 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,477.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के दौरान मीडिया और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों की ठीक-ठाक खरीदारी होती रही। इसके अलावा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, मेटल, ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों की आज लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, कैपिटल गुड्स और एफएमसीजी इंडेक्स भी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

दिन भर के कारोबार के दौरान बीएसई में 4,527 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,926 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,409 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 192 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 3,240 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,238 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,002 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

भारत में पहली बार BMW i5 लॉन्ग व्हीलबेस लॉन्च

नयी दिल्ली : BMW इंडिया ने भारत में पहली बार BMW i5 लॉन्ग व्हीलबेस (LWB) लॉन्च की है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 79.60 लाख रखी गई है। इटह की यह पहली स्थानीय रूप से निर्मित इलेक्ट्रिक सेडान है, जिसका उत्पादन चेन्नई स्थित इटह ग्रुप प्लांट में किया जाएगा। इसकी बुकिंग BMW डीलरशिप और कंपनी की वेबसाइट पर शुरू हो गई है।

BMW ग्रुप इंडिया के प्रेसिडेंट एवं उएड हरदीप सिंह ब्रार ने कहा कि i5 LWB भारत के लिए विशेष रूप से विकसित लॉन्ग-व्हीलबेस और इलेक्ट्रिक वाहन रणनीति को मजबूत करती है। उनके अनुसार, कार में प्रीमियम आराम, शानदार प्रदर्शन और चालक-चालित लग्जरी का संतुलन दिया गया है।

BMW i5 LWB की लंबाई 5,175 मिमी, चौड़ाई 2,156 मिमी और

व्हीलबेस 3,105 मिमी है। कंपनी के मुताबिक, इसका विशाल केबिन और पीछे की सीटों की जगह इसे अपने सेगमेंट में खास बनाती है। कार में BMW Curved Display, 12.3-इंच डिजिटल इंस्ट्रूमेंट डिस्प्ले, 14.9-इंच कंट्रोल डिस्प्ले, Panoramic Glass Sunroof और Bowers & Wilkins Surround Sound System जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

कंपनी ने i5 LWB का विशेष First Edition भी पेश किया था। इसकी केवल 99 यूनिट्स उपलब्ध थीं, जो लॉन्च से पहले ही बिक गईं। इसमें Rear Seat Entertainment Package, विशेष इंटीरियर ट्रिम और 'FIRST EDITION' लेजर एनग्रेविंग दी गयी है।

BMW i5 eDrive35L में 81.6 kWh बैटरी है, जो MIDC के अनुसार 669 किलोमीटर तक की रेंज देती है। यह 268 hp की शक्ति और 410 Nm टॉर्क के साथ 0-100 किमी/घंटा की रफ्तार 6.7 सेकंड में पकड़ती है। भारतीय सड़कों के लिए इसमें Adaptive Rear-Axle Air Suspension और बढ़ा हुआ ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है।

भारत के स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में लघु जलविद्युत की विशिष्ट भूमिका : श्रीपाद येसो नाइक

नयी दिल्ली : केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने गुरुवार को कहा कि देश के स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में लघु जलविद्युत की विशिष्ट भूमिका है। उन्होंने कहा कि लघु जलविद्युत दूरस्थ क्षेत्रों में ऊर्जा सुरक्षा, विकेंद्रीकृत उत्पादन, रोजगार और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। श्रीपाद येसो नाइक ने नई दिल्ली में भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन और एक्सपो 2006 तथा लघु जलविद्युत सत्र के पूर्वावलोकन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। नाइक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के पारंपरिक से स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में उल्लेखनीय बदलाव आया है, जिससे देश वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी बन गया है।

फॉरेक्स सेवाओं का दायरा बढ़ा, भारत कनेक्ट पर पांच नयी मुद्राएं जुड़ीं

- विदेशी मुद्रा खरीदने, विदेश पैसे भेजने और फॉरेक्स कार्ड रीलोड की सुविधा

जमशेदपुर : भारत कनेक्ट पर अब अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, ब्रिटिश पाउंड, कनाडाई डॉलर, स्विस फ्रैंक और यूएई दिरहम में भी फॉरेक्स सेवाएं मिलेंगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन ने गुरुवार को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2026 में मल्टी-करेंसी सुविधा की शुरूआत की। फिलहाल इसे सॉफ्ट लॉन्च के तौर पर शुरू किया गया है। परीक्षण और आकलन के बाद



सुविधा को भारत कनेक्ट के अन्य चैनलों और साझेदार बैंकों तक विस्तार देने की योजना है। नई सुविधा के तहत ग्राहक विदेशी मुद्रा खरीदने, विदेशों में पैसे भेजने और फॉरेक्स कार्ड में दोबारा राशि लोड कराने जैसी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्हें एफएक्स-रिटेल की लाइव दरों, पारदर्शी मूल्य निर्धारण और आसान डिजिटल बुकिंग की सुविधा मिलेगी। लेन-देन की पूर्ति ग्राहक के चुने हुए रिलेशनशिप बैंक के माध्यम से होगी।

सीसीआईएल के एमडी नंद किशोर ने कहा, आज का लॉन्च रिटेल विदेशी मुद्रा सेवाओं को सभी बाजार प्रतिभागियों के लिए अधिक सुलभ, सुविधाजनक और समावेशी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि भारत कनेक्ट से जुड़ने पर डिजिटल चैनलों के जरिये रिटेल फॉरेक्स सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।

एनबीबीएल की एमडी एवं सीईओ नूपुर चतुवेर्दी ने कहा, भारत कनेक्ट पर मल्टी-करेंसी फॉरेक्स सुविधा की शुरूआत ग्राहकों को अधिक विकल्प प्रदान करती है। सॉफ्ट लॉन्च में मोबिक्विक, भीम, बॉब वर्ल्ड, पीएनबी, फेडरल बैंक, एसबीआई और एक्सिस बैंक के चैनल शामिल हैं।

मोबाइल फोन पर जीएसटी 18% से घटा कर 5% करने की आईसीईए की मांग, डिजिटल पहुंच बढ़ाने पर जोर

रांची : इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने केंद्र सरकार से मोबाइल फोन पर लगने वाले GST को 18% से घटाकर 5% करने की मांग की है। आईसीईए ने सरकार से इस प्रस्ताव को जीऐसटी काउंसिल की अगली बैठक में रखने की अपील की है। आईसीईए का कहना है कि भारत में डिजिटल सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए मोबाइल फोन को सस्ता करना जरूरी है। देश में अनुमानित 25 करोड़ लोग अभी भी फीचर फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि लाखों लोग, खासकर कम आय वाले और ग्रामीण परिवारों के उपभोक्ता, अभी तक स्मार्टफोन का इस्तेमाल शुरू नहीं कर पाये हैं। इन लोगों के लिए स्मार्टफोन की कीमत एक बड़ी चिंता है। फोन की कीमत ज्यादा होने के कारण कई लोग स्मार्टफोन खरीदने या पुराने फीचर फोन को अपग्रेड करने का फैसला टाल देते हैं। ऐसे में जीऐसटी कम होने से मोबाइल फोन की कीमत कम हो सकती है और ज्यादा लोगों तक स्मार्टफोन और डिजिटल सुविधाओं की पहुंच बढ़ सकती है। स्मार्टफोन अब सिर्फ एक इलेक्ट्रॉनिक सामान नहीं रह गया है। यह डिजिटल पेमेंट, सरकारी सेवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार, बैंकिंग और संचार का सबसे जरूरी माध्यम बन गया है। इसलिए स्मार्टफोन को सस्ता और लोगों की पहुंच में लाना भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने से सीधे जुड़ा हुआ है। मोबाइल फोन का निर्माण 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' की बड़ी सफल कहानियों में से एक बन चुका है। भारत में मोबाइल फोन का उत्पादन वित्त वर्ष 2014-15 में 18,900 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 6.27 लाख करोड़ हो गया है। वहीं, मोबाइल फोन का निर्यात 1,566 करोड़ से बढ़कर 2.60 लाख करोड़ पहुंच गया है। आज भारत मात्रा के हिसाब से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। वित्त वर्ष 2025-26 में मोबाइल फोन भारत का सबसे बड़ा निर्यात उत्पाद भी बन गया।

पहली बार कव्वाली परफॉर्म करना मेरे लिए नया : अनिल कपूर

मुंबई : वीकेंड पर टीजर के जरिए दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने के बाद, स्टार प्लस ने अब इंडिया के टॉप 1%- द अनिल कपूर शो का जोशीला कव्वाली म्यूजिक वीडियो रिलीज कर दिया है। बनिजय एशिया द्वारा प्रोड्यूस किए गए इस शो के एंथम में अनिल कपूर का एक अलग और एनर्जेटिक अंदाज देखने को मिल रहा है। अनिल कपूर ने कहा, इंडिया के टॉप 1% इस बात का जश्न है कि हर इंसान का सोचने का तरीका कितना अलग होता है, और यह कव्वाली शो की उसी जीवंतता, ऊर्जा और मनोरंजन को सामने लाती है। जोश और मस्ती से भरपूर यह एंथम शो के दिलचस्प विचार 'बात खटकी तो जीत पक्की' को एक नया म्यूजिकल रंग देता है और इंडिया के टॉप 1% को लेकर बढ़ती उत्सुकता को और आगे ले जाता है।

जियोफाइनेंस ऐप बतायेगा आपके पैसों का 'फाइनेंशियल हेल्थ स्कोर', ट्रांजैक्शन पर मिलेंगे ज्यादा फायदे

- जियोफाइनेंस+ में लोन, क्रेडिट कार्ड और गोल्ड खरीद पर अतिरिक्त फायदे
- जियोफाइनेंस 360 देगा खर्च, कर्ज, निवेश, बीमा और टैक्स का रिपोर्ट कार्ड

मुम्बई : जियोफाइनेंस ऐप इस्तेमाल करने वाले ग्राहक अब एक ही जगह यह जान सकेंगे कि उनकी पैसों की सेहत कैसी है, साथ ही चुनिंदा वित्तीय सेवाओं पर अतिरिक्त फायदे भी मिलेंगे। कम्पनी ने ऐप पर जियोफाइनेंस+ और जियोफाइनेंस360 नाम के दो नये फीचर शुरू किये हैं।

जियोफाइनेंस+ एक मेंबरशिप प्रोग्राम है, जिसे शुरूआती ऑफर के तहत पहले 365 दिनों के लिए मुफ्त रखा गया है। इसके तहत पात्र पर्सनल लोन पर 5,000 तक और क्रेडिट कार्ड पर 1,000 तक का कैश वैल्यूबैक मिल सकता है। 2,500 या इससे ज्यादा की एकमुश्त जियोगोल्ड खरीद पर 1% अतिरिक्त गोल्ड और पात्र ट्रांजैक्शन पर 25% ज्यादा जियोपॉइंट्स भी मिलेंगे। दूसरा फीचर जियोफाइनेंस360 ग्राहक की बैंकिंग, निवेश, लोन, बीमा और दूसरी वित्तीय जानकारी को जोड़ कर 0 से 100 के बीच फाइनेंशियल हेल्थ स्कोर देगा। आसान शब्दों में, यह बतायेगा कि खर्च और बचत का संतुलन कैसा है, कर्ज कितना है, निवेश सही दिशा में है या नहीं, बीमा पर्याप्त है या नहीं और टैक्स बचाने की कोई गुंजाइश बची है। यह रिपोर्ट मुफ्त मिलेगी और जरूरत के मुताबिक सुधार के सुझाव भी देगी।

जियो फाइनेंस प्लेटफॉर्म एंड सर्विस लिमिटेड की उएड सुरभे एस. शर्मा ने कहा कि नए फीचर्स का मकसद ग्राहकों को उनकी वित्तीय स्थिति की साफ तस्वीर देना और हर पात्र ट्रांजैक्शन पर ज्यादा फायदा पहुंचाना है।

पेज एक के शेष

अमेंडेड भारतनेट प्रोग्राम क्रियान्वयन की दिशा में झारखंड ने बढ़ाया महत्वपूर्ण कदम...

भारतनेट कार्यक्रम को भारत सरकार एवं झारखंड सरकार की साझी पहल के रूप में लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण एवं डिजिटल रूप से अपेक्षाकृत कम जुड़े क्षेत्रों में विश्वसनीय एवं हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी का विस्तार करना है। कार्यक्रम के तहत 260 प्रखंडों, 4,395 ग्राम पंचायतों एवं 26,777 गैर-जीपी गांवों को कवर किया जायेगा। यह पहल राज्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ ग्रामीण परिवारों, सरकारी संस्थानों एवं अन्य उपयोगकर्ताओं तक ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार के लिए आवश्यक आधार तैयार करेगी।

ग्रामीण परिवारों एवं सरकारी संस्थानों तक कनेक्टिविटी कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण परिवारों तक फाइबर आधारित ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार को बढ़ावा दिया जायेगा, जिसमें सरकारी संस्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जायेगी। बेहतर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से झारखंड के ग्रामीण एवं कम सेवा प्राप्त क्षेत्रों के नागरिकों की ई-गवर्नेंस, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, डिजिटल सेवाओं तथा अन्य ऑनलाइन सुविधाओं तक पहुंच को और सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी।

सुदृढ़ डिजिटल नेटवर्क बुनियादी ढांचा नागरिक-केन्द्रित सेवाओं की प्रभावी आपूर्ति में भी सहायक होगा तथा सरकारी संस्थानों एवं ग्रामीण समुदायों द्वारा डिजिटल प्लेटफॉर्म के अधिक प्रभावी उपयोग को सक्षम बनायेगा।

डिजिटल कनेक्टिविटी के लिए केन्द्र-राज्य सहयोग संशोधित भारतनेट कार्यक्रम डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण एवं कम सेवा प्राप्त क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के बीच महत्त्वपूर्ण केन्द्र-राज्य सहयोग का उदाहरण है।

यह पहल डिजिटल सेवाओं तक नागरिकों की पहुंच बढ़ाने तथा डिजिटल सार्वजनिक सेवाओं की प्रभावी एवं व्यापक उपलब्धता के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य के अनुरूप है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा राज्य के ग्रामीण समुदायों तक बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी का लाभ पहुंचाने के लिए भारत सरकार एवं सम्बन्धित कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ निकट समन्वय में कार्य कर रही है।

अंतरिक्ष में सहयोग को प्राथमिकता दें, अल्पकालिक लाभ को नहीं : मोदी...

अवलोकन और उन्नत प्रौद्योगिकियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने फ्रांस और दुनिया के अन्य देशों से भारत की अगली अंतरिक्ष यात्रा में साझेदार बनने का आह्वान करते हुए कहा कि मानवता और आनेवाली पीढ़ियों के लिए अंतरिक्ष का मिलकर अन्वेषण, नवाचार और संरक्षण किया जाना चाहिए।

रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने पर सहमति...

मोदी ने कहा कि जर्मनी के साथ भारत की साझेदारी का दायरा लगातार बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच सहयोग को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाने और दोनों देशों के लोगों के हित में नये अवसर तलाशने पर भी बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने जर्मनी को यूरोप के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्त्वपूर्ण स्तम्भ बताते हुए कहा कि वह वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में भारत का एक महत्त्वपूर्ण एवं मूल्यवान साझेदार है।

उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी मिल कर अपनी दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए काम करते रहेंगे। दोनों देशों के बीच बढ़ता सहयोग आपसी समृद्धि के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता को मजबूत करने में भी योगदान देगा।

उल्लेखनीय है कि भारत और जर्मनी ने वर्ष 1951 में राजनयिक सम्बन्ध स्थापित किए थे। वर्ष 2026 में दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

आपदा प्रबंधन में अब जनहानि रोकना प्राथमिकता आपदा रोधी गांव और शहर बनायें : अमित शाह...

एनआईडीएम और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की भूमिका और महत्त्वपूर्ण होगी।

शाह ने एनआईडीएम को अनुसंधान, नवाचार, नीति सहयोग, प्रशिक्षण और विभागीय समन्वय का राष्ट्रीय केन्द्र बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनआईडीएम और एनडीएमए दुनिया में हो रहे शोध का अध्ययन कर उसके निष्कर्षों को भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप लागू करें। प्रत्येक आपदा के बाद दोनों संस्थानों की संयुक्त टीम गठित कर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) को भी इसमें शामिल किया जाये। टीम क्षति के कारणों का अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करे।

शाह ने बताया कि मोदी सरकार में राज्य आपदा मोचन निधि में लगभग चार गुना और राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। पिछले 11 वर्षों में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं।

गृह मंत्री ने आपदा प्रबंधन से जुड़े मोबाइल अनुप्रयोगों को प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा तक पहुंचाने तथा प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देशों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञान को क्षमता, क्षमता को तैयारी और तैयारी को परिणाम में बदलकर जनहानि रोकने का लक्ष्य हासिल करना होगा।

दो माह में जेपीएससी अध्यक्ष और मेंबर नियुक्त करे सरकार : उच्च न्यायालय...

जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने न्यायालय को बताया गया कि अस्सिटेंट कंजरवेटर आफ फॉरेस्ट एवं रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर की परीक्षा प्रक्रिया रद्द कर दी गयी है।

चेतावनी लेबल पर राष्ट्रीय हित में विचार करने को कहा...

सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) से सवाल किया कि पैकेज्ड फूड प्रोडक्ट्स में मौजूद चीजों की जानकारी हमेशा पैकेट के पीछे होती है, लेकिन क्या अथॉरिटी ने ऐसी कोई गाइडलाइन बनायी है कि अगर कोई चीज निर्धारित सीमा से ज्यादा हो, तब उस ज्यादा चीनी, नमक या फैट वाला माना जाये? एफएसएसएआई की ओर से पेश सीनियर वकील मनिंदर सिंह ने जवाब दिया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैकेट के पीछे 100 ग्राम की मात्रा और प्रति सर्विंग मात्रा के आधार पर जानकारी देना जरूरी होता है।

एफएसएसएआई ने इसके पहले सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उसने उन खाद्य उत्पादों के लिए लाल रंग का एक साफ दिखने वाला फ्रंट-ऑफ-पैक चेतावनी लेबल लगाने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें सैचुरेटेड फैट, चीनी और नमक की मात्रा ज्यादा होती है। दाखिल हलफनामे में एफएसएसएआई ने कहा कि इस प्रस्ताव का मकसद उपभोक्ताओं को उन खाद्य उत्पादों के बारे में सरल, साफ और आसानी से समझ में आने वाली चेतावनी देना है, जिसमें चिन्ताजनक पोषक तत्त्व ज्यादा मात्रा में होते हैं। आईसीएमआर-एनआईएन के दिशा-निर्देशों पर आधारित, यह लाल षट्कोणीय (छह कोनों वाला) लेबल उन उत्पादों पर लगेगा, जिसमें अतिरिक्त सैचुरेटेड फैट, अतिरिक्त चीनी और नमक में से कोई दो या अधिक मात्रा में हों। लेबल पर ज्यादा फैट, ज्यादा चीनी, ज्यादा नमक और/या बहुत ज्यादा मीठा पेय जैसी जानकारी लिखी होगी।

वहीं, सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने सुझाव दिया कि केन्द्र सरकार कुरकुरे जैसे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड स्नैक को पौष्टिक भोजन के बराबर मान रही है, जिस पर ज्यादा सख्त चेतावनी होनी चाहिए। उन्होंने लाल-हरे के बजाय किसी और रंग का सुझाव दिया, इस बात को सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने रिकॉर्ड पर लिया।

यह हलफनामा सुप्रीम कोर्ट के 13 अगस्त के आदेश के अनुपालन में दाखिल हुआ था। 13 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने फ्रंट-ऑफ-पैकेज-लेबलिंग (एफओपीएल) के विजुअल रूप पर फैसला करने के निर्देश देकर एफएसएसएआई की देरी पर कड़ी आलोचना की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया था कि क्या भारत को अविकसित ही रहना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय मानकों से मेल खाने पर जोर दिया। एफओपीएल, उपभोक्ताओं, खासकर जंक फूड के आदी बच्चों को स्वस्थ विकल्प चुनने में मदद के लिए जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र से विशेषज्ञों से सलाह लेकर एफओपीएल के विजुअल रूप पर फैसला करने को कहा था। पीठ ने चेतावनी दी थी, अगर केन्द्र सरकार खुद ऐसा करती है, तब अच्छी बात है। वरना, हम आगे के निर्देश जारी करनेवाले हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार को फाइनल फैसला रिकॉर्ड पर रखने के लिए दो हफ़्ते दिये थे।

वीर अब्दुल हमीद ने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में दिखायी अदम्य साहस व असाधारण वीरता : संजय सेठ...

संजय सेठ ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद ने वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस और असाधारण वीरता का परिचय दिया। दुश्मन के शक्तिशाली पैटन टैंकों का बहादुरी से मुकाबला करते हुए उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके अद्वितीय शौर्य और वीरता के लिए उन्हें देश के सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि वीर अब्दुल हमीद का जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस, कर्तव्यनिष्ठा और मातृभूमि के प्रति सर्वोच्च समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल है। उनका बलिदान आज भी देश के युवाओं और आनेवालीं पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि अब्दुल हमीद धाम में स्थापित स्मारक, संग्रहालय और सैन्य प्रदर्शनी के माध्यम से वीर अब्दुल हमीद सहित देश के वीर सैनिकों की गौरवगाथा को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्मारक युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ भारतीय सेना के वीर जवानों के त्याग और बलिदान से उन्हें परिचित करा

एक झलक

लाल सागर के मोचा सिटी पर हूतियों का कब्जा!

सना : यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के अहम बंदरगाह शहर मोचा पर कब्जा कर लिया है। यमन सरकार के तीन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। मोचा बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट से 50 मील से भी कम दूरी पर है। गुरुवार सुबह यमनी सरकारी बलों के शहर से पीछे हटने और हूती लड़ाकों के आगे बढ़? की खबरें सामने आईं। सोशल मीडिया पर भी शहर के अंदर हूती लड़ाकों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए। मोचा पर कब्जा हूतियों के लिए बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। इससे लाल सागर और बाब-अल-मंदेब के आसपास उनकी पकड़ और मजबूत हो सकती है। हालांकि, हूतियों के खिलाफ लड़ रहे नेशनल रेजिस्टेंस फ्रंट ने कहा कि उसके एक कमांडर ने गुरुवार सुबह सैन्य टुकड़ी के साथ मोचा में प्रवेश किया है।

भारत-रूस व्यापार के लिए खुलेगा नया समुद्री रास्ता!

नयी दिल्ली/मास्को : एनजीओ भारत और रूस के बीच व्यापारिक संपर्क को बढ़ाने के लिए अब आर्कटिक के नदर्न सी रूट को विकसित करने पर काम तेज हो सकता है। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने बताया है कि दोनों देश 2026 के अंत तक नदर्न सी रूट पर विकास सहयोग को लेकर एक समझौता ज्ञापन कर सकते हैं। मंटुरोव के मुताबिक, समझौते के बाद 2027 में भारत और रूस के बीच नदर्न सी रूट पर एक संयुक्त पायलट यात्रा की योजना है। यह यात्रा ऐसे समय होगी जब दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 80वीं वर्षगांठ मना रहे होंगे। रूस की दीर्घकालिक योजना इस समुद्री मार्ग के जरिए भारत और रूस के बीच सालाना 50 लाख टन तक माल ढुलाई की क्षमता विकसित करने की है। हालांकि, यह तत्काल शुरू होने वाली 50 लाख टन की ढुलाई नहीं है, बल्कि रूस द्वारा बताई गई लॉग टर्म कार्गो टारगेट है।

बर्थराइट सिटिजनशिप पर अमेरिका में छिड़ी बहस

वाशिंगटन : अमेरिका में अस्थायी वीजा पर रह रहे लोगों या अवैध प्रवासियों से जन्मे बच्चों की नागरिकता का अधिकार फिर राष्ट्रीय बहस का केंद्र बन गया है। रिपब्लिकन सांसद इन अधिकारों पर कुछ सीमाएं लगाने की मांग कर रहे हैं, जबकि डेमोक्रेट्स अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन के तहत मिलने वाले जन्मजात नागरिकता के अधिकार का बचाव कर रहे हैं। हाल ही में प्रतिनिधि सभा की न्यायपालिका उपसमिति की सुनवाई के दौरान यह मुद्दा गरमा गया, जहां रिपब्लिकन नेताओं ने कांग्रेस से इस पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। उपसमिति के रिपब्लिकन अध्यक्ष चिप रॉय ने कांग्रेस से उसके अधिकार क्षेत्र के अधीन वाक्यांश की स्पष्ट परिभाषा तय करने की मांग की। उनका तर्क था कि संशोधन का उद्देश्य अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों या अस्थायी तौर पर देश में आए लोगों के बच्चों को स्वतः अमेरिकी नागरिकता देना नहीं था। रॉय ने 1898 के वोंग किम आर्क मामले को गलत तरीके से उद्धृत करने का आरोप लगाया, यह कहते हुए कि वह मामला कानूनी और स्थायी रूप से अमेरिका में रह रहे प्रवासियों के बच्चों से संबंधित था।

भारत का श्रीलंकाई वायुसेना के लिए एल-70 तोपों के उन्नयन पर समझौता

एजेंसी

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा...भारत-श्रीलंका की दोस्ती नयी ऊंचाइयों को छूएगी

- राष्ट्रीय रक्षा कॉलेजों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के बीच शैक्षणिक सहयोग पर चर्चा
- प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या से विकास, शिक्षा और सांस्कृतिक सम्बन्धों पर वार्ता
- श्रीलंकाई वायुसेना और नौसेना को रडार व अन्य रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स सौंपे गये
- 'महासागर' विजन के तहत समुद्री सुरक्षा और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर जोर

नयी दिल्ली : श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दौरे के आखिरी दिन श्रीलंकाई नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय साझेदारी के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करते हुए व्यापक चर्चा की। श्रीलंकाई वायु सेना के लिए एल-70 तोपों के उन्नयन पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय रक्षा कॉलेजों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के बीच शैक्षणिक सहयोग पर भी चर्चा हुई। इस दौरे में श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात में करीबी सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

रक्षा मंत्री एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ 08 सितंबर को श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर गए थे। राजनाथ सिंह आज श्रीलंका के नुवारा एलिया जिले में मौजूद सीता अम्मन मंदिर भी गए, जहां पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद मांगा। कोलंबो में पवित्र गंगारामया मंदिर जाने और भगवान बुद्ध का आशीर्वाद लेने का मौका मिला। इस दौरे में श्रीलंकाई वायुसेना के लिए एल-70 तोपों के उन्नयन पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय रक्षा कॉलेजों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के बीच शैक्षणिक सहयोग पर भी चर्चा हुई।

रक्षा मंत्री ने यात्रा के दूसरे दिन दित्वाह पुनर्वास के बाद 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत से भारतीय सेना इंजीनियरों की टीम के बनाए कुरूनेगला और बट्टीकलोआ में तीन बेली पुलों का वर्चुअल उद्घाटन किया। श्रीलंकाई वायुसेना और श्रीलंकाई नौसेना को भी पुर्जों की आपूर्ति की गई।

उन्होंने कहा कि श्रीलंका की मेरी यात्रा ने द्विपक्षीय सहयोग के सभी क्षेत्रों को शामिल करते हुए भारत-श्रीलंका के बीच गतिशील और बहुआयामी संबंधों को और अधिक गति दी है।' यात्रा के दौरान आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या और श्रीलंका सरकार को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत-श्रीलंका की दोस्ती नई ऊंचाइयों को छुएगी। श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय के सीनियर मिलिट्री लीडरशिप से बातचीत करने का मौका मिला। उनमें से कई ने भारत में ट्रेनिंग ली है और भारत के साथ उनका गहरा रिश्ता है।'

राजनाथ सिंह ने 'आपसी' और 'होलिस्टिक' ग्रोथ के लिए 'महासागर' के विजन पर जोर दिया और समुद्री सहयोग पर भारत-श्रीलंका के बीच लंबे समय से चली आ रही रक्षा और स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और मजबूत करने की इच्छा दोहराई।

कोलंबो में श्रीलंका के क्रिकेट खिलाड़ियों अरविंद डी सिल्वा, सनथ जयसूर्या और चमिंडा वास से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनके शानदार प्रदर्शन के लिए भारत में लाखों लोग उनकी तारीफ करते हैं। कोलंबो में श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात के दौरान विकास में सहयोग, शिक्षा और भारत और श्रीलंका के बीच करीबी सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साझा विरासत वाली सिस्टर डेमोक्रेसी के तौर पर भारत और श्रीलंका को अपने क्षेत्र की शांति और खुशहाली के लिए एक साझा डेवलपमेंट विजन पर काम करते रहना चाहिए।

मानवता की सेवा में निरन्तर जुटे दीपक कुमार को मिला 'बेस्ट सोशल वर्कर अवार्ड 2026' सम्मान

श्रीओम शर्मा

नयी दिल्ली : जरूरतमंदों, असहाय एवं वंचित लोगों की मदद को अपने जीवन का उद्देश्य बना कर लगातार सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे दीपक कुमार को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के लिए नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर की ओर से आयोजित Global Humanitarian Conclave 2026 में 'Best Social Worker Award 2026' से सम्मानित किया गया।

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के पूठ खुर्द गांव के मूल निवासी दीपक कुमार लंबे समय से समाज के उन लोगों के लिए काम कर रहे हैं, जिन्हें रोजमर्रा की जिन्दगी में छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने समाजसेवा को केवल आर्थिक सहायता देने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि जरूरतमंद लोगों को सम्मान, आत्मनिर्भरता और बेहतर जीवन का अवसर देने की दिशा में लगातार प्रयास किये हैं।

दीपक कुमार "Real Help by Deepak" के माध्यम से सोशल मीडिया पर जरूरतमंद लोगों की वास्तविक परिस्थितियों को सामने लाते हैं और समाज के सक्षम लोगों को उनसे जोड़ कर सहायता पहुंचाने का प्रयास करते हैं। उनके प्रयासों से जरूरतमंद परिवारों को राशन, भोजन, कपड़े, चप्पल, शिक्षा सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ कई लोगों को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने में मदद मिली है।

वहीं, GMD Care Foundation के संस्थापक के रूप में दीपक कुमार सामाजिक सेवा को एक व्यवस्थित रूप देने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं। संस्था के माध्यम से अस्पतालों के बाहर जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन सेवा, बच्चों के लिए शिक्षा एवं स्कूल सामग्री, जरूरतमंद परिवारों के लिए मासिक राशन सहायता तथा दिव्यांग एवं असहाय लोगों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने जैसे कार्य किये जा रहे हैं।

दीपक कुमार के कार्यों की एक खास बात यह है कि वे जरूरतमंद व्यक्ति को केवल उस समय की परेशानी से निकालने के बजाय उसे अपने पैरों पर खड़ा करने का प्रयास करते हैं। कई मामलों में उन्होंने लोगों के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराने, छोटी दुकानें शुरू करवाने तथा दिव्यांग लोगों को उनकी जरूरत के अनुसार सहायक साधन उपलब्ध कराने की पहल की है।

अभिषेक के सहायक सुमित राय गिरफ्तार

कोलकाता : उच्चतम न्यायालय से रक्षाकवच हटने के कुछ ही देर बाद पश्चिम बंगाल सीआईडी और एसटीएफ ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के सहायक सुमित राय को गिरफ्तार कर लिया। शालबनी जमीन भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी के बाद सुमित राय को पूछताछ के लिए भवानी भवन ले जाया गया। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा में सुमित राय की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने यह भी कहा कि सुमित राय भाई को का मेन कलेक्टर (वसूली करने वाला) था। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा सुमित राय को मिली कानूनी सुरक्षा समाप्त किए जाने के बाद जांच एजेंसियां तत्काल सक्रिय हो गईं।

दुर्गापूजा के स्टॉल पर अब 'शारदोत्सव' लिखने पर रोक

शुभेन्दु ने कहा

'दुर्गापूजा' ही लिखना होगा

एजेंसी

कोलकाता : पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दुर्गापूजा के दौरान लगाए जाने वाले स्टॉल और आयोजनों के नाम को लेकर कड़ा संदेश दिया है। गुरुवार को विधानसभा में उन्होंने कहा कि दुर्गापूजा के अवसर पर लगाए जाने वाले स्टॉल पर 'शारदोत्सव' के बजाय 'दुर्गापूजा' लिखा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुर्गापूजा की जगह 'शारदोत्सव' लिखे जाने वाले स्टॉल को अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गापूजा को 'सार्वजनिक उत्सव' के रूप में मनाया जाता है और इसके आयोजन में धार्मिक पहचान के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान सभी समुदायों के लोगों को अपने धार्मिक विश्वास और परंपराओं का पालन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

'नयी नवेली' में यामी गौतम बनीं 'डायन भाभी'

मुम्बई : यामी गौतम अपनी आगामी फिल्म 'नई नवेली' में बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आने वाली हैं। फिल्म का आधिकारिक टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें यामी के किरदार की रहस्यमयी दुनिया की झलक देखने को मिलती है। 'कलर येलो' और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। फिल्म की कहानी एक नई-नवेली दुल्हन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे उसका देवर डायन समझने लगता है। टीजर की शुरूआत मेरठ के एक सामान्य परिवार से होती है, जहां नई बहू बनकर यामी गौतम की एंट्री होती है। सब कुछ सामान्य नजर आता है, लेकिन कहानी उस वक्त दिलचस्प मोड़ लेती है, जब घर का छोटा बेटा अपनी भाभी पर डायन होने का आरोप लगा देता है। इसके बाद यामी का ऐसा रूप सामने आता है, जिसे उन्होंने इससे पहले किसी फिल्म में नहीं निभाया है। उनके किरदार से जुड़ी रहस्यमयी शक्तियां और छिपे राज कहानी में रोमांच बढ़ाते हैं। 'नई नवेली' में यामी गौतम के साथ सुनीता राजवार और मीता वशिष्ठ समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। टीजर ने फिल्म की कहानी और यामी के किरदार को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है।

भगोड़ा हरनेक सिंह अमेरिका से प्रत्यर्पित, दिल्ली हवाई अड्डे पर सीबीआई ने किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली : केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सिंगापुर स्कैम मामले में वर्ष 2013 से फरार चल रहे वांछित आरोपी हरनेक सिंह को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित करवाने के बाद उसे यहां के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस और लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था। सीबीआई उसे जल्द ही हरियाणा के पंचकूला स्थित विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश करेगी। सीबीआई ने बताया कि इस मामले में वर्ष 2016 में साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी, जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल और सूचना प्रौद्योगिकी कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ था कि वर्ष 2013 में भारत से काम कर रहे जालसाज स्पूफ्ड कॉल के जरिए सिंगापुर में रहने और काम करने वाले भारतीय नागरिकों से संपर्क साधते थे। कॉल करने वाले खुद को सिंगापुर के आव्रजन अधिकारी बताकर पीड़ितों को डराते थे कि उन्होंने हवाई अड्डे पर उतरते समय फॉर्म में गलत जानकारी भरी है, जिसके चलते उन पर आपराधिक मुकदमा दर्ज कर उन्हें डिपोर्ट किया जा सकता है।

सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, राष्ट्रसेवा का जज्बा बना रहता है : नितिन नवीन

एजेंसी

हल्द्वानी : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को हल्द्वानी में आयोजित गौरव सेनानी मिलन समारोह में कहा कि सैनिक देश की सुख-शांति और स्वतंत्रता के आधार हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक सेवा से सेवानिवृत्त हो सकता है, लेकिन उसका राष्ट्रप्रेम और देशसेवा का जज्बा कभी सेवानिवृत्त नहीं होता।

नवीन ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ वीरभूमि भी है, जिसने देश को अनेक वीर सैनिक दिए हैं। उन्होंने कुमाऊं रेजीमेंट के ध्येय वाक्य 'पराक्रमो विजयते' का उल्लेख करते हुए 1962 के रेजांग ला युद्ध में मेजर शैतान सिंह और जवानों के शौर्य को नमन किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने देश को जनरल बिपिन रावत जैसा सैन्य नेतृत्व भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सैनिकों के सम्मान और सुविधाओं को प्राथमिकता मिली है। सरकार ने 46 वर्षों से लंबित 'वन रैंक वन पेंशन' को लागू किया। सीमांत गांवों को 'अंतिम गांव' के बजाय 'प्रथम गांव' के रूप में विकसित करने की सोच के साथ सीमा क्षेत्रों में सड़क और अन्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है।

ग्रामीण विकास कार्यक्रम में शामिल होंगे शिवराज

रायपुर : छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के ग्राम जेठा में 11 सितंबर को होने वाले ग्रामीण विकास कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और पंचायत प्रतिनिधि शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने बताया है कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 2 लाख परिवारों को पक्के घर की सौगात देते हुए गृह प्रवेश कराया जाएगा।

सोशल मीडिया पर ब्रांड्स ने जम कर की पार्टी

एजेंसी

- 'भाई, पार्टी?' - स्विगी ने पूछा, जियो ने कहा 'अब तो सीन ऑन है'
- 'बेश भालो इनिंग्स' - केकेआर ने दी बधाई, जियो बोला 'इवेनल बेटर इनिंग्स अहेड'
- 'लौकी नहीं लाये हैं...बट 10 साल की विशेष जरूर लाये हैं' - प्राइम वीडियो

मुम्बई : जियो के 10 साल पूरे हुए, तो सोशल मीडिया पर बर्थडे विशेज देने के लिए दिग्गज ब्रांड्स की लाइन लग गयी। लेकिन, यहां मामला सिर्फ 'हैप्पी बर्थडे' लिख कर आगे बढ़ जाने का नहीं था। कोई लौकी लेकर पहुंचा, किसी ने केक भेजा, किसी ने 10 साल पुराने रिश्ते की याद दिलायी, तो क्रिकेट टीमों ने पूरे दशक को एक लम्बी इनिंग्स बना दिया। टेक्नोलॉजी से लेकर OTT, फूड डिलीवरी, पेमेंट और क्रिकेट तक कई बड़े ब्रांड्स ने जियो को अपने ही अंदाज में बधाई दी।

सबसे मजेदार एंट्री प्राइम वीडियो की रही। उसने 'पंचायत' के प्रधान जी वाला अंदाज पकड़ा और लिखा, 'लौकी नहीं लाये हैं... but 10 साल की wishes जरूर लाये हैं।' जियो भी पीछे नहीं रहा, जवाब आया, "Wishes accepted. Lauki optional." नेटफ्लिक्स ने अपने अंदाज में 10 साल पुरानी जान-पहचान याद दिलायी। उसने लिखा, "Skip intro, we've known each other for 10 years." जियो ने भी उसी अंदाज में 10 साल को '10 seasons' में बदलते हुए लिखा, "Tudum! 10 seasons of being connected." वनप्लस ने खुद को जियो का 'Plus One' बताया। जियो के बर्थडे पर खाने-पीने की जिम्मेदारी जोमैटो ने सम्भाली, लिखा, "sending cake", और जियो का जवाब था, "Now that was quick." स्विगी ने तो सीधा ही पूछ लिया, "10 years already? bhai, party?" जवाब में जियो ने कहा, "Bhai, ab toh scene on hai." यानी बर्थडे जियो का था, लेकिन बातचीत पूरी सोशल मीडिया वाली रही।

क्रिकेट आया, तो भाषा भी बदल गयी। कोलकाता नाइट राइडर्स ने इसे "Besh bhalo innings" कहा, दिल्ली कैपिटल्स ने लिखा, "Dilli se hai, toh dil se hai." पंजाब किंग्स के लिए यह 'King-sized innings' थी, राजस्थान रॉयल्स ने 'Halla Bol' किया और RCB ने 10 साल को 'playing bold, breaking barriers and setting benchmarks' से जोड़ा। बर्थडे यहां देखते-देखते क्रिकेट की कमेंट्री में बदल गया।

दिलचस्प बात यह भी रही कि जश्न सिर्फ consumer brands तक नहीं रुका। सैमसंग नेटवर्क्स, सिस्को, एरिक्सन, क्वालकॉम और HFCL जैसे टेक्नोलॉजी और नेटवर्क से जुड़े नाम भी बातचीत में शामिल हुए। वहीं, शाओमी, ओप्पो, वीवो और मोटोरोला जैसे स्मार्टफोन ब्रांड्स से लेकर पेटीएम, फोनपे और मोबिक्विक जैसे पेमेंट प्लेटफॉर्म और यात्रा से जुड़े ब्रांड्स तक ने अपने-अपने कारोबार की भाषा में 10 साल की कहानी जोड़ी। इससे सोशल मीडिया की यह महफिल जियो से जुड़े एक बड़े डिजिटल कारोबारी दायरे की झलक भी बन गयी। इन पोस्ट्स की खास बात शायद यही थी कि ब्रांड्स ने बधाई देते वक्त अपनी पहचान नहीं छोड़ी। प्राइम वीडियो ने अपना किरदार पकड़ा, नेटफ्लिक्स ने अपनी भाषा, फूड ऐप्स ने पार्टी और केक, ट्रैवल कम्पनियों ने सफर और क्रिकेट टीमों ने इनिंग्स। सोशल मीडिया पर कम्पनियां अब सिर्फ कॉरपोरेट संदेश नहीं देतीं, वे अपने ब्रांड की personality के साथ बातचीत करती हैं।